


हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



**इस्लामाबाद सहित पाकिस्तान के सभी शहरों में भारत का जबरदस्त पलटवार**

# तबाही की ओर पाकिस्तान

**भारतीय सेना ने लाहौर में वायु रक्षा प्रणाली को किया नष्ट**

## जमीनी लड़ाई शुरू पाक सेनाध्यक्ष आसिफ मुनीर को हटाने के बाद लिया गया हिरासत में

- जम्मू व पंजाब में सुनी गई धमाकों की आवाज, रात भर रहा ब्लैक आउट, हर तरफ गूंजे सायरन
- पाक प्रधानमंत्री के घर के पास गिरा ड्रोन
- सांबा और उरी में दोनों ओर से भारी गोलाबारी और मैदानी जंग
- जैसलमेर में पकड़ा गया पाक पायलट
- चीन ने पाकिस्तान की मदद से पल्ला झाड़ लिया
- अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने नागरिकों को पाक छोड़ने को कहा
- इंडिया गेट खाली कराया गया
- भारत के 15 सैन्य ठिकानों पर पाक हमले की कोशिश नाकाम
- क्वेटा में इंडियन नेवी का अटैक
- अमेरिका की पाक को फटकार- आतंकवाद के लिए ठहराया जिम्मेदार
- पुरी व पुंछ में देर रात फिर पाक ने किया ड्रोन
- भारत ने पाकिस्तान का एफ-16 व जेएफ -17 सहित 3 जेट मार गिराया
- अखनूर, जैसलमेर और उधमपुर में ड्रोन अटैक नाकाम
- दूसरे मोर्चा पर ब्लूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट ने पाक आर्मी पर किया बड़ा अटैक

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। गुरुवार रात जम्मू, जैसलमेर, पठानकोट समेत कई शहरों में पाकिस्तान ने मिसाइलों से हमला कर दिया। हालांकि, भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने मिसाइलों को हवा में ही मार गिराते हुए हमले को विफल कर दिया। साथ ही, भारत ने पाकिस्तान तीन फाइटर जेट्स को भी मार गिराया है। इसमें एफ-16 व जेएफ-17 लड़ाकू विमान शामिल बताए जा रहे हैं।

भारत ने एक बार फिर पाक को दिया करारा जवाब

राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

# भारत ने मार गिराए पाक के लड़ाकू विमान

**एस-400 मिसाइल सिस्टम ने ध्वस्त की पाक से दागी गई मिसाइलें**

**पाकिस्तान नहीं आया बाज जम्मू एयरपोर्ट पर दागा रॉकेट, भारत ने दर्जनों मिसाइलें ध्वस्त कीं**



### रावलपिंडी व करांची से लाहौर तक धुंआ-धुआ

- चारों तरफ से पाक गिरा
- इमरान को छुडाने जेल के बाहर समर्थकों का जमावडा
- भारतीय नौसेना ने भी संभाला मोर्चा करांची बंदरगाह किया मटियामेट
- पाक अधिकृत कश्मीर व ब्लूचिस्तान पर पाक की पकड़ पड़ी ढीली
- पाक पीएम के बंकर में छुपे होने की खबर
- पूरे रात भर भारतीय सेना करेगी कार्रवाई
- सेना सुबह 10 बजे करेगा प्रेस ब्रीफिंग
- रद्द हुए आईपीएल मैच के खिलाडियों को विशेष ट्रेन से भरपूर सुरक्षा से दिल्ली लाया जा रहा
- रात भर चलेगा भारत का अभियान
- पाक के नागरिक भयभीत




## हारोप ड्रोन, जिससे तबाह हुआ पाक का एयर डिफेंस सिस्टम

आईएआई हारोप ड्रोन इजराइल ने बनाया है। इजराइल के अलावा भारत और अजरबैजान भी इस ड्रोन का इस्तेमाल करते हैं। यह एक मानवरहित 'आत्मघाती' ड्रोन है। अलग-अलग रिपोर्ट के अनुसार हारोप लगभग 20 किलोग्राम विस्फोटक ले जा सकता है और सात घंटे तक हवा में रह सकता है। हवा में रहने के दौरान यह ड्रोन 1000 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है।

- लंबाई-2.5 मीटर
- वार हेड वजन- 23 किलोग्राम
- उड़ान क्षमता- 9 घंटे
- पंखों का फैलाव -3 मीटर
- वजन-135 किमी
- विस्फोट ले जाने की क्षमता- 20 किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने 7-8 मई की रात को ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल करके उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। भारत ने गुरुवार को कहा कि उसने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके उत्तरी और पश्चिमी भारत में 15 जगहों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिशों को विफल कर दिया और जवाबी कार्रवाई में लाहौर में एक पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। व्यापक संघर्ष की आशंका के बीच दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि तनाव कम करने का विकल्प पाकिस्तान के पास है क्योंकि उसने पहलगाम आतंकी हमले से स्थिति को बढ़ाया और भारत ने केवल 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से इसका जवाब दिया।

**धर्मशाला में दिल्ली-पंजाब के बीच खेला जा रहा आईपीएल मैच रोका गया, बंद की गई स्टेडियम की फ्लड लाइट**

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने का प्रयास किया। उसने कहा कि इन्हें एकीकृत काउंटर मानवरहित विमान प्रणाली द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया। पाकिस्तान ने यह कोशिश ऐसे समय की है जब बुधवार को भारतीय सशस्त्र बलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत ने अपनी आतंकवाद विरोधी प्रतिक्रिया को केंद्रित, नपी-तुली और बिना उकसावे वाली बताया।

### इन सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश

पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, भटिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज सहित उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' में ढेर हुआ कंधार विमान अपहरण का दोषी रऊफ

भाजपा ने दावा किया कि संसद पर हुए हमले सहित देश में कई आतंकवादी हमलों में वांछित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का आतंकवादी अब्दुल रऊफ अजहर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय हमलों में मारा गया। साल 2001 में संसद पर आतंकी हमले के अलावा वह कंधार विमान अपहरण और पठानकोट आतंकी हमले में भी शामिल था। अब्दुल जैश-ए-मोहम्मद के संस्थापक मौलाना मसूद अजहर का भाई था और उसकी अनुपस्थिति में प्रतिबंधित संगठन का कथित तौर पर नेतृत्व कर रहा था। भाजपा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "मोस्ट वांटेड" पाकिस्तानी आतंकवादी अब्दुल रऊफ अजहर भारतीय हमलों में मारा गया। पार्टी ने कहा कि वह मसूद के परिवार के उन सदस्यों में शामिल है जो इस हमले में मारे गए हैं। जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर ने बुधवार को स्वीकार किया कि बहावलपुर में संगठन के मुख्यालय पर भारत के मिसाइल हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए।

**पीएम की आंतरिक सुरक्षा सलाहकार और गृह सचिव के साथ बैठक**

## सीमा पर तैनाती का मोदी ने जाना हाल

पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूरर के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोवाल और केंद्रीय गृह सचिव



गोविंद मोहन के साथ गुरूवार की सुबह एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक कर आंतरिक सुरक्षा और सीमावर्ती राज्यों पर तैनाती की खोज खबर ली। दोनों के साथ अलग अलग प्रधानमंत्री आवास पर चली बैठक में भारत पाकिस्तान तनाव के बीच भारतीय सुरक्षा रणनीति पर विस्तार से चर्चा करना था। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने साफ कर दिया है कि जम्मू कश्मीर के पुंछ में सहित आम नागरिकों पर किये जा रहे पाकिस्तानी हमले का डोजियर तैयार किया जाए ताकि अंतर्राष्ट्रीय समुदायों को पाकिस्तान के सीजफायर उल्लंघन की जानकारी मय प्रूफ दी जा सके।

### हर स्थिति से निपटने को तैयार रहने के निर्देश

प्रधानमंत्री ने विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर-मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा की। उन्होंने आवश्यक प्रणालियों के सुचारू संचालन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, और आंतरिक संचार प्रोटोकॉल पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मंत्रालयों को अपनी कार्यप्रणाली की व्यापक समीक्षा करने और किसी भी स्थिति के लिए तैयार रहने के लिए कहा गया।



## गुजरात और पंजाब में दिखा मलबा



*गुजरात के कच्छ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा के नज़दीक एक सुनसान इलाके में बृहस्पतिवार को 'ड्रोन जैसी' वस्तु का मलबा मिला है। इधर, पंजाब के अमृतसर जिले के एक गांव में कुछ स्थानों पर धातु का मलबा बिखरा हुआ पाया गया जबकि कुछ स्थानीय लोगों ने दावा किया कि ये किसी मिसाइल के टुकड़े हैं। पुलिस ने बताया कि जांच करने के बाद ही पता चल पाएगा की यह सिर्फ धातु का मलबा है या मिसाइल के टुकड़े हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें जिले के जेठूवाल गांव के कुछ खेतों एवं घरों में धातु का मलबा मिला है।*

### निवासियों से घरों के अंदर रहने की सलाह

*अमृतसर जिला प्रशासन ने बृहस्पतिवार तड़के 'ब्लैकआउट' अभ्यास किया। निवासियों से घरों के अंदर रहने और नहीं घबराने के लिए कहा। 'ब्लैकआउट' अभ्यास रात करीब डेढ़ बजे शुरू हुआ। पिछले तीन घंटों में जिले में दूसरी बार यह अभ्यास किया गया था। इससे पहले बुधवार को रात साढ़े दस बजे से 11 बजे तक 'मॉक ड्रिल' की गई थी। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।*

### राहुल बोले- विशेष सत्र बुलाया जाए

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने यह मांग उठाई कि संसद का विशेष सत्र बुलाया जाए, जिससे अच्छा संदेश जाएगा। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संवाददाताओं को बताया कि इस मुद्दे पर व्यापक राजनीतिक सहमति बनाने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी और नेताओं ने परिपक्वता दिखाई तथा किसी तरह की बहस नहीं हुई।

### इंटरनेशनल अलर्ट और कूटनीतिक समर्थन

भारत की सैन्य कार्रवाई के बाद अमेरिका ने अपने नागरिकों को लाहौर और इस्लामाबाद से तत्काल बाहर निकलने की चेतावनी जारी की है। यूके, फ्रांस और जापान ने भी पाकिस्तान में अपने दूतावासों को सतर्क कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि ने कहा है कि यह कार्रवाई आतंक के खिलाफ वैध आत्मरक्षा के अधिकार के तहत की गई है।

## जम्मू एयरपोर्ट पर हमले की कोशिश नाकाम, पूरे इलाके में ब्लैक आउट


जम्मू, पठानकोट, शाहपुर, माधोपुर, फिरोजपुर, जैसलमेर में पाकिस्तान ने मिसाइलें और ड्रोन दागे। हमला होते ही जम्मू समेत सारे इलाकों में सायरन बजने लगा, जिसकी वजह से लोग दहशत में आ गए। तुरंत पूरे इलाके को ब्लैकआउट कर दिया गया है। हमले के बाद जम्मू एयरपोर्ट से भारत के फाइटर विमानों ने उड़ान भरी है। जम्मू यूनिवर्सिटी के पास दो ड्रोन गिराए गए हैं। आरएसपुरा, अरनिया, सांबा में भी पाकिस्तानी मिसाइलों को एंटी ड्रोन सिस्टम ने मार गिराया है। इसके अलावा, पठानकोट एयरबेस में भी हुए ड्रोन हमले को भारत ने विफल कर दिया है। यहां पर भी ब्लैकआउट कर दिया गया है। धमाकों की आवाज सुनते ही दुकानदार व लोग अपने घरों की ओर भागते नजर आए। कुछ लोगों ने विस्फोटों से पहले आसमान में लाल रंग की लाइट और प्रोजेक्टाइल भी देखे।


एक एक्स यूजर ने जम्मू में ब्लैकआउट की तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए लिखा, जम्मू में हमारे घरों के ऊपर मिसाइलें उड़ रही हैं। यह कोई अफवाह नहीं है, मैं खुद इसे देख रहा हूं और रिकॉर्ड कर रहा हूं।

### पंजाब, राजस्थान में ब्लैकआउट

पंजाब के गुरुदासपुर, राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर और जोधपुर में रोजाना रात 9 बजे सुबह 5 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। इन शहरों के लिए स्थानीय प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर दी गई हैं। श्रीगंगानगर, बीकानेर में प्रशासन ने ड्रोन उड़ाने और आतिशबाजी पर अगले आदेश तक रोक रहेगी।

## सर्वदलीय बैठक में बोले राजनाथ - ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए 100 आतंकी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए। रक्षा मंत्री ने बैठक में शामिल नेताओं को यह भी बताया कि यह एक जारी अभियान है और अगर भारत के लक्षित हमले के मद्देनजर पाकिस्तान कोई सैन्य कदम उठाता है तो भारत मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह ने यह सूचित किया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत की गई कार्रवाई में कम से कम 100 आतंकवादी मारे गए हैं। बैठक में शामिल सभी दलों के नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को लेकर सरकार का समर्थन किया और सशस्त्र बलों के प्रति एकजुटता प्रकट की।

जबलपुर
शुक्रवार, 9 मई 2025
- वैशाख मास कृष्ण पक्ष-13
- वर्ष : 20, अंक : 9
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

**मौसम**
अधि. 35
न्यून. 22

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## ओटीटी प्लेटफॉर्म्स से पाकिस्तानी कंटेंट हटाने का आदेश

# पाक फिल्में, वेब सीरीज और गानों पर बैन लगाया

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने गुरुवार को सभी ओटीटी (ओवर-द-टॉप) और स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स को पाकिस्तान से जुड़ा कंटेंट तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की एडवाइजरी में राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तानी कंटेंट पर बैन लगाया है। ये कार्रवाई आईटी एक्ट 2021 के तहत की गई है। आदेश के बाद पाकिस्तान में बनी सभी वेब सीरीज और फिल्में चाहे सब्सक्रिप्शन-बेस्ड हो या फ्री सभी तरह के कंटेंट हटाए जाएंगे। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद पाकिस्तानी गाने, एल्बम और जिनमें आतिफ असलम, राहत फतेह अली खान जैसे आर्टिस्ट्स के ट्रैक्स को भी हटाया जाएगा है। पाकिस्तानी मूल के पॉडकास्ट, ऑडियो शो, या कोई भी वॉइस-बेस्ड कंटेंट जो भारतीय प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। उन्हें भी हटाया जाएगा। पाकिस्तानी चैनलों के टीवी शो, डॉक्यूमेंट्री, प्रोग्राम को भी बैन किया गया है जो ओटीटी पर स्ट्रीम हो रहा हो।



## एसोसिएशन ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, ड्राइवरों की छुट्टियां भी निरस्त

# सेना की मदद के लिए मप्र ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन देगा साढ़े 7 लाख ट्रक

### कारगिल युद्ध के समय भी एक हजार ट्रक तत्कालीन परिस्थितियों में सेना को सौंपे गए थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

OPERATION SINDOOR

देश की सुरक्षा के प्रति समर्पण भाव दिखाते हुए मध्यप्रदेश ट्रक एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने एक बार फिर राष्ट्रहित में बड़ा कदम उठाया है। एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर जानकारी दी है कि यदि आवश्यकता पड़ी तो उनके पास मौजूद साढ़े 7 लाख ट्रक सेना के परिवहन कार्य के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कारगिल युद्ध के समय भी एक हजार ट्रक तत्कालीन परिस्थितियों में सेना को सौंपे गए थे, और आज स्थिति की गंभीरता को देखते हुए देशभर के ट्रांसपोर्टरों ने अपने ट्रकों को फिर से सेवा के लिए तैयार कर दिया है। उन्होंने अपने ड्राइवरों की छुट्टियां निरस्त करते हुए 24 घंटे के लिए सभी वाहनों को अलर्ट पर रख दिया है। एसोसिएशन के अनुसार, मौजूदा समय में सीमा क्षेत्रों में बढ़ते तनाव के मद्देनज़र यह जरूरी है कि सेना को रसद, हथियार और जवानों के आवागमन में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। यही सोचकर उन्होंने यह निर्णय लिया है। पूरे देश के ट्रांसपोर्टर संगठनों से जुड़ी इस पहल को लेकर सेना के अधिकारियों ने भी सराहना की है।





### क्या लिखा पत्र में?

#### हम सब आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े

मध्यप्रदेश ट्रक एंड ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने पीएम मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि बेटी के सिंदूर की लाज रखने के लिए किए गए ऑपरेशन सिंदूर की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। साथ ही हमारी भारतीय सेनाओं को सलाम जिन्होंने कंधार से पहलगाम तक के जख्मो का एवं उजड़ी मांगों के सिंदूर का बदला लिया और आतंकवादियों, पाकिस्तान सेनाओं को घर में जाकर मारा यह हमारे लिए गर्व का पल है। एसेसिएशन ने आगे लिखा है कि हमारे ट्रक देश सेवा में ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेनाओं के सामान को परिवहन करने के लिए तत्पर हैं एवं उपलब्ध कराना चाहते हैं। हम सब आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर प्रत्यक्ष रूप से ट्रक लेकर खड़े हैं, आप का आदेश सर आंखों पर रखकर हम आपके साथ खड़े हैं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### पैसेंजर ट्रेन पर पथराव एक यात्री घायल

**निवाड़ी।** मऊरानीपुर से झांसी जा रही पैसेंजर ट्रेन पर पथराव हो गया। इस हमले में एक यात्री बुरी तरह घायल हो गया और उसका सिर फट गया। जिसे निवाड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पैसेंजर ट्रेन गुरुवार सुबह साढ़े 9 बजे टेहरका-मगरपुर गांव के पास पहुंची थी। इसी दौरान 4-5 अज्ञात लोगों ने ट्रेन पर पत्थरबाजी करनी शुरू कर दी।



### कैश कांड: जस्टिस वर्मा का इस्तीफे से इनकार

**नई दिल्ली।** सीजेआई संजीव खन्ना ने जस्टिस यशवंत वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी आवास से कैश मिलने के मामले में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। आरोपों की जांच कर रही समिति की रिपोर्ट संलग्न किया गया है। इस्तीफा देने या स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने का सुझाव दिया था। जिसे खारिज कर दिया।



### लैंड फॉर जॉब केस में लालू पर केस चलेगा

**नई दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी द्रौपदी मुर्मू ने ईडी की ओर से जांचे जा रहे कथित लैंड फॉर जॉब घोटाले में आरजेडी प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद पर मुकदमा चलाने की मंजूरी दे दी है।



## मुख्यमंत्री मकरोनिया में 1119 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए वर्चुअली शामिल

# कहा: सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता के प्रतीक, ये सकारात्मक बदलाव प्रशंसनीय

सीएम ने कहा कि इस प्रकार के वैवाहिक आयोजनों से वर-वधू दोनों ही पक्षों का आर्थिक बोझ कम हो जाता है और इससे सामाजिक एकता को भी बल मिलता है।

- आयोजक नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की
- नवविवाहित जोड़ों को सफल वैवाहिक जीवन का दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में समरसता, एकता और मितव्ययिता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि एक ही मंडप में कई जोड़ों का विवाह होना सामाजिक चेतना और बदलती सोच का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से सागर जिले की नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रजाखेड़ी बजरिया (मकरोनिया) में संपन्न सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 1119 जोड़ों का एक ही मंडप में विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब सामूहिक विवाह समाज द्वारा प्रसन्नतापूर्वक सहजता से अपनाए जा रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि हमारे समाज की मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। यह बेहद प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वैवाहिक आयोजनों से वर-वधू दोनों ही पक्षों का आर्थिक बोझ कम हो जाता है और इससे सामाजिक एकता को भी बल मिलता है। कार्यक्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विधायक सागर शैलेंद्र जैन, विधायक बीना श्रीमती निर्मला सप्रे, विधायक बंडा वीरेंद्र लंबरदार, अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, वर-वधू और बड़ी संख्या में उनके परिजन भी उपस्थित थे। सम्मेलन के आयोजक नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। सबके सहयोग से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में इस सामूहिक सम्मेलन में कुल 1119 जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया है।



### इसी प्रगतिशील सोच को अपनाएं

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से आत्मीय अपील की कि हम सब इसी प्रगतिशील सोच को अपनाएं और समाज में सद्भाव, सहयोग एवं सादगी को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से अब तक लाखों जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। यह योजना जरुरतमंद परिवारों के लिए एक वरदान की तरह है। उन्होंने वर-वधू से कहा कि वे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ें। हमारी सरकार सबके रोजगार और सबके हितों की चिंता कर रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए हितानंद शर्मा भी उपस्थित थे।*

**खजुराहो सांसद वीडी शर्मा बोले**

#### बेटियों के हित में पूरी सरकार साथ

खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज के जरुरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह का जिम्मा अब सरकार ने ले लिया है। बेटियों के हित में पूरी सरकार साथ हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने देश में एक मिसाल पेश की है। यहां धन के अभाव के कारण किसी गरीब परिवार को अपनी बेटी के विवाह के लिए क़र्ज़ नहीं लेना पड़ता। यहां सरकार कन्यादान योजना में अपने खर्च पर बेटियों का विवाह कराती है।

## उत्तरकाशी में हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त



# पायलट समेत छह यात्रियों की मौत एक घायल को ऋषिकेश रेफर किया

### चार यात्री मुंबई और दो आंध्रप्रदेश के थे

एजेंसी ▶▶ उत्तराकाशी

जिले में गुरुवार सुबह एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में पायलट समेत छह लोगों के मौत हो गई है। एक घायल को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन की टीम मौके के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर पहुंचते ही टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। गुरुवार सुबह करीब पौने नौ बजे गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास एक हेलिकॉप्टर क्रैश होने की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ, फायर, मेडिकल व अन्य आपदा राहत दल मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। हेलिकॉप्टर एयरोट्रांस कंपनी का था, जिसने सुबह सहस्त्रधारा हेलीपैड से हर्षिल के लिए उड़ान भरी थी। हेलिकॉप्टर में पायलट सहित सात लोग सवार थे, जिनमें छह यात्रियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### प्रदेश में मौसम को लेकर चेतावनी

*बता दें, कि उत्तराखंड में इन दिनों चारधाम यात्रा चल रही है। केदारनाथ, बदरीनाथ और गंगोत्री-यमुनोत्री जाने के लिए बड़ी संख्या में यात्री पहुंच रहे हैं। कुछ पैदल यात्रा पर निकले हैं तो कई लोग हेली सेवा से पहुंच रहे हैं। मौसम को लेकर भी मौसम विभाग की ओर चेतावनी जारी की गई है। देहरादून, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और चंपावत में हल्की से मध्यम बारिश के आसार बताए गए हैं। कई इलाकों में बिजली गरजने के साथ ही तेज हवाएं भी चल सकती हैं।*

## प्रदेश के कर्मचारियों को तोहफा

### डीए देने का आदेश जारी जून में मिलेगा एरियर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। वित्त विभाग ने इस बारे में आदेश भी जारी कर दिया है। अब कर्मचारियों को 55% डीए मिलेगा। इससे कर्मचारियों को आर्थिक रूप से काफी मदद मिलेगी। वे लंबे समय से डीए बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इसका फायदा प्रदेश के करीब साढ़े सात लाख सरकारी कर्मियों को मिलेगा। सीएम डॉ. मोहन यादव ने कुछ दिन पहले भोपाल में एक कार्यक्रम में डीए बढ़ाने की बात कही थी।



## वृंदावन में टल गया बड़ा हादसा

### पदयात्रा के दौरान बाल बाल बचे प्रेमानंद

**मथुरा।** वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज एक हादसे में बाल-बाल बच गए। प्रेमानंद महाराज जिस रास्ते से गुजर रहे थे, वहां टेंट वालों ने लाइटिंग और सजावट करने के लिए के लिए लोहे का ट्रस लगाया हुआ था। प्रेमानंद महाराज जब उस लोहे के ट्रस के नीचे से गुजर रहे थे, वह ट्रस हिलकर गिरने लगा। इस घटना की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालांकि, प्रेमानंद महाराज को तेजी के साथ सुरक्षित वहां से निकाल लिया गया। बताया जा रहा है कि प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए पहुंची भक्तों की अधिक भीड़ की वजह से यह हादसा हुआ।



## शादी से लौटते से समय सड़क हादसा

### पूर्व मंत्री दंडोतिया सड़क हादसे का शिकार, दिल्ली

**मुरैना।** मुरैना बुधवार-गुरुवार की दरमियानी देर रात को शादी समारोह से लौट रहे पूर्व मंत्री गिर्राज दंडोतिया की स्कॉर्पियो को सामने से आ रही बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो में सवार पूर्व मंत्री गिर्राज दंडोतिया सहित उनके पीएसओ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कैलारस थाना पुलिस मंत्री को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल जिला पहुंची। लेकिन हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल से दिल्ली के लिए रेफर कर दिया है।



## कल के बाद फिर बढ़ेगी बारिश की रफ्तार, 12 से 15 मई के बीच कई दौर चलेंगे

# बादल- बारिश का दौर, प्रदेश में पारा सामान्य से औसतन 8 डिग्री नीचे, इस सप्ताह लू नहीं

### आज दो दर्जन जिलों में बादल, बौछारों के बीच तेज हवाओं का रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर में मौसम में बदलाव जारी है। गुरुवार को भोपाल सहित कुछ जिलों के तापमान में ज्यादा बदलाव नहीं रहा, शेष जिलों में पारा लगातार फिर गिरा। प्रदेशभर में दिन का पारा सामान्य से औसतन 8 डिग्री कम रहा है।



लिंक रोड नं. 1

#### आज यहां बादल व बारिश

भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा जिलों में शुक्रवार तक बारिश और गरज चमक का अनुमान है।

## ट्रेन के टॉयलेट में फंदे पर झूलता मिला युवक

# सागर में उतारा गया शव, घंटे भर रुकी रही अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

- शर्ट से बनाया था फंदा

रेलवे स्टेशन पर अहमदाबाद-कोलकाता एक्सप्रेस (19413) ट्रेन के टॉयलेट में यात्री का शव मिला है। शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलते ही ट्रेन को दोपहर 2.10 बजे सागर स्टेशन पर रोका गया। जीआरपी और आरपीएफ की टीम मौके पहुंची। शव को ट्रेन से नीचे उतारा गया। इस दौरान करीब 1 घंटे तक ट्रेन रेलवे स्टेशन पर रुकी रही।



### मृतक की पहचान करने की कोशिश

*ट्रेन में जिस युवक का शव मिला है उसकी पहचान नहीं हो सकी है। उसके पास से कोई पहचान पत्र या रेल टिकट भी नहीं मिला है। आसपास के स्टेशनों को मृतक के संबंध में सूचना दी जा रही है, ताकि उसकी पहचान कराई जा सके।*

## हाईकोर्ट जजों की नियुक्ति में देरी, सरकार को सुप्रीम निर्देश

# कॉलेजियम की सिफारिशों को दी जाए तत्काल मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिए हैं कि वह हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति पर कॉलेजियम की सिफारिशों को शीघ्रता से मंजूरी दे। कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि देश के उच्च न्यायालयों में 7,24,192 आपराधिक अपीलें लंबित हैं। इसमे अकेले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 2.7 लाख मामले लंबित हैं।



- ***सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कई सिफारिशें केंद्र के पास लंबित***
- ***शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट में लंबित मामलों को लेकर भी चिंता जताई***

### इतने अनुमोदन, इतनों को मंजूरी

सुप्रीम कोर्ट ने बताया था कि कॉलेजियम ने 9 नवंबर 2022 से 10 नवंबर 2024 तक उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्ति के लिए 330 नामों का अनुमोदन किया था। इसमें से केंद्र ने 170 नामों को मंजूरी दी है। 17 नाम अभी भी सरकार के पास मंजूरी के लिए लंबित हैं। इसके बाद 11 नवंबर 2024 से पांच मई 2025 के बीच हाईकोर्ट जज के लिए 103 उम्मीदवारों के नामों की सिफारिश की गई। इनमें से केवल 51 नामों को मंजूरी दी गई। इनमें से भी 12 नाम केंद्र सरकार की मंजूरी के लिए लंबित हैं। वहीं 9 नवंबर 2022 से पांच मई 2025 तक उच्च न्यायालयों में न्यायाधीश पद के लिए कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया। इसमें से 29 उम्मीदवारों के नाम केंद्र की मंजूरी के लिए लंबित हैं।

### हाईकोर्ट जजों के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बताया था कि नवंबर 2022 से अब तक हाईकोर्ट जजों के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 221 नामों का अनुमोदन किया है। इसमें से 29 नाम केंद्र सरकार के पास लंबित हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर कॉलेजियम द्वारा अनुशंसित न्यायाधीशों के नाम, उच्च न्यायालयों या शीर्ष अदालत के वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीशों से उनके संबंध और सरकार द्वारा स्वीकृत प्रस्तावों की संख्या की जानकारी साझा की थी।


ALLEN NEET (UG) 2024 Results validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence
ALLEN
एक साल, एक लक्ष्य
NEET में जीत
PRE-MEDICAL
13 AIR 1
In last 15 years in pre-medical entrance
AIIMS (MBBS)
660
ALLENites out of 2207 in AIIMS (2024)
GMCs (MBBS)
10450+
ALLENites secured their seat in Govt. Medical Colleges (2024)
ALLEN
NEET (UG) 2024: ALLEN INDORE के साथ, पूरा हुआ
Govt. Medical College का सपना
AIR 96
MADHYA PRADESH TOPPER
715/720
Vinay Tiwari
2-year classroom
AIIMS, Delhi
Vidisha, M. P.
Rishi Shukla 2-year classroom AIIMS, Bhopal Indore, M.P.
Suryansh S. Dangi 2-year classroom VMMC & SJH, Delhi Mungaoli, M.P.
Arnav Pandey 4-year classroom MGM, Indore Indore, M.P.
Atharv Pandey 2-year classroom IMS, Varansi Sidhi, M.P.
Hardik Gupta 1-year classroom AIIMS, Raipur Guna, M.P.
Avnish Mehta 2-year classroom AIIMS, Bhatinda Indore, M.P.
Mayur Neema 2-year classroom AIIMS, Rajkot Ujjain, M.P.
Surbhi Yadav 3-year classroom AIIMS, Nagpur Indore, M.P.
Suyash Paliwal 4-year classroom AIIMS, Gorakhpur Ujjain, M.P.
Rishav Dey 2-year classroom AIIMS, Bibinagar Indore, M.P.
Yash Mehta 4-year classroom MGM, Indore Indore, M.P.
Tanya Bachwani 2-year classroom GMC, Mumbai Jabalpur, M.P.
Jay Patel 1-year classroom MGM, Indore Indore, M.P.
Parth Ketkar 2-year classroom RMLIMS, Lucknow Dehradun, U.K.
Gauri Agrawal 4-year classroom MGM, Indore Indore, M.P.
Darsh Luhadiya 2-year classroom MGM, Indore Dewas, M.P.
Ayush Pahuja 2-year classroom MGM, Indore Indore, M.P.
Kriti Mehta 1-year classroom GMC, Bhopal Indore, M.P.
Kunal Punjabi 2-year classroom GMC, Bhopal Indore, M.P.
Parth Patidar 2-year classroom GMC, Bhopal Khargone, M.P.
Divyansh Sharma 2-year classroom GMC, Bhopal Vidisha, M.P.
Divya Sevlani 2-year classroom GMC, Bhopal Sagar, M.P.
Aanya Gupta 2-year classroom GMC, Bhopal Mainpuri, U.P.
Gautam Agrawal 1-year classroom GMC, Bhopal Dhar, M.P.
Rashi Seth 1-year classroom GMC, Jalaun Lalitpur, U.P.
Mihika R. Shah 2-year classroom IGMC, Nagpur Indore, M.P.
Soumil Choudary 2-year classroom GRMC, Gwalior Ujjain, M.P.
Sumit Patidar 2-year classroom GMC, Bhopal Dewas, M.P.
Tohid Khan 3-year classroom NSCBMC, Jabalpur Dewas, M.P.
& many more...
Due to unavailability of space we are unable to publish photo of all top scorer students.
211+
STUDENTS FROM ALLEN INDORE GOT ADMITTED IN GOVT. MEDICAL COLLEGES IN 2024
ADMISSIONS OPEN AT INDORE
NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | JEE (Main) | Olympiads | Class 6th to 12th & 12th Pass
NEW BATCHES FROM 12 & 21 MAY ONWARDS
For test dates & course start dates visit website or nearest center.
SIGN-UP FOR
ASAT
(Scholarship Test)
TEST DATES:
11 & 18 MAY 2025
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
For direct admission — visit your nearest ALLEN center.
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
ALLEN INDORE
9513731667
allen.ac.in/indore
ALLEN Kota Center
0744-3556677
allen.ac.in
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

पाकिस्तान की नापाक कोशिश का भारत ने दिया तगड़ा जवाब

# रावलपिंडी सहित कई प्रमुख शहरों को भारतीय ड्रोन ने पहुंचाया भारी नुकसान, लाहौर में गूंजते रहे बड़े धमाके

OPERATION SINDOOR
जय हिंद - जय भारत


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ बुधवार, 7 मई को ऑपरेशन 'सिंदूर' को अंजाम दिया था। इसके बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को निशान बनाकर हमले करने की कोशिश की, जिसके जवाब में भारतीय वायुसेना के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने हर हमले को नाकाम कर दिया है। भारत की जवाबी कार्रवाई में रावलपिंडी, लाहौर और कराची जैसे प्रमुख शहरों के अलावा गुजरांवाला, चकवाल, अटक, बहावलपुर, मियानो और छोर में भारी नुकसान हुआ है।

### कराची में ड्रोन अटैक से छत टूटी

कराची में रहने वाले एक शख्स ने बताया कि सुबह 10 बजे के करीब कोई ड्रोन आया और सीधे छत से टकराया। इसके बाद पूरी छत टूट गई और गड्ढा हो गया। स्थानीय के मुताबिक इसके बाद कराची में ब्लैकआउट कर दिया गया क्योंकि बिजली के तारों को भी भारी नुकसान हुआ है। इसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरा मच गई। कराची से जो तस्वीरें सामने आईं हैं उनमें देखा जा सकता है कि एक घर की छत पूरी तरह से बर्बाद हो गई और घर के अंदर रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा है।

### लाहौर में बजा इमरजेंसी सायरन



इसी तरह की तस्वीरें लाहौर से भी आई हैं जहां एक के बाद एक कई एंबुलेंस सड़क पर जाती दिख रही हैं। इसके अलावा पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी देखा जा सकता है। लाहौर में इमरजेंसी सायरन की आवाजें भी सुनाई दे रही हैं। शहर की कई इमारतों को ड्रोन हमले से भारी नुकसान पहुंचा है। लाहौर में भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद हर तरफ भगदड़ जैसा माहौल देखा जा सकता है।

### रावलपिंडी में होने वाला मैच कराची में शिफ्ट



*भारत की जवाबी कार्रवाई में रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को भी नुकसान पहुंचा है। यहां गुरुवार को पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का मैच खेला जाना था, जिसमें पेशावर और कराची की टीमें आमने-सामने होने वाली हैं। इस मैच को कराची में शिफ्ट कर दिया गया है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आयोजित पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की एक इमरजेंसी बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया है।*

### गुजरांवाला में एक के बाद एक धमाके

पाकिस्तान के गुजरांवाला में तड़के एक के बाद एक धमाकों की आवाजें सुनाई दी हैं। इसके बाद सड़कों पर चलने वाले वाहन अचानक तेजी से दौड़ने नजर आए हैं। इन हमलों के बाद भी पाकिस्तान के होश ठिकाने नहीं आए हैं। पीएम शहबाज शरीफ ने ड्रोन अटैक के बाद इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। साथ ही पाकिस्तानी संसद में भी हमले से घबराकर सांसद रोते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### पाक को मुंहतोड़ जवाब देंगे

ऑपरेशन 'सिंदूर' के तहत भारत ने सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। यह पूरी तरह नपी-तुली और सावधानी पूर्ण सैन्य कार्रवाई थी। लेकिन पाकिस्तान ने इसका बदला लेने के लिए 15 भारतीय शहरों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान को प्रमुख शहरों को ड्रोन से निशाना बनाकार उनका पूरा एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया है। भारत ने बयान में कहा कि पाकिस्तान की ओर से उकसावे की इस कार्रवाई का पाकिस्तान को उसी स्तर पर मुंहतोड़ जवाब दिया

## ईरान को दो टूक- सैन्य कार्रवाई हुई, तो कड़ा जवाब देंगे

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच सऊदी अरब के विदेश राज्यमंत्री अदेल अलीजुबैर अचानक से दिल्ली पहुंचे हैं। सऊदी अरब के मंत्री के इस दौरे को भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। सऊदी अरब के मंत्री ने नई दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की। वहीं, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची बुधवार की मध्य रात्रि नई दिल्ली पहुंचे। गुरुवार को उन्होंने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को द्विपक्षीय बैठक की। अवसर था 20वीं भारत-ईरान संयुक्त आयोग की बैठक का जिसमें भारत ने सह-अध्यक्षता की। जयशंकर ने अराघची को भारतीय सेना की तरफ से की गई एयर स्ट्राइक के बारे में जानकारी दी। साथ ही यह भी कहा कि एक पड़ोसी और करीबी साझेदार के रूप में यह महत्वपूर्ण है कि आपको स्थिति की अच्छी समझ हो। उन्होंने कहा कि इस साल हमारी कूटनीतिक साझेदारी की 75वीं वर्षगांठ है, जो हमारी गहरी दोस्ती और सहयोग को दर्शाती



*ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात करते हुए विदेश मंत्री जयशंकर*

### एक पड़ोसी और करीबी साझेदार के रूप में समझना होगा

आप ऐसे समय में भारत आए हैं, जब हम 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए एक क्रूर आतंकी हमले का जवाब दे रहे हैं। इसके जवाब में हमने 7 मई को सीमा पार आतंकी ढांचे पर लक्षित और संयमित कार्रवाई की। हमारा इरादा तनाव बढ़ाने का नहीं है, लेकिन अगर हम पर सैन्य हमले होते हैं, तो उसका जवाब बहुत कड़ा होगा। एक पड़ोसी और करीबी साझेदार के रूप में आपके लिए स्थिति को समझना महत्वपूर्ण है।

### ब्रिटेन की संसद में ऑपरेशन सिंदूर की गूंज

## 'ये वही देश जहां लादेन छिपा था', सांसद प्रीति पटेल ने दिया समर्थन

**लंदन।** पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना अब दुनिया भर में हो रही है। ब्रिटेन की संसद में कंजर्वेटिव पार्टी की सांसद प्रीति पटेल ने भारत को समर्थन दिया है। प्रीति पटेल ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर के फैसले को सही बताया है। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी रक्षा के लिए उचित और सही कदम उठाने का अधिकार है, साथ ही उस घृणित आतंकवादी ढांचे को नष्ट करने का अधिकार है, जो उसे लगातार खतरे में डाल रहा है।



प्रीति पटेल ने आतंकवाद को बढ़ावा देकर भारत और पश्चिमी हितों के लिए खतरा पैदा करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की है। प्रीति पटेल ने आगे कहा, पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी भारत और पश्चिमी हितों के लिए खतरा हैं। यह वह देश था जिसमें ओसामा बिन लादेन छिपा हुआ था और भारत पर आतंकवादियों द्वारा की जा रही हिंसा के लंबे इतिहास के कारण, ब्रिटेन ने भारत के साथ लंबे सुरक्षा सहयोग समझौते किए हैं। प्रीति पटेल ने सरकार से वैश्विक आतंकवाद के खतरों से निपटने में ब्रिटेन के सहयोगियों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इन संबंधों को देखते हुए, ब्रिटेन सरकार को हमारे मित्रों और सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने में सबसे आगे रहना चाहिए, ताकि हम सामूहिक रूप से जिन आतंकवादी खतरों का सामना कर रहे हैं, उनसे निपटा जा सके।

## ऑपरेशन सिंदूर के बाद 'चिकन नेक' पर बढ़ाई गई चौकसी

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान की सीमा में स्थित नौ आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की मिसाइल स्ट्राइक के बाद हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। ऑपरेशन 'सिंदूर' के इस जवाबी हमले के बाद एक बार फिर देश की सुरक्षा एजेंसियों की नजर उत्तर बंगाल के 'चिकन नेक' क्षेत्र पर है, जिसे सामरिक दृष्टि से भारत की सबसे संवेदनशील भौगोलिक कमजोरी माना जाता है।



### 'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है 'सिलिगुड़ी कॉरिडोर'

उत्तर बंगाल के सिलिगुड़ी में स्थित यह संकीर्ण गलियारा 'सिलिगुड़ी कॉरिडोर' या 'चिकन नेक' के नाम से जाना जाता है। यह भारत के मुख्य भूभाग को उत्तर-पूर्व के सात राज्यों से जोड़ता है। सबसे संकीर्ण हिस्से में इसकी चौड़ाई मात्र 20 किलोमीटर है। इस गलियारे की विशेषता यह है कि यह नेपाल, भूटान और बांग्लादेश—तीनों देशों की सीमाओं के बिल्कुल करीब है। विशेषज्ञों के अनुसार, यही वह क्षेत्र है जिसे निशाना बनाकर भारत को रणनीतिक रूप से अलग-थलग करने की साजिशें रची जाती हैं।

### पाक-चीन मिलकर कर सकते हैं टारगेट

सुरक्षा विश्लेषकों का मानना है कि युद्ध की स्थिति में पाकिस्तान चीन के साथ मिलकर इस क्षेत्र को टारगेट कर सकता है। यही वजह है कि ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद यहां चौकसी और बढ़ा दी गई है। गृह मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, सीमा पर मादक पदार्थों, हथियारों और नकली नोटों की तस्करी रोकने के लिए पहले से ही विशेष नजर रखी जा रही है, लेकिन अब निगरानी को और कड़ा किया गया है। सीमा की कमजोरियों का फायदा उठाकर आतंकियों की घुसपैठ की आशंका को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किए जा रहे हैं।

### सिंगापुर की सलाह जम्मू-कश्मीर और पाक की यात्रा नहीं करें

सिंगापुर ने भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच अपने नागरिकों को भारत में जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान की सभी गैर-जरूरी यात्राएं टालने की सलाह दी है। सिंगापुर के विदेश मंत्रालय (एमएफए) ने बुधवार को यात्रियों से विशेष रूप से पाकिस्तान और भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की यात्रा के प्रति सावधानी बरतने की अपील की। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत और पाकिस्तान में रहने वाले सिंगापुरवासियों को सतर्क रहने और व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक एहतियात बरतने की सलाह दी जाती है। वे बड़ी सभाओं में जाने से बचें, स्थानीय समाचारों पर बारीकी से नजर रखें, स्थानीय अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें और विदेश मंत्रालय में ई-पंजीकरण करवाएं। परामर्श में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान में रहने वाले सिंगापुरवासी भी राजनयिक सहायता ले सकते हैं।

## पंजाब के गुरदासपुर में पूर्ण ब्लैकआउट का आदेश जारी

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच, पंजाब सरकार और केंद्र सरकार ने गुरदासपुर जिले में 8 मई से हर रात 9:00 बजे से सुबह 5:00 बजे तक पूर्ण ब्लैकआउट का आदेश जारी किया है। यह फैसला सिविल डिफेंस एक्ट, 1968 के तहत इमरजेंसी स्थितियों से निपटने के लिए लिया गया है। सरकारी आदेश के मुताबिक यह ब्लैकआउट अगले आदेश तक जारी रहेगा। गुरदासपुर की जेल और अस्पताल इस आदेश से बाहर रखे गए हैं, लेकिन उनके खिड़कियों को बंद और पूरी तरह ढका रहना अनिवार्य होगा, ताकि कोई रोशनी बाहर न जा सके।



### चीन ने पाकिस्तान को दिखाया आईना

## हम आतंकवाद के खिलाफ

*चीन ने सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करते हुए भारत और पाकिस्तान से शांति और स्थिरता को प्राथमिकता देने की अपील की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आतंकवाद किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने दोनों मुल्कों से संयम बरतने और अमन को बढ़ावा देने की गुजारिश की। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसे भारत-पाकिस्तान तनाव में चीनी जेट विमानों की किसी भी भूमिका की जानकारी नहीं है। यह बयान तब आया जब भारत ने एक दिन पहले पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मिसाइलों से एयर स्ट्राइक किया। लिन जियान ने साफ कहा कि चीन इस मसले से वाकिफ नहीं है और इस मामले की कोई खास जानकारी उनके पास नहीं है। उन्होंने इस मुद्दे पर और टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। चीन ने इस मामले में तटस्थ रुख अपनाने की कोशिश की है। लेकिन क्षेत्र में उसकी सैन्य मौजूदगी और सहयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं।*



### भारत-नेपाल बॉर्डर हाई अलर्ट पर

## अवैध रूप से प्रवेश कर रहे 4 चीनी गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल से रक्सौल बॉर्डर के रास्ते भारत में अवैध रूप से घुसपैठ करते चीन के संदिग्ध चार नागरिकों को एसएसबी ने नेपाल- भारत मैत्री ब्रिज से गिरफ्तार कर लिया। इसमें एक महिला भी है। वह बार- बार अपना बयान बदल रही है। एसएसबी के अनुसार, चीन की महिला खुद को कभी नेपाल तो कभी चीन का नागरिक बता रही है। वह हिंदी , नेपाली , अंग्रेजी और चीनी भाषा फर्राटेदार बोल रही है। जांच अधिकारियों ने बताया कि इस महिला के पास मिले कागजों में पाकिस्तान के मोबाइल नंबर मिले हैं। इस महिला का संबंध पाकिस्तान भी हो सकता है। वह वहां के किसी व्यक्ति के संपर्क में है। एसएसबी के अनुसार, तीनों पुरुष चीनी नागरिक पिछले एक हफ्ते से काठमाडू में रह रहे थे और रक्सौल बॉर्डर से भारत में घुसपैठ करना चाहते थे। इस काम में उनकी मदद यह चीनी महिला कर रही थी। चारों से पूछताछ



### सभी लोगों की जा रही गहन जांच

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-नेपाल के रक्सौल बॉर्डर पर एसएसबी को हाई अलर्ट पर रखा गया है। यहां से गुजरने वाले सभी लोगों की गहन जांच की जा रही है। भारत में प्रवेश करने वाले लोगों का पहचान पत्र देख कर ही प्रवेश की अनुमति दी जा रही है।

### टेलिकॉम कंपनियों को सख्त आदेश

## आपदा के स्तर की करें तैयारी, नेटवर्क को बनाएं और अधिक सुरक्षित



भारत द्वारा पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर की गई स्ट्राइक के बाद दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सभी प्राइवेट और सरकारी टेलिकॉम कंपनियों को आपदा के स्तर की तैयारियां करने को कहा है। इसके अलावा दूरसंचार विभाग ने कंपनियों को अपने नेटवर्क को ज्यादा सुरक्षित बनाने की बात भी कही है। दरअसल, भारत की कार्रवाई के बाद पाकिस्तान की ओर से साइबर हमलों का खतरा बढ़ गया है। इसी वजह से ये सख्त आदेश डीओटी की ओर से टेलिकॉम कंपनियों को दिए गए हैं।

डीओटी ने अपने आदेश में एयरटेल, जियो, बीएसएनएल, और वीआई को कनेक्टिविटी सुधारने की बात कही है। इसके लिए कंपनियों को आपस में मिल कर काम करने को भी कहा गया है।

टेलिकॉम कंपनियों को बॉर्डर के इलाकों में नेटवर्क कनेक्टिविटी पर खासा ध्यान देने को कहा गया है। इसके अलावा इन कंपनियों को उन जगहों की सूची बनाने के लिए भी कहा गया है जिन्हें आपात स्थिति में हर हाल में चालू रखा जा सके।

### पाक के शेयर बाजार में आया भूचाल

## 6000 से अधिक अंकों की गिरावट, कीमती धातुओं आयात-निर्यात प्रतिबंधित



*भारत की ओर से आतंकियों पर की जा रही कार्रवाई से पाकिस्तान में हाहाकार मच गया है। गुरुवार को पाकिस्तान के शेयर बाजार में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई और एक घंटे के लिए कारोबार रोक दिया गया। केएसई100 सूचकांक कारोबार रोके जाने से पहले 6,948.73 अंक यानी 6.32 प्रतिशत गिरकर 1,03,060.30 अंक पर आ गया। सूचकांक में गिरावट का मुख्य कारण सीमेंट, ऊर्जा, बैंक और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख शेयरों में नकारात्मक रुझान था, जिसने सामूहिक रूप से सूचकांक को नीचे खींच दिया। पाकिस्तान ने गुरुवार से कीमती धातुओं, आभूषणों और रत्नों के आयात और निर्यात पर 60 दिन का प्रतिबंध लगा दिया है। यह अस्थायी प्रतिबंध वाणिज्य मंत्रालय के आदेश द्वारा लगाया गया था, जिसमें 2013 के एसआरओ 760 को निलंबित कर दिया गया था, जो कीमती धातुओं के व्यापार को नियंत्रित करता है।*

## पाक के समर्थन में आया अलकायदा, कहा - भारत के खिलाफ अब जेहाद का वक्त

पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भारतीय बलों की सफलतापूर्वक सैन्य कार्रवाई के बाद अलकायदा ने बयान जारी किया है। अलकायदा की भारतीय उपमहाद्वीप (एक्यूआईएस) ने पाकिस्तान में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की निंदा की है और उपमहाद्वीप में जेहाद का आह्वान किया है। कहा कि इस्लाम के सभी मुजाहिदीनों और उपमहाद्वीप के मुसलमानों के लिए भारत के खिलाफ यह युद्ध एक जेहाद है। अल्लाह का नाम बुलंद करने, इस्लाम और मुसलमानों की रक्षा करने और उपमहाद्वीप के उत्पीड़ित लोगों का समर्थन करने के लिए इस संघर्ष में शामिल होना हमारा कर्तव्य है। अब उपमहाद्वीप के मुसलमानों के लिए इस उद्देश्य के समर्थन में खड़े होना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। निश्चित तौर पर हम अल्लाह के हैं और हमें वापस उसी के पास जाना है।



### मुसलमानों का बताया युद्ध

बयान में कहा गया है कि इस्लाम और मुसलमानों के खिलाफ भारत का युद्ध नया नहीं है। भारत का युद्ध पहलगाम की घटना से नहीं शुरू हुआ, यह आक्रामकता दशकों से जारी है। भारत और कश्मीर के मुसलमानों ने इतिहास में लंबे समय तक सबसे बुरे प्रकार के उत्पीड़न और अत्याचार सहा है। मोदी सरकार इस्लाम और मुसलमानों को खत्म करने के लिए सैन्य,राजनीतिक, सांस्कृतिक और वैचारिक युद्ध लड़ रही है।'

### ऑपरेशन सिंदूर से नेपाल में भी जश्न

## पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई से खुश हैं लोग

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई से पड़ोसी देश नेपाल में भी जश्न का माहौल है। इस ऑपरेशन से उत्साहित नेपाल के लोग भारत के इस कदम का समर्थन कर रहे हैं। नेपाल के जनकपुर, महोत्तरी, जलेश्वर आदि सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों ने भारतीय सैन्य कार्रवाई पर खुशी जाहिर की है। कई जगहों पर लोगों ने एकजुट होकर



जश्न मनाया। नेपाल के राष्ट्रीय मुक्ति मोर्चा पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री राजेंद्र महतो ने कहा है आंतकियों का कोई धर्म नहीं होता है। उन्होंने भारतीय सेना के ऑपरेशन के पक्ष में कहा कि आंतकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सभी देशों को एक साथ आना चाहिए।

### 800 करोड़ का जीएसटी घोटाला

## झारखंड व बंगाल के नौ ठिकानों पर ईडी की रेड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीमों ने गुरुवार सुबह झारखंड और बंगाल में नौ ठिकानों पर छापेमारी शुरू की है। यह छापेमारी 800 करोड़ के जीएसटी घोटाले में की गई है। झारखंड में रांची के तीन और जमशेदपुर में एक स्थान पर दबिश दी गई है। जिन ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, वहां सुरक्षा के मद्देनजर सीआरपीएफ के जवानों को तैनात किया गया है। दोनों राज्यों के




कारोबारियों ने कुल 14,325 करोड़ रुपए के फर्जी जीएसटी इनवॉइस बनाकर 800 करोड़ से ज्यादा के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया था। जिन कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है, उनमें शिवकुमार देवरा, सुमित गुप्ता, अमित गुप्ता एवं अन्य शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर हादसा

## आईईडी ब्लास्ट में 5 जवान हुए शहीद, 10 नक्सली भी ढेर

एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर एंटी नक्सल ऑपरेशन में निकले जवानों पर माओवादियों ने आईईडी ब्लास्ट कर दिया। इस अटैक में 5 जवान शहीद हो गए हैं। यह ब्लास्ट मुलुगू जिले के जंगल में नक्सलियों द्वारा किया गया है। जवाबी कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बल के जवानों ने 10 माओवादियों को मार गिराया गया, जिसमें कई बड़े कैडर के नक्सली शामिल हैं।




जानकारी के मुताबिक तेलंगाना ग्रेहाउंड्स बल के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे, जिसमें से कुछ जवान विस्फोट में घायल भी हुए हैं। घायल जवानों को रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती किया है। विस्फोट के बाद माओवादियों की ओर से भारी गोलीबारी की गई है।

### अब सैटेलाइट से चलेगा इंटरनेट

## मस्क की स्टारलिंक को मिली मंजूरी, डीओटी ने दिया है पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एलन मस्क की स्टारलिंक को भारत में अपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस को रोल आउट करने के लिए भारत सरकार से मंजूरी मिल गई है। स्टारलिंक को दूरसंचार विभाग यानी डीओटी द्वारा लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी किया गया है। हालांकि कंपनी को अभी तक फाइनल लाइसेंस नहीं मिला है, जिसे 'ऑल लाइसेंस कंडीशंस' को पूरा करने पर जारी किया जाएगा।




### 23 हजार फेसबुक पेज बैन

मेटा ने मार्च 2025 में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 23,000 से अधिक फेसबुक पेज और अकाउंट्स को हटा दिया जो भारत और ब्राजील में लोगों को नकली निवेश योजनाओं और जुए के एप्स के जरिए ठग रहे थे।

## व्यवसाईयों को आयोडीन टिंचर से जांच उपरांत ही पनीर क्रय करने के निर्देश

# गरुड़ दल ने खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच कर की कार्यवाही

हरिभूमि, जबलपुर।

कलेक्टर दीपक सक्सेना के पनीर एवं एनालॉग पनीर पर कार्रवाई करने के निर्देश पर गरुड़ दल पनागर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा बुधवार एवं गुरुवार को लगातार कार्रवाई करते हुए रांझी, कांचघर, समदडिया ग्रीन सिटी, विजयनगर, करोंदानाला, पनागर आदि विभिन्न स्थानों के रेस्टोरेंट, होटल, डेयरियों की जांच की गई। मौके पर पनीर के स्थान पर एनालॉग पनीर होने की जांच आयोडीन किट के माध्यम से मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के केमिस्ट सौरभ गौतम द्वारा मौके पर ही की गई। समस्त व्यवसाईयों को आयोडीन टिंचर से जांच उपरांत ही पनीर क्रय करने के निर्देश दिए। साथ ही एनालॉग पनीर की खाद्य सामग्री निर्माण करने पर उनके मेनू में एनालॉग पनीर उपयोग करने संबंधी लिखित घोषणा करने केनिर्देश उपभोक्ताओं को सुनिश्चित कराने के लिए रेस्टोरेंट, होटल को मेनू कार्ड में उल्लेख करने के निर्देश दिए। रेस्टोरेंट, होटल, डेयरी संचालकों से पनीर की आपूर्ति स्थलों की जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संग्रहित की गई।



### एनालॉग पनीर को नहीं बेच सकते पनीर के नाम पर

कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि शहर में एनालॉग पनीर को पनीर के नाम पर विक्रय नहीं किया जावेगा। यदि एनालॉग पनीर का उपयोग किया जा रहा है, तो इसका स्पष्ट डिस्क्लोजर किए जाने की जवाबदेही खाद्य कारोबारकर्ता की होगी अन्यथा की स्थिति में ऐसा करते पाए जाने पर जप्ती एवं विनष्टीकरण की कार्रवाई मौके पर ही दल द्वारा की जावेगी। उक्त कार्रवाई के तारतम में नायब तहसीलदार प्रजीत बांसोड़ के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा स्थित दीनदयाल चौराहा स्थित शारदा भोजनालय से पनीर, दही, समदड़िया ग्रीन सिटी स्थित नेक्स्ट डोर कैफे से कोल्डड्रिंक्स,रांझी स्थित लक्ष्मी डेयरी से पनीर, नर्मदा डेयरी कांचघर दही व पनीर के नमूने संगीत किया इसके अतिरिक्त एक दर्जन से अधिक संस्थानों में निरीक्षण कर उपयोग किया जा रहे पनीर का प्राथमिक परीक्षण आयोडीन टिंचर की मदद से किया गया। निरीक्षण के दौरान गढ़ा स्थित शिवानी डेयरी के दही में आयोडीन परीक्षण पर नीला रंग आने पर उसका रेगुलेटरी नमूना लिया एवं संस्थान में संग्रहित लगभग 10 किलोग्राम दही को विनष्टीकरण कराया गया।

### मदर डेयरी से पनीर दही खोवा के लिये नमूने

गुरुवार को टीम द्वारा करोदानाला स्थित मदर डेयरी से पनीर दही खोवा के नमूने संग्रहित किये। अस्वास्थ्यकर व अस्वच्छकर परिस्थितियों में दही निर्माण करते पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। परियट स्थित श्री राम डेयरी एवं दुग्ध संकलन केंद्र से सपरेटा दही के नमूने एकत्रित किए। हाईवे स्थित होटल ढाबों पर सस्ता पनीर प्रयुक्त होने की सूचना पर नेशनल हाईवे पनागर स्थित होटल रूद्राक्ष फैमिली रेस्टोरेंट से पनीर, रजवाड़ा फैमिली रेस्टोरेंट से पनीर के नमूने एकत्रित किए। पनीर निर्माण संग्रहण एवं विक्रय में स्वच्छता संबंधी विशेष सावधानी रखने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि लाइसेंस प्रदर्शित न करने, फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड का प्रदर्शन न होने पर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। सभी नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला जांच हेतु भोपाल भेजा जाएगा। जांच में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाए जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नियमानुसार प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।



# सिविल डिफेंस सिस्टम को अपडेट करें: कलेक्टर

जबलपुर।

**मॉक ड्रिल के फीडबैक के संबंध में आयोजित बैठक में दिये निर्देश**

कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कल आयोजित मॉक ड्रिल के फीडबैक के संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक की। बैठक में मॉक ड्रिल के दौरान पाई गई कमियों को सुधार करने के निर्देश दिये तथा प्रदेश के अन्य चार जगह आयोजित मॉक ड्रिल में किये गये नवाचार के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेहतर तरीका क्या हो सकते हैं इस पर विचार कर नवाचार करें। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सिविल डिफेंस सिस्टम को अपडेट कर पूरी कार्ययोजना तैयार रखें। आपदा की स्थिति में सायरन सही समय पर बजाने, बचाव व राहत संसाधनों का समय पर सुनिश्चित करने आदि अनेक बिंदुओं पर चर्चा कर इसमें सुधार के निर्देश दिये। साथ ही कहा गया कि ब्लैक आउट के दौरान भी कुछ लोग सड़कों पर लाइट जलाते मिले, वहीं कुछ दुकानों व संस्थानों में भी प्रकाश बाहर से दिखाई दिया। कलेक्टर सक्सेना ने लोगों से अपील किया कि लोग स्वविवेक से नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से ब्लैक आउट के समय अपने-अपने घरों के लाईट को बंद कर देना चाहिए और ऐसी छदम स्थिति निर्मित कर देना चाहिए जिससे लगे कि यह अवासीय क्षेत्र नहीं है। ब्लैक आउट के संबंध में उन्होंने लोगों से जागरूक रहने की अपेक्षा व्यक्त की।

### वार्डन व वालिंटियर के पंजीयन के लिए फार्म रहेंगे उपलब्ध-

बैठक के दौरान होमगार्ड कमांडेंट ने बताया गया कि सिविल डिफेंस के लिए शहर के हर थानों में वार्डन व वालिंटियर के लिए फार्म उपलब्ध रहेंगे। जिसमें युवा शक्ति आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा तथा बचाव कार्य में अपनी सहभागिता कर योगदान दे सकते हैं। बैठक में डीआईजी अतुल सिंह, एसपी संपत उपाध्याय, नगर निगम कमिश्नर मती प्रीति यादव, अपर कलेक्टर सु मिशा सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित अन्य संबंधति अधिकारी मौजूद थे।

# फरार इनामी भू-माफिया गंगा पाठक का सहयोगी त्रिपाठी गिरफ्तार

## आदिवासियों की जमीन हड़पने का मामला, भेजा जेल

हरिभूमि, जबलपुर।

आदिवासियों की जमीन हड़पने के प्रकरण में फरार चल रहे इनामी भू-माफिया पत्रकार गंगा पाठक के सहयोगी द्वारका प्रसाद त्रिपाठी को तिलवारा पुलिस ने गौरीघाट स्थित उसके घर से बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी त्रिपाठी लंबे समय से फरार चल रहा था। स्वास्थ्य खराब होने के चलते वह अपने घर पहुंचा था। जिसकी भनक लगते ही क्राइम ब्रांच और तिलवारा पुलिस ने संयुक्त टीम बनाकर दबिश दी। आरोपी घर पर आराम फरमा रहा था जिसे गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।



### नारायण को पहले ही दबोचा

गौरतलब है कि इससे पूर्व आदिवासियों की जमीन और भूमाफिया गंगा पाठक के फर्जीवाड़े के मामले में व्हीकल फैक्ट्री के सेवानिवृत्त कर्मचारी काचंघर निवासी नारायण श्रीवास की गिरफ्तारी हो चुकी है। तिलवारा थाना में चंदन सिंह की जमीन में किए गए फर्जीवाड़े में द्वारका प्रसाद त्रिपाठी क्रेता और नारायण गवाह था। आरोपी गंगा पाठक, उसकी पत्नी ममता पाठक सहित अन्य फरार है।

### हर फर्जीवाड़े में रहते थे साथ

नामजद किए गए आरोपियों में पाठक दंपती के साथ जमीन की रजिस्ट्री से जुड़े वेंडर, गवाह व दलाल शामिल हैं। गिरफ्तार हो चुके नारायण और द्वारका की फरार आरोपी गंगा पाठक से लंबे समय से जान-पहचान होना बताया जा रहा है। गंगा पाठक जमीनों के फर्जीवाड़े में दोनों आरोपियों को अपने साथ रखता था।

### यह भी बने हैं आरोपी

मामले में ओमप्रकाश त्रिपाठी निवासी पोलीपाथर, संजीव श्रीवास्तव सैनिक सोसायटी, भारत मेहरा खहरिया जिला कटनी, दीपक मिश्रा खहरिया जबलपुर, नारायण प्रसाद श्रीवास, रामकुमार मांझी, दीपक कुमार साहू भी आरोपी है।

### यह हैं मामला

जिले में बरगी एवं तिलवारा थाना क्षेत्र में भू अभिलेख में हेराफेरी कर आदिवासियों की जमीन हड़पने का षड्यंत्र उजागर होने पर पुलिस ने पत्रकार और भूमाफिया गंगा पाठक, उसकी पत्नी ममता पाठक सहित 10 आरोपितों के विरुद्ध धोखाधड़ी और एससीएसटी एक्ट की धाराओं के अंतर्गत आपराधिक मामला पंजीबद्ध किया था।

# तीन-तीन हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित

### खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

**जबलपुर।** संचालनालय, भोपाल द्वारा एनएफएसए अन्तर्गत सम्मिलित समस्त पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी करने के निर्देश जारी किए है। ई-केवायसी कराने से शेष हितग्राहियों को अवसर देते हुए शासन ने इसकी तिथि बढ़ाकर 15 मई कर दी गई है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती नुजहत बकाई ने बताया कि ई-केवायसी करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही कहा कि इस संबंध में जिले में जिन शासकीय उचित मूल्य दुकानों द्वारा बहुत कम संख्या में ई-केवायसी की गई है, उनके विरुद्ध सहायक आपूर्ति अधिकारी, श्री संजय खरे द्वारा म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत किये गये थे। जिसके आधार पर राशन दुकान के विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। विक्रेताओं द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधानकारक न होने के कारण उन्होंने राशन दुकान क्रमांक 3316175, 3316176, 3316225, 3316226, 3316268, 3316270, 3316279, 3316284, 3316288, 3316307, 3316322, 3316436 एवं 3316438 की जमा प्रतिभूति राशि में से तीन-तीन हजार रुपये राजसात किये गये है। उन्होंने विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि वे 3 दिवस में 90 प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा उनकी दुकान निलंबित करने की कार्रवाई की जावेगी।

# बादलों की आवाजाही के बीच बारिश के आसार

## हलकी बूंदाबांदी के बीच उमस बढ़ी

**जबलपुर।** राजस्थान के ऊपर हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है वहीं प्रदेश के मध्य क्षेत्र में चक्रवात बन रहा है जिसका असर पूर्वी मध्य प्रदेश के ऊपर पड़ेगा। ९ से ११ मई के बीच असमान पर बादल छाये रहेंगे और कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती है वहीं कुछ क्षेत्रों मे हल्की वर्षा भी हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक बादलों के छाने से हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र बन गया है, जिससे संभाग के जिलों में कहीं-कहीं छुटपुट वर्षा हो सकती है। पश्चिमी हवाओं के कारण वातावरण में गर्मी बनी हुई है। दोपहर में कड़ी धूप की वजह से सड़कें सूनी होने लगी हैं। लोग धूप से बचने के टोपी, गमछा बांधकर निकलने लगे हैं। इस बीच बादल छाने से उमस भरी गर्मी बढ़ गई है। गुरुवार को सुबह धूप खिली रही दोपहर में हलकी बूंदाबांदी हुई बादल छा गये, फिर मौसम साफ हो गया, मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान तेज हवाएं चलने और बूंदाबांदी की संभावना व्यक्त की है।

मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर व संभाग के जिलों में बादलों के छाने से हवा के कम दबाव वाला क्षेत्र प्रभावी हो गया है।आसमान पर बदली के छाने से उमस बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान 35.7 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज



किया गया, जो सामान्य से 5 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस सामान्य से २ डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 46 प्रतिशत और सायंकाल 36 प्रतिशत आंकी गई। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। उत्तर पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ जिलों में वर्षा या गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। सुर्योदय प्रातः 5.32 पर हुआ और सूर्यास्त 5.41 पर होगा। प्रदेश में सबसे अधिक 39.6 डिग्री तापमान नरसिंहपुर में दर्ज किया गया।

# सिस्टम ने रोकी पेट्रोल-डीजल की सप्लाई

हरिभूमि, जबलपुर।

सिस्टम में एरर होने के चलते हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड (एचपीसीएल) के शहपुरा डिपो से सप्लाई नही होने की वजह से शहर समेत पड़ोसी जिलो के अधिकांश पेट्रोल पंप ड्राई हो गए। सिस्टम में अचानक हुई खराबी और दो दिन लगातार लोडिंग न होने की वजह से डीलरों में हड़कंप मच गया। डीलरों का कहना रहा अगर हालात जल्द नहीं सुधरे तो इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ेगा। वहीं कंपनी के अधिकारियों ने जल्द पुनः सप्लाई प्रारंभ करने का दावा किया है।

### शहपुरा से होती है सप्लाई

गौरतलब है कि शहपुरा डिपो से जबलपुर के अलावा कटनी, रीवा, सतना, शहडोल, मंडला, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, नरसिंहपुर स्थित डीलरों को पेट्रोल-डीजल की सप्लाई की जाती है। दो दिन से सिस्टम में आई खराबी के चलते अधिकांश पंप ड्राई हो चुके है जिसके चलते डीलरों में हड़कंप मचा हुआ है।

**एचपीसीएल के शहर समेत पड़ोसी जिलों के अधिकांश पंप हुए ड्राई, मचा हड़कंप**

### टैंकरों की लगी लंबी कतार

अचानक हुई खराबी की वजह से लोड लेने पहुंचे पड़ोसी जिलों के टैंकर चालक शहपुरा डिपो के बाहर समाचार लिखे जाने तक लंबी कतार लगाए खड़े देखे गए। चर्चा में उन्होंने बताया कि दो दिन से सप्लाई बंद होने की वजह से वह अपने गंतव्य तक नहीं जा पा रहे है। हालांकि जल्द हालात सुधरने की बात कंपनी के अधिकारियों द्वारा की गई है।

## पुलिस कप्तान ने कहा आदतन अपराधियों एवं चाकूबाजों पर करें प्रभावी कार्रवाई

# गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की जल्द करें गिरफ्तारी

हरिभूमि, जबलपुर।

गंभीर अपराध जिनमें आरोपी फरार हैं, उन आरोपियों पर इनाम उद्घोषित कराकर शीघ्र करें गिरफ्तारी करें। इसके साथ ही सक्रीय गुण्डा-बदमाश एवं चाकूबाजों पर प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें। उक्त निर्देश पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने अपराध समीक्षा बैठक के दौरान अधीनस्थों को दिए। बैठक में कप्तान उपाध्याय द्वारा त्रिवार्षिक तुलनात्मक भादंवि/बीएनएस तथा प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गयी। कप्तान द्वारा थानावार लंबित गम्भीर अपराध हत्या एवं हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी एवं एससीएसटी एक्ट, धोखाधड़ी तथा महिला सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा की गयी एवं लंबित अपराधों कें निराकरण के सम्बंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए। बैठक में उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधी जिनके 2 या 2 से अधिक अपराध हैं। सभी का फायनल बाउंड ओवर कराए ताकि बंध पत्र का उल्लंघन करने पर धारा 141 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 122 जाफौ के तहत कार्रवाई की जा सकें।

### सीसीटीव्ही से रखे संवेदनशील स्थानों पर नजर

कप्तान ने थाना क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों,






कालोनी एरिया आदि में और अधिक सीसीटीव्ही कैमरे लगवाने के लिए आदेशित करते हुए थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, स्थानीय जनों की बैठक लेते हुए उनसे संवाद स्थापित कर, जनसहयोग से सीसीटीव्ही लगाने के लिए स्थान चिन्हित करते हुए और अधिक से अधिक सीसीटीव्ही कैमरे लगाते हुए थाने में एक मिनी कन्ट्रोल रूम बनवायें जहॉ से चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में निगाह रखी जा सके। संवाद बैठक के दौरान और जो भी सुझाव आते है, उस पर अमल करने तथा जो समस्या आती है उनका निराकरण करने के लिए आदेशित किया गया है।

### निष्पक्ष कार्यवाही के दिए निर्देश

पुलिस कप्तान ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लड़ाई-झगड़े या छोटी सी घटना की जानकारी भी लगती है तो तत्काल मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा हमारी कार्यवाही निष्पक्ष होना चाहिए हमारा प्रमुख उद्देश्य शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखना है इसमे किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होना चाहिए। आपकी कार्यवाही से आम नागरिकों में पुलिस के प्रति सुरक्षा का भाव हो तथा असमाजिक तत्वों, गुंडे बदमाशों में पुलिस का खौफ होना चाहिए।

### यह रहे उपस्थित-

समीक्षा बैठक में कप्तान के साथ एएसपी सिटी आनंद कलादगी, एएसपी क्राइम सोनाली दुबे, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी समर वर्मा समेत सभी सीएसपी, थाना प्रभारी शहर-देहात उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भगवान नरसिंह मंदिर का प्राकट्य महोत्सव आज से



**जबलपुर।** भगवान नरसिंह के प्राकट्य पर नरसिंह मंदिर में शुक्रवार 9 मई से 3 दिवसीय वैदिक महोत्सव का शुभारंभ किया जा रहा हैं। 9 मई से 11 मई तक वैदिक अनुष्ठान नरसिंह मंदिर में श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया है। भगवान नरसिंह के प्राकट्य महोत्सव में वैशाख शुक्ल प्रदोष 9 से 11 मई तक सुबह 10 बजे से 12 बजे षोडशोपचार पूजन, महाभिषेक, श्री लक्ष्मी नरसिंह महामंत्र का जाप, भोग आरती, सायं 4 बजे से 7 बजे सहस्त्रार्चन, हवन, तर्पण, महाआरती की जाएगी। वैशाख शुक्ल नृसिंह चतुर्दशी 11 मई को प्रातः महाभिषेक, षोडशोपचार पूजन, दिव्य श्रृंगार, नाम जप, सायं काल 4 बजे से सहस्त्रार्चन, हवन, तर्पण महाआरती और भोग भंडारा आयोजित किया गया है।

### विधिक जागरूकता व साक्षरता शिविर आयोजित

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में ग्राम कारीवाह में विधिक जागरुकता व साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्रारिकरण, जबलपुर के अध्यक्ष प्रधान जिला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक अवस्थी के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा ने शिविर में महिलाओं के अधिकारों के बारे में बताया। घरेलू हिंसा, पीड़ित प्रतिकर के संबंध में जानकारी दी। 10 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत के महत्व के बारे में भी ग्रामीणजन को जानकारी प्रदान की गई।

### सरस की कृति दोहे का विमोचन आज

**सिहोरा।** नगर की साहित्यकार सुषमा वीरेंद्र खरे सरस की कृति बुंदेली किस्से और कहानियाँ और उनपर दोहे का विमोचन आज शुक्रवार को दोपहर 3 बजे छोटू महाराज सभागार में होगा नगर के समस्त साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

### कृष्ण जन्मोत्सव पर झूम उठे भक्त, ब्रम्हचारी चैतन्यानंद जी का पादुका पूजन हुआ

# भक्तों का कल्याण करने अवतार लेते हैं भगवान : सुरेंद्र शास्त्री

हरिभूमि, जबलपुर।



पंजाब बैंक कालोनी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग के पश्चात भगवान श्री कृष्ण के जन्म की मनोहर झांकी देखकर सभी श्रोता आनंदकंद भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाने लगे। भक्ति में मंत्रमुग्ध होकर श्रोताओं ने जमकर नृत्य किया। खुशियों के बीच भगवान श्री कृष्ण के जयकारों से समूचा क्षेत्र गूंज उठा। कथा में पहुंचे ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज का पादुका पूजन कर शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने कथा व्यास सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज का चुनरी उढ़ाकर सम्मान किया।व्यास पीठ से कथावाचक शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि हर युग में भगवान अधर्म एवं पापियों का नाश, धर्म का उत्थान एवं अपने भक्तों का कल्याण करने के लिए अवतार लेते हैं। पापियों का संहार करके अपने भक्तों की रक्षा करते हैं।व्यासपीठ एवं देवी देवताओं का पूजन अर्चन पंडित अमित उपाध्याय, संजय शास्त्री ने संपन्न कराया। इस दौरान अहिल्या शुक्ला, राकेश शुक्ला, राजेश शुक्ला, नरेश , नीलेश, राजेश्वरी, निर्मला, रचना, स्वर्णलता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

**भजनों पर नृत्य, पुष्प वर्षा-**

कथा के दौरान श्री कृष्ण भगवान के प्रकट उत्सव पर भजन गायक शिवा विश्वकर्मा ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। भजनों पर भक्तों ने भक्ति भाव से जमकर नृत्य किया और श्रीकृष्ण प्रकट उत्सव की खुशियां मनाई। भक्ति में झूम रहे भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई।

**लड्डू, फल, बेल का शरबत बांटा-**

श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान को फल, गुड़ के लड्डू, बेल का शरबत एवं माखन का भोग लगाया गया। कथा के समापन पर भगवान की मंगल आरती हुई लड्डू, फल, बेल का शरबत उपस्थित भक्तों में प्रसाद के रूप में बांटा गया।





# 59 ब्राह्मण बटुकों ने धारण किया यज्ञोपवीत

### ब्राह्मण समाज सिहोरा युवा मंडल का महाकाली मंदिर खितौला में आयोजन

**सिहोरा।** आज से मैं वास्तविक रूप में ब्राह्मण बन चुका हूं और आज से मैं संकल्प लेता हूं कि मैं अपनी माता-पिता की आज्ञा का सदैव पालन करूंगा,बड़ों का आदर सम्मान करुंगा,नग्न होकर कभी स्नान नहीं करूंगा,नारी शक्ति का सदैव सम्मान करुंगा,कभी भी हरे वृक्षों को कोई नुकसान नहीं पहुंचाऊंगा और सदैव अपने समाज के उत्थान के लिए कार्य करूंगा ।ऐसे ही अनेक संकल्प आज यज्ञोपवीत संस्कार के दौरान विभिन्न शहरों ग्रामों से आए ब्राह्मण बाटुको ने संस्कार के दौरान माता महाकाली मंदिर खितौला में आचार्य सुरेन्द्र दास जी महाराज के सानिध्य में धारण किया। ब्राह्मण समाज सिहोरा युवा मंडल द्वारा यह लगातार तेरहवां संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसने पिछले बटुकों की संख्या के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड दिए।

आचार्य सुरेंद्र दास जी महाराज ने बटुकों को बताया कि हिन्दू धर्म के 16 संस्कारों में से एक 'उपनयन संस्कार' प्रथम संस्कार है।इसके अंतर्गत ही जनेऊ पहनी जाती है, जिसे 'यज्ञोपवीत धारण करने वाले व्यक्ति को सभी नियमों का पालन करना अनिवार्य होता है। यज्ञोपवीत संस्कार धारण करने के उपरांत सभी 55 बटकों ने पहले तो विधि विधान से जनेऊ धारण किया और उसके बाद संस्कार के संकल्पों को पूरा करने का प्रण लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक,नंदकुमार परोहा, समाज के अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया, युवा मंडल अध्यक्ष आलोक पांडे, नरेंद्र त्रिपाठी, रवि प्रकाश दुबे, सुनील तिवारी, सतेन्द्र तिवारी, प्रशांत बाजपेयी, अनिरुद्ध त्रिवेदी, नारायण तिवारी, अरविंद उपाध्याय, नवनीत शुक्ला, प्रकाश दुबे, माधव मिश्रा,अनिल दुबे,अंकित तिवारी, सहित अनेक विप्रो का योगदान रहा।

# ऑपरेशन सिंदूर : न भूले, न छोड़ा...घर में घुसकर तोड़ा



**जबलपुर।** पहलगाम के आतंकी हमले की प्रतिक्रिया में भारत द्वारा बीती रात दिखाए गए सैन्य पराक्रम से हर भारतवासी का मस्तक गर्व से चमक रहा है। पाकिस्तान पर आतंकी हमले के बाद देश में जश्न का माहौल है। बुधवार की सुबह जैसे ही लोग उठे और उन्हें भारतीय सेना के एयर स्ट्राइक की जानकारी हुई तो लोग खुशी से झूम उठे। भारत माता की जय, जय हिन्द की सेना के नारे लगाते हुए लोग घरों से लेकर सड़कों तक दिखे। बगलामुखी मंदिर में ब्रम्हचासरी चैतन्यानंद महाराज ने पाकिस्तान पर हुए हमले का स्वागत करते हुए दीप जलाकर और आतिशबाजी कर जश्न मनाया। उन्होंने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता के नारे लगाए।

# हमारा साथ देश के साथ : देशहित में निःशुल्क सेवाएं देने का लिया संकल्प



**जबलपुर।** एक कार्यक्रम में जिसमें डॉक्टर, वकील, इंजीनियरिंग, पत्रकार और काफ़ी संख्या में बुद्धिजीवी शामिल हुए इसमें सबने शपथ ली कि यदि भारत-पाकिस्तान युद्ध होता है तो वो अपनी सेवाएं निःशुल्क देशहित में प्रदान करेंगे। देशहित में तन, मन, धन से देश हित में सहयोग देंगे। साथ ही भ्रामक स्थितियों से बचा जाए और आपात स्थिति में कैसे लोगों की मदद करनी है, इस पर गहन चर्चा हुई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया के मार्गदर्शन में डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. आशीष डेंगरा, डॉ. अभिजीत जैन, एड. विवेक शुक्ला, जुबेर सर और अन्य उपस्थित रहे।

### एलायंस क्लब जबलपुर मारबल रॉक्स ने लगाये सकोरे

**जबलपुर।** एलायंस क्लब जबलपुर मारबल रॉक्स द्वारा पर्यावरण और भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए नेपियर टाउन भवानी प्लाजा गार्डन चौथापुल में सकोरा लगाये गए। भीषण गर्मी से पक्षियों को हो रही परेशानियों के लिए जल भरकर रखे गए, तथा सभी सकोरों को पेड़ में बांधा गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट सचिव विभा ब्यौहार, लेडिज सचिव सुमन राय, नम्रता साहू, सारिका साहू, आदि उपस्थित रहे।

# शिविर में तैयार हो रहे भविष्य के फुटबाल खिलाड़ी



**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण शिविर में छह से सोलह वर्ष के 100 से अधिक लड़के व पांच लड़कियां सुबह और शाम सघन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खिलाड़ियों को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के फुटबाल प्रभारी कुलदीप बहादुर, पवन पटेल, मनोज कुमरे, राजेश सिंह, क्रिस्टोफर नरोन्हा, हरीश नायक व पूर्व खिलाड़ी एएम बहादुर प्रशिक्षण दे रहे हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारियों ने फुटबाल शिविर का निरीक्षण कर प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह बढ़ाया। शिविर में प्रशिक्षक नवोदित खिलाड़ियों को फुटबाल की बारीकियों के साथ फिजीकल फिटनेस के संबंध में सैद्धांतिक व व्यावहारिक तथ्यों की महत्वपूर्ण जानकारी दे रहे हैं। शिविर के प्रशिक्षक नवोदित खिलाड़ियों को लांग पासए शार्ट पास, पुश पास, लांग किक, शार्ट किक, ड्रिब्लिग, हेडिंग, बॉल कंट्रोलिंग, जगलिंग सहित मैदान की तकनीकियों से अवगत करा रहे हैं। शिविर के प्रशिक्षकों को आशा है कि शिविर से निश्चित रूप से कई उदीयमान फुटबाल खिलाड़ी उभरेंगे, जो प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय एवं कला परिषद के साथ विद्युत परिवार का नाम रोशन करेंगे।

# वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय महासचिव व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अभिनंदन समारोह संपन्न



**जबलपुर।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा में राजेंद्र अजय पदम को राष्ट्रीय महासचिव एवं रतन डागौर को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर नगर कार्यकारिणी द्वारा अभिनंदन समारोह दिनांक 05 मई को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दोनों राष्ट्रीय पदाधिकारी को पगड़ी बांधकर शाल, श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैंट विधायक अशोक रोहिणी एवं नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज के साथ प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम डागौर, महेश कटारे, मुकेश धौलपुर, नवीन चंदेल, चमन लाल दोहरे, सुनील गौहर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान विधायक अशोक रोहाणी का एवं नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज का शाल, श्रीफल देकर सामाजिक अभिनंदन किया गया] दोनों राष्ट्रीय पदाधिकारी ने अपने-अपने उद्बोधन में परम पूज्य बालयोगी उमेश नाथ महाराज का आशीर्वाद और अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा साहब का आभार किया। अशोक रोहाणी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं समाज और आपके साथ हमेशा साथ हूं। कार्यक्रम में घनश्याम बौद्ध, घनश्याम बोहित, बलराम बागड़ी, सुरेश चौहान, सतीश करोसिया, नीरज टैगोर, राजा ठाकुर, आदि बड़ी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित थे।



बच्चों को गायत्री मंत्र, योग की विभिन्न विधाए सिखाईं

# गायत्री परिवार का पांच दिवसीय समर कैम्प सम्पन्न

**जबलपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में पांच दिवसीय समर कैंप के समापन का आयोजन गायत्री परिवार, जबलपुर गायत्री शक्तिपीठ की ट्रस्टी श्रीमती कविता तिवारी, वाइस ऑफ प्रज्ञा की दीप्ति मिश्रा, मधु नामदेव, शिविर प्रशिक्षक प्रमेन्द्र जाट की उपस्थिति में विजयनगर 90 क्वार्टर स्थित मनोकामना मंदिर में गायत्री दीप महायज्ञ के साथ विधिवत संपन्न हुआ।**

इस दौरान समर कैंप प्रशिक्षक प्रमेन्द्र जाट ने बताया कि इस पांच दिवसीय समर कैंप में बच्चों को नए-नए गुर सिखाए गए जिसमें गायत्री मंत्र, योग की विभिन्न विधाएं, स्वस्थ रहने की कला, परीक्षा में अधिक अंक लाने की कला, चित्रकला, बुद्धि बढ़ाने की वैज्ञानिक विधि, मानवीय गुण विकसित करने जैसे ममता, दया, करुणा, प्रेम, शिष्टाचार, सहयोग आदि गुणों को विकसित करने के सूत्र प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। समर कैंप में रुपाली कुचिया, प्रतिभा चौबे, अनुराधा गर्ग, सीमा द्विवेदी, श्वेता सिंह, आर्या चौबे, प्रीति जैन का उल्लेखनीय योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, राजेश पटेल, देवसिंह उइके, पं.अरुण तिवारी ने आयोजकों को अपनी शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# छात्र-छात्राओं के मोबाइल से वीडियो डिलीट कराने एसपी के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय परिषद ने ट्रिपल आईटीडीएस की जूनियर छात्रा द्वारा बनाया सीनियर छात्रा का नहाने वाला वीडियो डिलिट करने तथा आरोपी छात्र-छात्रा को गिरफ्तार करने ज्ञापन 08 मई को सीएसपी के माध्यम से एसपी के नाम सौंपा। रादुविवि संयोजक, अधिवक्ता धीरज सिंह ठाकुर ने बताया कि विगत दिवस जबलपुर ट्रिपल आईटीडीएम में जूनियर द्वारा सीनियर छात्रा का वीडियो बनाने वाली घटना शैक्षणिक संस्थान को शर्मशार करती है। इस प्रकार का कार्य करने वालों को सजा मिलना जरूरी है, ऐसी कार्यवाही से घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकती है। ज्ञापन देते समय महेश बेन, एड. अखिलेश सिंह, दीपक सिंह राजपूत, एड. शैलेष नामदेव, सौरभ जैन, दिलशाद खान, जीशान, अभिनव श्रीवास्तव, एड. अनुराग सिंह, गयाप्रसाद धुर्वे, नितेश सैनी, प्रमोद दुबे, अमित कोरी, नरेश मंध्यानी, एड. नितिन करण, एड. विद्याशंकर शुक्ला, अभिषेक सिंह, आशीष भटकर आदि उपस्थित रहे।




**श्री जगदीश प्रसाद तिवारी-** गढ़ाफाटक जगदीश मंदिर के पास निवासी श्री जगदीश प्रसाद तिवारी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सरला सिंह-** सत्यानंद विहार रामपुर निवासी श्री बीएन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सरला सिंह (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री केके मिश्रा-** कोतवाली राजा सागर मार्ग निवासी श्री केके मिश्रा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती नीलम गुप्ता-** शीतलामाई वार्ड निवासी श्री मुकेश गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम गुप्ता (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गिरिराज अग्रवाल-** संजीवनी नगर निवासी श्री गिरिराज अग्रवाल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अजय केसरवानी-** राठी कॉलोनी बल्देवबाग निवासी श्री अजय केसरवानी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री आनंद सेठिया-** तमरहाई स्थित टंटे सुनार का बाड़ा निवासी श्री आनंद सेठिया (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती छुट्टन बाई-** होली चौक सदर निवासी श्री पुस्सू लाल की धर्मपत्नी श्रीमती छुट्टन बाई (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अभिषेक सोनी-** गोपाल विहार महेश भवन निवासी श्री संतोष सोनी के पुत्र श्री अभिषेक सोनी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शंकर लाल ठाकुर-** समदड़िया नगर कांचघर निवासी श्री शंकर लाल ठाकुर (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप कौशल-** आगा चौक रानीताल निवासी श्री प्रदीप कौशल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कल्याणी चटर्जी-** नानक नगर रांझी निवासी श्री अमरेंद्र नाथ चटर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती कल्याणी चटर्जी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# विश्व रेडक्रास दिवस पर लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों

**जबलपुर।** विश्व रेडक्रास दिवस के उपलक्ष्य में जिले में वृद्धाश्रम बाजनामठ में रेडक्रास द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत अंतःवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र आदि की जॉच कर देवजी नेत्रालय के चिकित्सक एवं आयुष विभाग की टीम द्वारा दवाईयाँ वितरित की गई।

आयोजित कार्यक्रम मेंआशीष दीक्षित, सचिव, इंडियन रेडक्रास सोसायटी, डॉ. सुनील मिश्रा, राज्य स्तरीय प्रबंध समिति सदस्य,नीरज वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य,सुशील मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य,नरेश ग्रोवर, कार्यकारिणी सदस्य,हेमंत मोढ़, कार्यकारिणी सदस्य एवंसुनील गर्ग, कार्यकारिणी सदस्य द्वारा संस्थापक सर हेनरी ड्युनाट् के चित्र में दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। इंडियन रेडक्रास उपरोक्त कार्यक्रम में इंडियन रेडक्रास सोसायटी, जबलपुर सेसंदीप मिश्रा, श्रीमती रेवेन्दु सिंह,विजय सिंह ठाकुर,विक्रम सिंह पटेल,विपिन शर्मा, संतोष सेन, जलील अहमद का सराहनीय सहयोग रहा। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर थैलेसिमिया बीमारी से पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ सुविधा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर जबलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 21 यूनिट रक्त जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक टीम द्वारा रक्त संग्रहित किया।

**CHANGE OF NAME**

I, PARWATI (existing Name of spouse as per Service Record) is legally wedded spouse of No. 10390602H RANK SEP NAME PURUSHOTTAM PATEL presently residing at VILL-BARARU, PO-BARARU, TEH-SAGAR, DISTT-SAGAR (MP)- 470001 I, have changed my name from PARWATI (Name as per my Husband Army service records) to PARWATI PATEL (name as per my AADHAR CARD, PAN CARD, AND MY BIRTH CERTIFICATE vide affidavit dated 08/05/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA Jabalpur MP (Name and place of Court).

CORRECT NAME - PARWATI PATEL
INCORRECT NAME - PARWATI

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

1, TARA GOHE is legally Father of No 10390344N Rank L/NK Name SHRI AJAY KUMAR GOHE presently, residing at VILL- HASALPUR, TEH-MULTAI, PO-BORKHI, DISTT- BETUL (MP)-460553 I, have changed of my date of birth from 01/07/1956 (date of birth as per my SON, Army service records) to 28/01/1951 (date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 08/05/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT DATE OF BIRTH 28/01/1951
INCORRECT DATE OF BIRTH 01/07/1956

**CHANGE OF DATE OF BIRTH**

I, SHANKARLAL GOHE is legally Father of No 10390344N Rank L/NK Name SHRI AJAY KUMAR GOHE presently, residing at VILL-HASALPUR, TEH-MULTAI, PO-BORKHI, DISTT- BETUL (MP)-460553 I, have changed of my date of birth from 01/07/1951 (date of birth as per my SON, Army service records) to 16/06/1940 (date of birth as per my AADHAR CARD vide affidavit dated 08/05/2025 (date of affidavit) formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (Name and place of Court).

CORRECT DATE OF BIRTH 16/06/1940
INCORRECT DATE OF BIRTH 01/07/1951

## खबर संक्षेप

### टाटा केमिकल्स को 67 करोड़ रुपए का घाटा



**नई दिल्ली।** टाटा केमिकल्स को मार्च में समाप्त बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 67 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। एक साल पहले की अवधि में कंपनी को 818 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। कुल आय मामूली घटकर 3,551 करोड़ रुपये रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 3,589 करोड़ रुपये थी।

### ब्लू स्टार के मार्च तिमाही लाभ में 21 फीसदी वृद्धि

**नई दिल्ली।** घरेलू एयर कंडीशनर (एसी) कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड का मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 21 प्रतिशत बढ़कर 194 करोड़ रुपये हो गया है। राजस्व बढ़ने से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 159.71 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

### वोल्टास का मुनाफा चौथी तिमाही में दोगुना से ज्यादा

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाने वाली कंपनी वोल्टास ने बताया कि बीते वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ दोगुने से ज्यादा होकर 236 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि उसने इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 111 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

### पीएनबी के लाभ में 52 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक का बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 52 प्रतिशत उछलकर 4,567 करोड़ रुपये हो गया। पिछले वर्ष की चौथी तिमाही में बैंक ने 3,010 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। बैंक की कुल आय बढ़कर 36,705 करोड़ रुपये हो गई जबकि एक साल पहले की समान तिमाही में यह 32,361 करोड़ रुपये थी।

### कोल इंडिया का शुद्ध लाभ 12% बढ़कर 9,604 करोड़



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) का जनवरी-मार्च में समाप्त चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 9,604.02 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 8,572.14 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### आरईसी का लाभ चौथी तिमाही में 5.6% बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 5.66 प्रतिशत बढ़कर 4,309.98 करोड़ रुपये हो गया। बिजली क्षेत्र को वित्तपोषण उपलब्ध कराने वाली कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में 4,079.09 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, जनवरी-मार्च, 2025 में उसकी कुल आय बढ़कर 15,348.37 करोड़ रुपये हो गई।

# लगातार आगे बढ़ती रहेगी भारत की अर्थव्यवस्था, अमेरिका-चीन रह जाएंगे पीछे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की एक रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि आने वाले महीनों में दुनिया की इकोनॉमिक ग्रोथ में कमी आने वाली है। अमेरिका और चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाएं भी मंदी का शिकार हो सकती हैं।

- आने वाले महीनों में दुनिया की अर्थव्यवस्था वृद्धि में कमी आने वाली है

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 90 बेसिस पॉइंट की गिरावट आने की संभावना है, जबकि चीन की ग्रोथ में 60 बेसिस पॉइंट्स की कमी आ सकती है। हालांकि, इसके विपरीत भारत के सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति को बनाए रखने की संभावना है।

## कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स की रिपोर्ट में खुलासा

### देश का विनिर्माण सेक्टर हुआ मजबूत

भारतीय अर्थव्यवस्था की इस मजबूती के बीच उसकी तेज होती मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी है। भारत अपनी विनिर्माण क्षमता पर फोकस कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश की परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) नंबर लगातार तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, जो इसे दुनिया के कई दूसरे देशों से अलग रखता है। कई दूसरे पैमानों से मिले-जुले संकेतों के मिलने के बावजूद भारत का व्यापक आर्थिक परिदृश्य स्वस्थ बना हुआ है। इस बीच कर्ज में भी कमी आई है और सरकारी खर्च भी कुछ कम हुआ है, जिससे अर्थव्यवस्था को सहारा मिल रहा है।



### मानसून में अधिक बारिश से भी मिलेगी मदद

गौरतलब है कि इस साल देश में मानसून में सामान्य से ज्यादा बारिश का अनुमान लगाया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की मांगों में वृद्धि होने और महंगाई में कमी आने की संभावना है। इससे देश के एग्रीकल्चर सेक्टर को वक्त पर मदद मिल सकेगी।

### भारतीय शेयर बाजार का जोरदार कमबैक

रिपोर्ट में इस बात का भी जिक्र किया गया है कि भले ही वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही की आय उम्मीद से कम रही हो और पाकिस्तान के साथ भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहा हो, लेकिन भारतीय शेयर बाजार ने हालिया गिरावट के बाद जोरदार वापसी की है। घरेलू निवेशक भारतीय शेयरों पर जमकर पैसा लगा रहे हैं। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) भी लगातार दूसरे महीने जमकर खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि, रिपोर्ट में इस बात की भी चेतावनी दी गई है कि जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निकट भविष्य में बाजार अस्थिर रह सकता है।

## स्टारलिंक को दूरसंचार विभाग ने दी मंजूरी

# मस्क की स्टारलिंक को मिला आशय पत्र भारत में उपग्रह संचार सेवाओं का रास्ता खुला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*अमेरिका के अरबपति उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने दूरसंचार विभाग से मंजूरी मिलने के बाद भारत में उपग्रह संचार सेवाएं मुहैया कराने की ओर एक और कदम बढ़ाया है। उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि स्टारलिंक को उपग्रह संचार सेवाओं के लिए आशय पत्र जारी कर दिया गया है। हालांकि, परिचालन शुरू करने से पहले उसे अभी लाइसेंस हासिल करना होगा।*

स्टारलिंक एक उपग्रह इंटरनेट सेवा प्रदाता है। एयरोस्पेस विनिर्माता एवं अंतरिक्ष परिवहन कंपनी स्पेसएक्स द्वारा 2002 में इसकी स्थापना की गई थी। यह उपग्रह प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर दुनिया भर में उच्च-गति, कम-बाधा वाली ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदान करती है।

### स्टारलिंक का जियो व एयरटेल से इंटरनेट पहुंचाने समझौता

कंपनी ने भारत में अपने ग्राहकों तक स्टारलिंक का उच्च गति वाला इंटरनेट पहुंचाने के लिए शीर्ष दो दूरसंचार कंपनियों रिलायंस जियो और भारती एयरटेल के साथ समझौता किया है। पारंपरिक उपग्रह सेवाओं के उलट स्टारलिंक पृथ्वी की सतह के अपेक्षाकृत सबसे करीब निम्न पृथ्वी कक्षा या एलईओ उपग्रहों (पृथ्वी से 550 किलोमीटर ऊपर) का इस्तेमाल करती हैं।

### उपग्रह की संख्या अभी 7000

पारंपरिक उपग्रह सेवाएं आमतौर पर भूस्थिर उपग्रह पर निर्भर करती हैं। एलईओ उपग्रहों की संख्या अभी 7,000 है जो बढ़कर 40,000 से अधिक हो जाएगी।स्टारलिंक का उपग्रह इंटरनेट स्ट्रीमिंग, ऑनलाइन गेमिंग और वीडियो कॉलिंग के लिए सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है।



- संचार सेवाओं के लिए आशय पत्र जारी कर दिया गया
- परिचालन से पहले अभी लाइसेंस हासिल करना होगा
- स्टारलिंक एक उपग्रह इंटरनेट सेवा प्रदाता है

*डाउनलोड गति 200 एमबीपीएस तक : डाउनलोड की गति आमतौर पर 50 से 150 एमबीपीएस के बीच होती है, कभी-कभी यह 200 एमबीपीएस तक भी पहुंच जाती है। अधिकतर उपयोगकर्ता 100 एमबीपीएस से अधिक की गति का अनुभव करते हैं। स्टारलिंक तेजी से विस्तार कर रही है।*

*आसमान से ब्रॉडबैंड : स्टारलिंक उपग्रह 'आसमान से ब्रॉडबैंड' पहुंचाने के लिए जमीनी स्टेशन और उपयोगकर्ता टर्मिनल के साथ सामंजस्य स्थापित करते हैं।*

### आपदा के समय महत्वपूर्ण साबित हुई सेवाएं

अभी उत्तरी अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और एशिया, दक्षिण अमेरिका तथा अफ्रीका के कुछ हिस्सों सहित कई क्षेत्रों में यह सेवाएं मुहैया करा रही है। प्राकृतिक आपदाओं और संघर्षों के दौरान यह अक्सर महत्वपूर्ण साबित हुआ है। यूक्रेन और उसकी सेना को स्टारलिंक द्वारा प्रदान की जाने वाली रणनीतिक इंटरनेट सेवाएं इसका एक उदाहरण है।

### 100 से अधिक देशों में फैली है सेवाएं

स्पेसएक्स ने 2024 में तूफान हेलेन और मिल्टन से प्रभावित क्षेत्रों के लिए अपनी स्टारलिंक ब्रॉडबैंड सेवाएं मुफ्त में मुहैया कराई थी। स्टारलिंक की सेवाएं आज 100 से अधिक देशों में फैली हुई हैं। अब कंपनी की नजर भारत के आकर्षक सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवा बाजार पर है। फिक्की-ईवाई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 2022 के 8.4 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2033 तक 44 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

### *बिना किसी बाधा के सेवाएं देने में सक्षम*

*यह अत्यधिक ठंड, गर्मी, ओलावृष्टि, भारी बारिश और यहां तक कि आंधी के समय एवं दूरदराज इलाकों में बिना किसी बाधा के सेवाएं मुहैया कराने में भी सक्षम है। यह खासतौर पर ग्रामीण और उन इलाकों के लिए उपयुक्त है, जहां फाइबर या केबल जैसे पारंपरिक इंटरनेट माध्यम नहीं पहुंच पाए हैं।*

# सैमसंग ने 2024 में 10,000 करोड़ रुपए के टीवी बेचे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता सैमसंग ने भारतीय बाजार में टेलीविजन की बिक्री 2024 में 10,000 करोड़ रुपये के पार हो जाने के बाद इस साल दहाई अंक में वृद्धि का लक्ष्य रखा है।

- कंपनी ने इस साल दहाई अंक में वृद्धि का लक्ष्य रखा

कंपनी के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सैमसंग का मानना है कि बड़े स्क्रीन (55 इंच एवं उससे बड़े) वाले टीवी और कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी से लैस नए फीचर की मांग बढ़ने से यह वृद्धि संभव हो सकेगी। सैमसंग में वरिष्ठ निदेशक विपलेश डांग ने कहा कि भारतीय टीवी बाजार के लगभग एक-तिहाई हिस्से पर काबिज होना है, जिसमें प्रीमियम खंड सैमसंग के लिए सबसे बड़ा रहा है। 2024 टीवी उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण रहा, जिसमें बिक्री में गिरावट आई लेकिन सैमसंग को सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं और हमें बाजार की वृद्धि से आगे निकल जाने की उम्मीद है। मूल्य के लिहाज से हमने 10,000 करोड़ रुपये का कारोबार किया और हम इस मुकाम को हासिल करने वाले इकलौते ब्रांड रहे।


### 55 इंच से बड़े टीवी की मांग अधिक

काउंटरपॉइंट रिसर्च के मुताबिक, वर्ष 2024 में 55 इंच और उससे बड़े स्क्रीन वाले टीवी सेट की बिक्री बढ़ी और सैमसंग नौ प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ बाजार में अग्रणी रही है। वर्ष 2025 में बाजार के मामूली दर से बढ़ने की उम्मीद है लेकिन प्रीमियम उपकरणों की मांग महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# सोना 1,500 रुपए टूटा, चांदी में 740 रुपए का नुकसान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,500 रुपये घटकर 99,250 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता सोने की कीमत बुधवार को 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चार दिन से जारी तेजी के सिलसिले को तोड़ते हुए, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बृहस्पतिवार को 1,550 रुपये घटकर 98,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में यह 1,00,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष शोध विश्लेषक जिंस और मुद्रा जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''कई वैश्विक और घरेलू उत्प्रेरकों के एक साथ काम करने के कारण सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव रहा। त्रिवेदी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा



- सोने की कीमत घटकर 99,250 रुपए प्रति 10 ग्राम

बृहस्पतिवार को ब्रिटेन के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने में भारी गिरावट आई। यह उनके द्वारा किए गए वादों में से पहला सौदा था, जिससे सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों में मुनाफावसूली शुरू हो गई।

चांदी की कीमत बुधवार के बंद भाव 98,940 रुपये प्रति किलोग्राम से 740 रुपये गिरकर 98,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 20.69 डॉलर या 0.62 प्रतिशत गिरकर 3,343.81 डॉलर प्रति औंस रह गया।

### सराफा कीमतों के लिए अनुकूल स्थिति

जिंस बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष और भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से उपजे लगातार भू-राजनीतिक जोखिम सराफा कीमतों के लिए अनुकूल स्थिति बना रहे हैं।

# टोयोटा ने चालू वित्त वर्ष में रिकॉर्ड बिक्री की दर्ज



**टोक्यो।** जापान के शीर्ष मोटर वाहन कंपनी टोयोटा ने वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज करने की बृहस्पतिवार को सूचना दी। जनवरी-मार्च तिमाही में प्रमाणन घोटाले के कारण इसका लाभ आंशिक रूप से प्रभावित हुआ।कंपनी एक अप्रैल से 31 मार्च तक के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। टोयोटा मोटर कॉर्प के जनवरी-मार्च का शुद्ध लाभ कुल 664.6 अरब येन (4.6 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा, जो एक साल पहले उसी अवधि में 997.6 अरब येन रहा था। तिमाही में कुल बिक्री 12360 अरब येन (85.9 अरब अमेरिकी डॉलर) रही जो पिछले साल समान अवधि में 11000 अरब येन थी।

# बिल गेट्स 107 अरब डॉलर की संपत्ति करेंगे दान

एजेंसी ▶▶ सिएटल

दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार बिल गेट्स ने अपनी बची हुई 99 प्रतिशत प्रौद्योगिकी संपत्तियां गेट्स फाउंडेशन को दान करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की जिसकी अनुमानित कीमत 107 अरब डॉलर है। यह दान अब तक के सबसे बड़े परमार्थ कार्यों में से एक होगा।



- बिल ने यह संपत्ति गेट्स फाउंडेशन को दान करने की घोषणा की

मुद्रास्फीति के हिसाब से समायोजित किए जाने पर यह दान मशहूर उद्योगपति जॉन डी. रॉकफेलर और एंड्रयू कार्नेगी के ऐतिहासिक योगदान से भी आगे निकल गया है। बर्कशायर हैथवे के दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे ही दान की गई राशि के मामले में गेट्स से आगे निकल सकते हैं। बफे ने जिस संपत्ति को दान करने का संकल्प लिया है उसकी मौजूदा अनुमानित कीमत फोर्ब्स ने 160 अरब डॉलर आंकी है। शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव होने पर इसका मूल्य और भी अधिक हो सकता है। अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक गेट्स का यह दान गेट्स फाउंडेशन को समय के साथ दिया जाएगा। इससे फाउंडेशन को अगले 20 वर्षों में 200 अरब डॉलर की अतिरिक्त राशि खर्च करने की सुविधा मिल जाएगी।

*फाउंडेशन की समयसीमा 2045 तक बढ़ाई गई*

*पहले फाउंडेशन को गेट्स के निधन के दो दशक बाद बंद करने की योजना बनाई गई थी लेकिन अब इसकी समयसीमा 2045 तय कर दी गई है। अपने शेष दो दशक में फाउंडेशन प्रति वर्ष लगभग नौ अरब डॉलर का बजट बनाए रखेगा।*

## एनटीपीसी आज एनसीडी से 4,000 करोड़ जुटाएगी...




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने कहा कि उसने नौ मई को निजी नियोजन (प्लेसमेंट) के आधार पर गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करके 4,000 करोड़ रुपये जुटाने का फैसला किया है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि वह इस राशि का उपयोग पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण, मौजूदा कर्ज के पुनर्वित्तपोषण और अन्य सामान्य कंपनी कामकाज के लिए करेगी। सूचना के अनुसार, एनटीपीसी ने 29 जून, 2024 को बोर्ड के प्रस्ताव और 29 अगस्त, 2024 को शेयरधारकों के प्रस्ताव के माध्यम से प्राप्त अनुमोदन के तहत, नौ मई, 2025 को 4,000 करोड़ रुपये के बिना गारंटी वाले गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर जारी करने का फैसला किया है, जो 10 साल की अवधि के लिए 6.84 प्रतिशत प्रति वर्ष की कूपन दर पर निजी नियोजन के माध्यम से नौ मई, 2035 को परिपक्व होगा।

# सीमा पर तनाव गहराने से शेयर बाजार में बिकवाली, सेंसेक्स 412 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव के बीच कारोबार के आखिरी घंटे में तगड़ी बिकवाली होने से बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 412 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 140 अंक फिसल गया। अंतिम घंटे में बिकवाली का जोर रहने से यह तेजी से नीचे आ गया। देश के कुछ सीमावर्ती शहरों को पाकिस्तान द्वारा निशाना बनाने की नाकाम कोशिश की खबर सामने आते ही बिकवाली तेज हो गई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 411.97 अंक गिरकर 80,334.81 अंक पर बंद हुआ और इसके 23 शेयर नुकसान में रहे। सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला था और लिवाली से एक समय 80,927.99 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया था। कारोबार बंद होने से एक घंटा पहले के सत्र में यह 759.17 अंक लुढ़क कर 79,987.61 अंक के निचले स्तर पर आ गया था।



- आखिरी घंटे में तगड़ी बिकवाली से सूचकांक नीचे आया
- पहले बाजार में एक दायरे में काम हो रहा था

## गूगल की यह टीम दुनियाभर में सेल्स का काम देखती थी

# गूगल में फिर से छंटनी, 200 कर्मियों को दिखाया बाहर का रास्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली।

टेक दिग्गज गूगल में फिर से छंटनी की खबरें सामने आ रही हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, कंपनी ने अपने ग्लोबल बिजनेस यूनिट में से करीब 200 कर्मचारियों को बाहर निकाल दिया है। गूगल के लिए यह टीम दुनियाभर में सेल्स और पार्टनरशिप का काम देखती है।

- कंपनी आजकल एआई और इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक फोकस कर रही

बताया जा रहा है कि बड़ी-बड़ी टेक कंपनियां आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक फोकस कर रही हैं। एक बड़े पैमाने पर इंडस्ट्री में बदलाव हो रहा है और शायद इसी वजह से कर्मचारियों की भी छंटनी हो रही है।

### कंपनी कर रही 'स्मॉल एडजस्टमेंट'

गूगल के इस कदम की जानकारी द इन्फॉर्मेशन ने अपनी रिपोर्ट में दी है। बताया जा रहा है कि कंपनियां डेटा सेंटर और एआई डेवलपमेंट पर खर्च कर रही हैं। इसके चलते कई पुराने सेगमेंट्स खत्म हो रहे हैं या वहां कर्मचारियों की संख्या कम की जा रही है। रॉयटर्स को दिए एक बयान में गूगल ने इन बदलावों को 'स्मॉल एडजस्टमेंट' बताया। इनका मकसद सहयोग को अधिक बढ़ावा देना और ग्राहकों को कितनी जल्दी सेवाएं दी जा रही हैं, इसमें सुधार करना है।




*कई दूसरी कंपनियों ने भी निकाले लोग : गूगल में इस बड़े पैमाने पर हो रही छंटनी टेक सेक्टर के एक नई दिशा में रुख करने की ओर इशारा करती है। इस साल की शुरुआत में ही मेटा ने खराब परफॉर्मेंस करने वाले 5 परसेंट कर्मचारियों की छंटनी की थी। माइक्रोसॉफ्ट ने अपने एक्सबॉक्स डिवीजन में कटौती की, अमेजन ने कई यूनिट्स में लोग कम किए और एप्पल ने अपनी डिजिटल सर्विस विंग में कर्मचारियों की संख्या में कटौती की।*

### पिछले महीने भी की थी छंटनी

बता दें कि गूगल ने पिछले महीने ही प्लेटफॉर्म और डिवाइस डिवीजन से सैकड़ों कर्मचारियों को निकाल दिया था, जिसमें एंड्रॉइड, पिक्सेल और क्रोम शामिल थे। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने 2023 की शुरुआत में 12,000 कर्मचारियों की छाटनी किए जाने के अपने प्लान का ऐलान किया था, जो कंपनी के टोटल वर्कफोर्स का लगभग 6 परसेंट है। दिसंबर 2024 तक गूगल में कर्मचारियों की संख्या 183,000 से अधिक थी।

# पाकिस्तान का शेयर बाजार लगभग सात हजार अंक टूटा

- बाजार में छह फीसदी से अधिक की गिरावट



**कराची।** कराची के निकट भारत की सैन्य कार्रवाई की अफवाहों के बाद बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के शेयर बाजार में छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई और एक घंटे के लिए कारोबार रोक दिया गया। हालांकि ये अफवाहें निराधार थीं, लेकिन केएसई100 सूचकांक कारोबार रोके जाने से पहले 6,948.73 अंक यानी 6.32 प्रतिशत गिरकर 1,03,060.30 अंक पर आ गया। एकेडी सिक्योरिटीज की फातिमा बुचा ने पुष्टि की कि स्थिति थोड़ी शांत हो गई है, जिसके बाद कारोबार बहाल हुआ। .लेकिन स्थिति और भी खराब हो सकती है क्योंकि भू-राजनीतिक स्थिति के कारण निवेशक घबरा रहे हैं। कोई भी निश्चित नहीं है कि क्या होगा और पाकिस्तान भारत की आक्रामकता का जवाब कैसे देगा और देगा भी या नहीं। सूचकांक में गिरावट का मुख्य कारण सीमेंट, ऊर्जा, बैंक और प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख शेयरों में नकारात्मक रुझान था, जिसने सामूहिक रूप से सूचकांक को नीचे खींच दिया।

## चिंतन

# भारत आतंकवाद के खिलाफ दुस्साहस बंद करे पाक फौज

ऑपरेशन सिंदूर से डर कर पाकिस्तान वो गलतियां कर रहा है, जिसका उसे बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। भारत ने स्पष्ट कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सैन्य कार्रवाई दहशतगर्दी के खिलाफ थी, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं। भारत सरकार की ओर से एयर स्ट्राइक के बाद और फिर अगले दिन दो-दो बार साफ किया गया है कि भारत का एक्शन आतंकवाद के खिलाफ नपा-तुला था, पाकिस्तान अगर भारत के खिलाफ सैन्य हमला करेगा, जैसा कि वह दो दिन से प्रयास कर रहा है, तो उसे अंजाम भुगतना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की फौज सीमा पार से जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, उरी, पुंछ, मेंढर और राजौरी सेक्टरों में मोर्टार और भारी तोपों का उपयोग करते हुए नियंत्रण रेखा पर नागरिकों को निशाना बना कर अकारण अंधाधुंध गोलीबारी कर रही है, जिसका भारतीय सेना करारा जवाब दे रही है। इसमें तीन महिलाओं और पांच बच्चों सहित 16 निर्दोष लोगों की जान चली गई है। पाकिस्तानी फौज ने भारत के जम्मू-कश्मीर व पंजाब में 15 सैन्य ठिकानों को लक्षित करके मिसाइल हमले किए, जिसे भारतीय रक्षा प्रणाली ने नाकाम किया। भारतीय सेना ने पाक फौज को जवाब देते हुए लाहौर में पाक की वायुरक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। भारतीय रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, पाकिस्तानी सेना ने अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने का प्रयास किया। इन्हें एकीकृत काउंटर मानवरहित विमान प्रणाली (ग्रिड और वायु रक्षा प्रणाली) द्वारा निष्प्रभावी कर दिया गया। भारत की सख्त चेतावनी है कि पाकिस्तान की ऐसी गैर-जिम्मेदाराना हरकत से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ेगा और भारत तनाव नहीं बढ़ाना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान दुस्साहस करेगा तो भारत दोगुनी प्रबलता से जवाब देगा। भारत व पाक के बीच बढ़ रहे सैन्य तनाव के बाद से भारत में उच्च स्तर पर बैठकें हो रही हैं। इस बीच अमेरिका, ईरान, सऊदी अरब की ओर से तनाव कम करने के कूटनीतिक प्रयास हो रहे हैं। अमेरिका लगातार भारत व पाकिस्तान के संपर्क में है, ईरान के विदेश मंत्री पाकिस्तान से भारत पहुंचे हैं और सऊदी अरब के विदेश मंत्री बिना किसी पूर्व निर्धारित शेड्यूल के नई दिल्ली पहुंचे हैं और विदेश मंत्री एस जयशंकर से मिले हैं। सब बातचीत के केंद्र में भारत व पाकिस्तान के बीच बढ़ रहा तनाव है। भारत ने अपना रुख साफ कर दिया है कि पहलगाम टेरर अटैक के बाद भारत का एक्शन केवल और केवल आतंकवाद के खिलाफ है। चूंकि इस टेरर अटैक की जिम्मेदारी द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली और यह आतंकी गुट पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का मुखौटा तंजीम है, जो पाकिस्तान को भी पता है। तो भारत ने टीआरएफ, लश्कर और जैश से जुड़े आतंकी अड्डों पर कार्रवाई की। अपने यहां के आतंकी अड्डों पर ऐसी कार्रवाई पाकिस्तान को करनी चाहिए थी, लेकिन वह आतंकवाद को नीतिगत स्तर पर पालता-पोसता रहा है। भारत पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों व साजिशकर्ताओं को न्याय के कटघरे में लाने व उसे सजा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। साथ ही भारत शांति भी चाहता है। पाकिस्तान भारत की इस भावना का सम्मान करे और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भूमिका निभाए। पाकिस्तान की फौज को स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने खिलाफ आतंकवाद के किसी भी हमले का कठोरता से जवाब देगा।



ऑपरेशन सिंदूर
अवधेश कुमार

# भारत ने कर दिखाया अद्भुत पराक्रम

पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में घुसकर एक साथ अनेक जगहों पर मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमले में भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़ी और साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस बार भारत ने 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया।

सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध भारत के अद्भुत पराक्रम को पूरे विश्व ने देखा। पाकिस्तान को भी उम्मीद नहीं होगी कि भारत इतनी तैयारी के साथ आधी रात के बाद न केवल पाक अधिकृत कश्मीर बल्कि पाक की अन्य सीमाओं में घुसकर एक साथ अनेक जगहों पर मिसाइल हमले करेगा। उरी में सैनिकों पर आतंकवादी हमले में भारत ने 11वें दिन पाक अधिकृत कश्मीर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक की। पुलवामा सीआरपीएफ शिविर पर हमले के 13वें दिन बालाकोट के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई। पहलगाम हमले के 15वें दिन भारत ने मिसाइल हमला करके अब तक के सबसे बड़ी और साहसी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस बार भारत ने इसके साथ 18 आधिकारिक तस्वीर भी जारी कर दी जिसे किसी के पास प्रश्न उठाने का कोई कारण नहीं रह गया। वैसे भी जब जैश ए मोहम्मद का प्रमुख मसूद अजहर बयान जारी कर रो रहा है कि उसके 10 लोग मारे गए और वह क्यों नहीं मर गया तो फिर संदेह का कारण नहीं है।

22 फरवरी 2019 के बालाकोट हवाई बमबारी पर भी हमारे देश के नेताओं ने कटाक्ष किया, उसका उपहास उड़ाया। इस बार सबके मुंह बंद हैं क्योंकि पाकिस्तान ने स्वयं स्वीकार किया है। पाकिस्तान के इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने सबसे पहले कहा कि भारत ने 24 मिसाइलें दागी हैं। वास्तव में जब प्रधानमंत्री ने मधुबनी की सभा से कहा कि इस बार की कार्रवाई दुश्मन की कल्पना से परे होगी तो साफ था कि पूर्व की दो कार्रवाइयों से ज्यादा बड़ी, विस्तृत और आतंकवाद की दृष्टि से प्रभावी एवं निर्णायक कार्रवाई हो सकती है। जैसा कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने बताया कि भारत ने आत्मरक्षा के तहत कार्रवाई की है और इस बात का ध्यान रखा गया कि आम नागरिकों और सैनिक ठिकानों को हमारी मिसाइलें स्पर्श न करें। उन स्थानों को देखिए जहां-जहां मिसाइल हमले हुए, तब पता चल जाएगा कि कितनी बड़ी कार्रवाई थी। बताया गया कि जिन नौ ठिकानों पर हमले किए गए, उसके पीछे भारतीय सेना का मकसद क्या था। दोनों महिला जवानों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया गया। जिन नौ ठिकानों की पहचान कर बर्बाद किया गया उनमें आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था। ये आतंकियों के लॉन्च पैड थे। एक, नियंत्रण रेखा से 30 किलोमीटर दूर मुजफ्फराबाद का सवाईनाला कैंप लश्कर का ट्रेनिंग सेंटर था। सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों ने यहीं प्रशिक्षण लिया था। दो, सैयदना बिलाल कैंप (पीओजेके) जैश-ए-मोहम्मद का ठिकाना है जहां हथियारों और विस्फोटकों को रखा जाता था, जंगल में जिंदा रहने का प्रशिक्षण मिलता था। तीन, कोटली गुलपुर भी संगठन- लश्कर-ए-तैय्यबा का अड्डा था। यहां के आतंकी जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ में सक्रिय थे।

चौथा निशाना नियंत्रण रेखा से 9 किलोमीटर दूर भींबर का बरनाला कैंप था जहां हथियारों की हैंडलिंग, बारुदी सुरंग आईईडी और जंगल में बचे रहने का प्रशिक्षण मिल जाता था। पांचवां मिसाइल हमला



नियंत्रण रेखा से 13 किमी दूर अब्बास कैंप कोटली पर किया गया जहां लश्कर के आतंकवादी आत्मघाती तैयार किए जाते थे। पाक अधिकृत कश्मीर के इन ठिकानों को नष्ट करने के बाद मिसाइल पाकिस्तानी सीमा के भीतर चल रहे आतंकी ठिकानों पर गरजे। एक, सबसे पहले अंतरराष्ट्रीय सीमा से 6 किमी दूर और जम्मू-कश्मीर के सांबा-कठुआ के सामने सरजल कैंप सियालकोट पर हमला किया। दूसरे नंबर पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 12-18 किमी दूर सियालकोट का महमूना जोया कैंप था जो हिजबुल का बड़ा अड्डा था, यहां से कठुआ में आतंकवादी गतिविधियां चलतीं थीं। पठानकोट वायु सेवा अड्डे पर हमले की योजना यही बनी थी। तीसरे नंबर पर अंतरराष्ट्रीय सीमा से 18-25 किमी दूर हाफिज सईद के मुरीदके में मरकज-तैयबा था जहां 2008 के मुंबई आतंकी हमले के आतंकवादी प्रशिक्षित हुए। अंतरराष्ट्रीय सीमा से करीब 100 किलोमीटर दूर बहावलपुर में मरकज सुभानअल्लाह पर हमला किया। यह जैश-ए-मोहम्मद का मुख्यालय है जो आतंकवादियों का व्यापक सुरक्षित केंद्र है, जहां भर्ती से लेकर वैचारिक हथियारों के प्रशिक्षण और उन्हें सीमा पार करने सहित सारी व्यवस्थाएं थी। मसूद अजहर के परिवार के 10 लोग भी मिसाइल के प्यारे हो गए। भारत को बर्बाद करने की कसमें खाने वाले मसूद आज फूट-फूट कर रोए तो कल्पना कर सकते हैं कि हमला उसके सारे सपनों को एकबारगी ध्वस्त करने वाला साबित हुआ है। इसमें मसूद अजहर की बड़ी बहन और उसका पति, भांजे और उसकी पत्नी और अन्य भतीजों और परिवार के पांच बच्चों के साथ उसके करीबी सहयोगी और उसकी मां और दो अन्य करीबी सहयोगियों की भी मौत हुई है। इसमें आतंकवादी कमांडर इकबाल करी के साथ हमले में 10 अन्य आतंकी भी मारे गए हैं। बिलाल आतंकी शिविर के प्रमुख याकूब मुगल की भी मौत हुई है। बहावलपुर के बाहरी इलाके में कराची-तोरखाम राजमार्ग पर 15 एकड़ में फैले मरकज सुभान अल्लाह मसूद अजहर का किला था जो 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले सहित अनेक हमलों का केंद्र रहा है। मसूद अजहर का घर मरकज सुभान अल्लाह में ही है। इस तरह देखें तो भारतीय सेना ने केवल पहलगाम हमले के दोषियों को ही सजा नहीं दी बल्कि पिछले लंबे समय से आतंकवादी हमला करने के मुख्य केंद्रों और भविष्य के षड्यंत्र रचने वाले केन्द्रों को भी तबाह कर दिया। वास्तव में एक-एक हमले पर कार्रवाई से भारत पर आतंकवादी हमले का खतरा टल ही नहीं सकता क्योंकि आप जितने मारेंगे उतने आतंकवादी ये केंद्र पैदा कर लेंगे। तो पहला रास्ता यही था कि उन सारे चिन्हित केन्द्रों को नष्ट कर दिया जाए। उनके लिए भविष्य में भी गतिविधियां आसान नहीं होंगी क्योंकि अब वहां भारत सहित विश्व भर की दृष्टि होगी। क्या आप सोच सकते हैं कि मुरीदके जैसा अड्डा लश्कर या तैय्यबा या हाफिज जल्दी निर्माण कर सकता है? क्या मसूद अजहर की अब हैसियत मार्केट सुभान के पुनर्निर्माण की है? निश्चय ही प्रधानमंत्री जब तीन-तीन बार तीनों सेना के प्रमुखों और दो बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ से मिलते हैं तथा गृह मंत्री अमित शाह लगातार बैठकें कर रहे हैं तो उसकी परिणति इतनी ही बड़ी होनी थी जिनमें लंबे समय के लिए भारत सीमा पार के बड़े आतंकवादी खतरों से मुक्त हो जाए। मुनीर इस्लाम और कलमा के नाम पर पाकिस्तान को जम्मू कश्मीर के गले की नस बताते हैं और उसके लिए आतंकवाद का इस्तेमाल करते हैं तो आगे उनको इससे बड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जब भारत का राजनीतिक नेतृत्व सीमा पार आतंकवाद को जड़मूल से नष्ट करने का संकल्प ले चुका हो तो सेंड बालवीर उसके अनुरूप उत्साह के साथ तैयारी करते हैं। आगे पाकिस्तान ने नहीं माना तो उसके गर्दन की नस दबने का भी समय आ जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
डॉ. मोनिका राज




# संयम से संकल्प तक का नाम है 'ऑपरेशन सिंदूर'

भारत की विदेश और रक्षा नीति में समय-समय पर परिवर्तन देखने को मिला है, किंतु 7 मई 2025 को हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश की रणनीतिक सोच को एक नया आयाम दिया। यह सैन्य कार्रवाई न केवल एक कूटनीतिक सन्देश थी, बल्कि यह उस ज्वलंत संकल्प का प्रतीक थी जो अब भारत को केवल सहने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि निर्णायक कार्यवाही करने वाला राष्ट्र बनाता है। पहलगाम में हुए निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमले ने भारत की संवेदनाओं को झकझोर दिया और इसका उत्तर एक ऐसे रूप में आया, जो संयम के साथ सटीकता और गंभीरता से भरा था। ऑपरेशन सिन्दूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि भारत की बदलती नीति, आत्मनिर्भर सोच और आतंक के खिलाफ उसकी अडिग प्रतिबद्धता का परिचायक है। इसने न केवल भारत की सैन्य शक्ति को दर्शाया, बल्कि कूटनीतिक स्तर पर भी यह संदेश दिया कि भारत अब अपनी सुरक्षा के लिए किसी की अनुमति का मोहताज नहीं रहेगा। भारत ने 7 मई 2025 की सुबह जो सैन्य कार्रवाई की, वह सिर्फ एक और जवाबी हमला नहीं था। यह एक निर्णायक मोड़ था, एक नई रणनीतिक विचारधारा का उद्घोष जिसने यह स्थापित किया कि अब भारत सिर्फ पीड़ित नहीं रहेगा बल्कि एक सक्रिय, सशक्त और निर्णायक शक्ति के रूप में उभरेगा। "ऑपरेशन सिन्दूर" के तहत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान के भीतर स्थित आतंकवादी ठिकानों पर जो प्रहार किए, वे कई दृष्टियों से अभूतपूर्व थे, रणनीतिक, राजनीतिक, कूटनीतिक और मनोवैज्ञानिक। यह कार्रवाई किसी आकस्मिक क्रोध का परिणाम नहीं थी, बल्कि एक सुविचारित, रणनीतिक प्रतिक्रिया थी, जिसकी नींव 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने रखी थी। इसके जवाब में ऑपरेशन सिन्दूर एक ऐसा सशक्त वक्तव्य बन गया, जिसने आतंकी गुटों और उनके संरक्षकों को स्पष्ट संकेत दिया कि अब भारत हर प्रहार का जवाब उसी भाषा में देगा। इस सैन्य कार्रवाई का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह था कि भारत ने इसे बिना अंतरराष्ट्रीय समर्थन या सहमति के एकतरफा अंजाम दिया। यह उस पारंपरिक सोच का पूर्ण निषेध था जिसके तहत भारत वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय समुदाय की स्वीकृति या समर्थन की प्रतीक्षा करता रहा। नई दिल्ली ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब बात राष्ट्रीय सुरक्षा की हो, तो वह अब 'वैश्विक अपेक्षाओं' से बंधा नहीं रहेगा। भारत की यह आत्मनिर्भर और निर्णायक नीति एक नए भू-राजनीतिक युग की शुरुआत का संकेत है। ऑपरेशन सिन्दूर ने कई स्तरों पर संदेश दिए। सबसे पहले, यह भारत की आतंकवाद विरोधी नीति में स्थायी परिवर्तन का प्रतीक है। 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक्स और 2019 के बालाकोट एयर स्ट्राइक्स के बाद, 2025 की यह कार्रवाई दर्शाती है कि अब भारत आतंकवादी हमलों को केवल एक सुरक्षा चुनौती नहीं, बल्कि एक युद्ध जैसा कृत्य मानता है। और इस युद्ध का उत्तर अब सीमित शब्दों में नहीं, बल्कि सटीक प्रहारों में मिलेगा। दूसरे, भारत ने पाकिस्तान की लंबे समय से चली आ रही 'परमाणु धमकी' की रणनीति को पूर्णतः निष्क्रिय कर दिया है। पाकिस्तान ने अतीत में बार-बार परमाणु हथियारों का डर दिखाकर भारत को किसी भी निर्णायक सैन्य प्रतिक्रिया से रोका था। लेकिन ऑपरेशन सिन्दूर इस मिथक को तोड़ता है। भारत ने पाकिस्तान के भीतर नौ ठिकानों को नष्ट किया, जिनमें जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों के मुख्यालय और लॉन्च पैड शामिल थे और यह सब बिना किसी परमाणु प्रतिक्रिया की आशंका के। इससे यह स्पष्ट हुआ कि भारत अब 'कूटनीतिक शालीनता' नहीं, बल्कि 'रणनीतिक जवाबदेही' की राह पर चलेगा। इस ऑपरेशन ने घरेलू स्तर पर भी एक महत्वपूर्ण सन्देश भेजा है। भारत की जनता ने इस कार्रवाई को एक न्यायोचित कदम माना है। पहलगाम के शहीदों के लिए यह न्याय का प्रतीक बना है। इसने देश में आत्म-विश्वास और सुरक्षा की भावना को प्रबल किया है। साथ ही, यह सरकार के लिए एक राजनीतिक पूंजी भी बनी है, जिससे वह वैश्विक मंचों पर अधिक दृढ़ता से आतंकवाद के विरुद्ध अपनी आवाज़ उठा सकती है। यह कार्रवाई भारत की उस चेतना का प्रतीक है जो अब न्याय, प्रतिरोध और निर्णायकता के मार्ग पर अग्रसर है। ऑपरेशन सिन्दूर न केवल एक सैन्य अभियान था, बल्कि यह भारत की नई राष्ट्रीय सुरक्षा नीति, कूटनीतिक स्वतंत्रता और वैश्विक दृष्टिकोण का संकल्प भी है। पाकिस्तान के लिए इस ऑपरेशन का सबसे बड़ा सन्देश यही है, अब संयम की परीक्षा नहीं ली जाएगी। अब भारत हर वार का जवाब देगा तथ्य, ताकत और रणनीति के साथ।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन प्रक्रिया की छानबीन



संकलित
**दर्शन**

योग किसी धर्म-संप्रदाय से नहीं जुड़ा है। योग प्रेम, अहिंसा, करुणा और सबको साथ लेकर चलने की बात करता है। योग धर्म, जाति, वर्ण, क्षेत्र या भाषा के आधार पर जन्मे भेदभाव से परे है, इसलिए इसमें पूरी दुनिया को एक परिवार के तौर पर बांधने की क्षमता है। योग, जीवन-प्रक्रिया की छानबीन है। यह सभी धर्मों से पहले अस्तित्व में आया और इसने मानव के सामने संभावनाओं को खोलने का काम किया, जिससे इंसान प्रकृति द्वारा तय की गई सीमाओं से परे जा सके। आंतरिक व आत्मिक विकास, मानव कल्याण व मुक्ति से जुड़ा यह विज्ञान भावी पीढ़ी के लिए एक महानतम उपहार है। आज योग विज्ञान जितना महत्वपूर्ण है, इससे पहले यह कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा। क्योंकि आज हमारे पास विज्ञान और तकनीक के तमाम साधन मौजूद हैं, जो इस दुनिया को बना और मिटा सकते हैं। ऐसे में यह बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि हमारे भीतर जीवन के प्रति जागरूकता और ऐसा भाव बना रहे कि हम हर दूसरे प्राणी को अपना ही अंश महसूस कर सकें, वरना अपने सुख और भलाई के पीछे की हमारी दौड़ सब कुछ बर्बाद कर देगी। अगर दुनिया की कुछ आबादी भी योग और ध्यान के मार्ग पर चलने लगे तो निश्चित तौर पर दुनिया की गुणवत्ता और स्तर में सुधार आएगा। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में विस्तार व व्यापकता लाने में ही मानव-जाति की सभी समस्याओं का समाधान है।

## जिन लोगों में है मतभेद वे कभी नहीं होते सफल



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे।पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है।

## अंतर्मन

खिसियाए पाकिस्तान ने भी भारत पर मिसाइल दागे पर भारतीय डिफेंस सिस्टम ने उसे नाकाम किया




## आज की पाती

### मां की भूमिका को सलाम

एक मां परिवार की रीढ़ होती है और उसे अपनी भूमिका बखूबी निभाने के लिए एक मजबूत आधार की जरूरत होती है। हर मां अपने बच्चों के लिए दिनभर भागदौड़ करती है, वह भी अपना ख्याल रखे बिना। अगर मां बीमार पड़ जाए तो ऐसा लगता है कि सारे काम रुक गए हैं, इसलिए अपनी हेल्थ के साथ-साथ अपनी मां की हेल्थ भी अच्छी होना जरूरी है। इस बार मदर्स डे पर आप अपनी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के लिए उन्हें हेल्थ से जुड़े कुछ तोहफे गिफ्ट कर सकते हैं, जो आपकी मां की हेल्थ का ख्याल रखने के साथ-साथ उन्हें फिट भी बनाएंगे।

**- अमित पटवा, दुर्ग**

## ट्रेंड

### क्वॉलिटी कार्रवाई



पाकिस्तान और पीओके में, जिस तरह से हमारी आर्म्ड फोर्सेज ने आतंकी कैंपों को नेस्तनाबूद किया है, वह हम सबके लिए गौरव का विषय है। कोई हमारे संयम का फायदा उठाने की कोशिश करेगा तो उसे कल की तरह 'क्वॉलिटी कार्रवाई' का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

**-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### शहादत पर गर्व



जम्मू के पुंछ में पाकिस्तान की ओर से हुई गोलीबारी का डटकर सामना करते हुए हरियाणा के पलवल के बेटे, जवान दिनेश कुमार शर्मा ने अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। आपकी शहादत पर प्रत्येक देशवासी को गर्व है।

**- नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

### जवानों को सलाम



हम चाहते थे कि इस सर्वदलीय बैठक में प्रधानमंत्री भी आएं और संक्षिप्त में अपनी बात रखें कि किस तरह आतंकवाद के खिलाफ हमारे जवानों ने हिम्मत दिखाई। हम हमारे जवानों को सलाम करते हैं और उनका अभिनंदन करते हैं।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### सटीक प्रहार



युद्ध की बयानबाजी के बिना 'ऑपरेशन सिंदूर' उन क्षेत्रों और संगठनों पर एक सटीक प्रहार है, जिन्होंने निर्दोष नागरिकों को मारने वाले भयानक आतंकवादी का समर्थन किया था।

**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# सिंगापुर में अर्धनारीश्वर शिव की प्रतिमा प्रदर्शित

सिंगापुर में स्थित इंडियन हैरिटेज सेंटर (आईएचसी) में भगवान शिव के 'अर्धनारीश्वर' स्वरूप की नृत्य मुद्रा वाली दुर्लभ कांस्य प्रतिमा प्रदर्शित की गई है। यह प्रतिमा उन 60 अमूल्य सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है, जिन्हें सिंगापुर में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों ने हैरिटेज सेंटर को दान किया है। 'अर्धनारीश्वर' भगवान शिव का एक रूप है, जिसमें आधा शरीर पुरुष (शिव) और आधा महिला (पार्वती) का होता है। आईएचसी ने बुधवार को अपनी 10वीं वर्षगांठ के मौके पर मीडिया पूर्वावलोकन के दौरान बताया कि इन कलाकृतियों में खूबसूरती से गढ़ा गया, सोने का एक नक्काशीदार कड़ा भी शामिल है, जिस पर दो मोरों की आकृति बनाई गई है।




इनमें से तीस कलाकृतियां पहले से ही लिटिल इंडिया परिसर में स्थित आईएचसी में प्रदर्शित हैं। यह प्रदर्शनी सिंगापुर के भारतीय और दक्षिण एशियाई समुदायों के इतिहास एवं विरासत को प्रदर्शित करती है। सलमा मोइज (84) ने कहा कि पिछली पीढ़ियों के अनुभवों को दर्ज करना और यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इन धरोहरों को ऐसी जगह रखा जाए जहां उनकी देखभाल हो और उन्हें सम्मान के साथ सराहा जाए।

## ऑफ बीट

# सौ वर्षों से हम तारों की दुनिया से हो रहे रूबरू

तारीख थी सात मई 1925। प्राचीन काल से ही लोग तारों और ग्रहों को अपने-अपने तरीके से समझने का प्रयास करते आएं हैं। 1700 के दशक में, सौरमंडल का एक घड़ीनुमा मॉडल, ऑरेरी, विकसित किया गया। /"प्लैनेटोरियम/" यानी तारामंडल शब्द का आविष्कार ग्रहों को दर्शाने वाले 'ऑरेरी' का वर्णन करने के लिए किया गया था। खगोलशास्त्री ईसे ईसिंगा ने एक कमरे के आकार का ऑरेरी मॉडल तैयार किया था। यह आज भी नीदरलैंड के फ्रैनेकर में काम कर रहा है। इस दृश्य को देखने के लिए कोई भी मनुष्य सौरमंडल के आसपास नहीं गया है। ऑरेरी और ब्रह्मांड के अन्य यांत्रिक मॉडल जैसे आकाशीय ग्लोब ही बाहरी परिप्रेक्ष्य से दृश्य प्रस्तुत करते हैं।



तारों और ग्रहों को वास्तविक रूप से देखने की इच्छा 20वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बढ़ी, क्योंकि बढ़ते शहरीकरण से होने वाले प्रदूषण ने रातों में दिखने वाले आकाश को धुंधला कर दिया था। जर्मनी के म्यूनिख में स्थित डॉयचे संग्रहालय के प्रथम निदेशक ओस्कर वॉन मिलर जैसे लोग तारों और ग्रहों से सभी को रूबरू कराना चाहते थे। दिलचस्प बात यह है कि वॉन मिलर के करियर की शुरुआत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में हुई थी।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## जो काम कर रहे हैं, करते रहिए..., सर्वदलीय बैठक में एयरस्ट्राइक की जमकर हुई सराहना

# भारतीय सेना के 'पराक्रम' की तारीफ करते हुए विपक्ष ने दिखाई एकजुटता
# कहा- नेतस्नाबूद करें 'आतंकियों के ठिकाने', हम सब हैं सरकार के साथ




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' लॉन्च कर पाकिस्तान में आतंकियों के नौ ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इस बैठक में सभी दलों के नेताओं ने एयरस्ट्राइक की सराहना की और सरकार के हर निर्णय, सेना की हर कार्रवाई में साथ देने की बात कही। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई इस बैठक में मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बैठक में शामिल नहीं होने का मुद्दा उठाया। खरगे ने बैठक में यह भी कहा कि जो काम कर रहे हैं, करते रहिए। हम आपके साथ हैं। उन्होंने बैठक में राफेल मार गिराने के पाकिस्तानी दावे का भी जिक्र किया, लेकिन किसी ने भी इस विषय पर सरकार से जवाब देने को नहीं कहा। सर्वदलीय बैठक के बाद बाहर आए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमें जो बताया गया, हमने वह सुन लिया। हमने सरकार को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि हम इस घड़ी में सरकार के साथ खड़े हैं। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, मैंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की सराहना की है।

> कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमें जो बताया गया, हमने वह सुन लिया। हमने सरकार को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि हम इस घड़ी में सरकार के साथ खड़े हैं। हमारी पहली प्राथमिकता हमारा अपना देश है।

**खरगे ने कहा एयरस्ट्राइक सराहनीय कदम**

**ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए**

**सांसद सुप्रिया सुले ने बठिंडा में फाइटर जेट का मामला उठाया**

**ओवैसी ने कहा टीआरएफ के खिलाफ अभियान चले**



### सुप्रिया सुले ने पूछी वायरल वीडियो की सच्चाई

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने बठिंडा में फाइटर जेट मार गिराए जाने वाले दावे से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट का मुद्दा उठाया। बैठक की शुरुआत में सरकार की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में जानकारी दी। सभी पार्टियों के नेताओं ने सरकार के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए कहा कि हम साथ हैं। बैठक के बाद बाहर आए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे अच्छा बताया।

**तो फिर करेंगे कार्रवाई: रिजिजू**

दिल्ली के पार्लियामेंट एनेक्सी में बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में कहीं। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक से बाहर आने के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी रक्षा मंत्री के बयान को दोहराया। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक बैठक में बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं। ऑपरेशन जारी है, इसलिए सटीक संख्या बताना मुश्किल है। पाकिस्तान ने उकसाया तो फिर कार्रवाई करेंगे।

### यह समय एकजुटता का राहुल गांधी बोले

मल्लिकार्जुन खरगे ने यह भी कहा कि हमने कहा है कि देशहित में सरकार के साथ रहेंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हम एकजुट हैं और शुरुआत से ही सरकार के साथ हैं।



उन्होंने यह भी कहा कि हां, कुछ चिंताएं हैं लेकिन ठीक है। यह समय एकजुटता का है। बैठक के बाद राहुल गांधी ने बाहर आकर कहा कि हम सभी ने सरकार को समर्थन दिया है। सभी दलों के नेताओं को बोलने के लिए 4 से 5 मिनट का समय दिया गया। कांग्रेस के साथ ही समाजवादी पार्टी ने भी सर्वदलीय बैठक से प्रधानमंत्री की गैरमौजूदगी का मुद्दा उठाया।

## पाकिस्तान को ग्रे-लिस्ट करने का प्रयास करना चाहिए: ओवैसी

सर्वदलीय बैठक के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, मैंने ऑपरेशन सिंदूर के लिए हमारे सशस्त्र बलों और सरकार की सराहना की है। मैंने यह भी सुझाव दिया कि हमें रेजिस्टेंस फ्रंट



(टीआरएफ) के खिलाफ एक वैश्विक अभियान चलाना चाहिए। मैंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार को अमेरिका से इसे (टीआरएफ) आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने का अनुरोध करना चाहिए। हमें एफएटीएफ में पाकिस्तान को ग्रे-लिस्ट करने का भी प्रयास करना चाहिए। ओवैसी ने कहा, सरकार के पास कश्मीर में पाकिस्तान से भिड़ने और कश्मीरियों को अपनाने का सुनहरा अवसर है। पुंछ में जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उन्हें आतंकवाद पीड़ित घोषित किया जाना चाहिए। सरकार को उन्हें मुआवजा देना चाहिए और उनके लिए घर मुहैया कराने चाहिए, क्योंकि पाकिस्तान के संघर्ष विराम उल्लंघन के कारण उन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। मेरे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि (ऑपरेशन सिंदूर से) यह है कि भवालपुर और मुरीदके, दो ज्ञात आतंकवादी स्थल नष्ट कर दिए गए।

### एक पखवाड़े में दूसरी सर्वदलीय बैठक

इससे पहले 24 अप्रैल को पार्लियामेंट एनेक्सी में 2 घंटे तक सर्वदलीय बैठक हुई थी। इसमें 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में पहलगाम के बायसरन घाटी में आतंकी हमले की जानकारी दी गई थी। इस आतंकी घटना में 25 टूरिस्ट और एक स्थानीय घोड़ेवाले की मौत हो गई थी। 14 दिन पहले हुई सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने माना था कि पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि अधिकारियों ने मीटिंग में विपक्षी नेताओं को सुरक्षा में हुई चूक के बारे में जानकारी दी।



## स्टेडियम को उड़ाने की मिली धमकी, आईपीएल से पहले बढ़ाई सुरक्षा

**ऑपरेशन सिंदूर के बाद हाई अलर्ट पर जयपुर**

राजस्थान की राजधानी जयपुर एक बार फिर सुरक्षा के लिहाज से केंद्र में आ गई है। गुरुवार सुबह सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। यह धमकी सुबह 9:13 बजे राजस्थान क्रीड़ा परिषद को ईमेल के माध्यम से भेजी गई, जिसमें लिखा था- ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद अब एसएमएस स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा।



### स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है: मंत्री राठौड़



राज्य के खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी की सूचना मिलने के बाद मैंने प्रशासन और सुरक्षा अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं और प्रदेश की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन घबराएं नहीं, सब कुछ सुरक्षित और नियंत्रण में है।

**कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली**

धमकी भरा ईमेल मिलते ही क्रीड़ा परिषद के अधिकारियों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम), बम निरोधक दस्ता, साइबर सेल और जयपुर पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। स्टेडियम को खाली करवा कर पूरे परिसर को सील कर दिया गया और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई।

### मैच से पहले बढ़ी सुरक्षा

एसएमएस स्टेडियम में आने वाले दिनों में एक महत्वपूर्ण आईपीएल मैच होना है, ऐसे में इस धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर आ गई हैं। मुख्य प्रवेश द्वारों पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं और प्रत्येक आगंतुक की गहन जांच के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है।

### साइबर जांच शुरू, संदिग्ध की तलाश

पुलिस की साइबर टीम ईमेल भेजने वाले की पहचान में जुट गई है। सूत्रों के अनुसार, ईमेल की भाषा और संदर्भ ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी हो सकती है, इसलिए जांच एजेंसियां इसे बड़ी साजिश के एंगल से भी देख रही हैं। पुलिस और प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह या डर में न आएं और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## लोकप्रिय हुआ ऑपरेशन सिंदूर, बिहार में जन्मी बेटी का नाम सिंदूरी तो बेटे का नाम रखा सिंदूर, फौज में भेजने का सपना



मुजफ्फरपुर। पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की रात बिहार के मुजफ्फरपुर में जन्मे 12 नवजात का नाम उनके परिवारों ने सिंदूर रखा है। वहीं, कटिहार का परिवार अपनी बेटी को 'सिंदूरी' बुलाएगा। पहलगाम हमले का बदला लेते हुए भारत ने 6-7 मई की दरमियानी रात पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक थी। इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया गया है। कटिहार में जन्मी बच्ची सिंदूरी के परिजन का कहना है कि पाकिस्तान पर हमले और उसी दिन उसी दिन बेटी के जन्म से वे सभी बेहद खुश हैं। कटिहार में बच्ची की मां राखी कुमारी के कहा-दो खुशी एक साथ आई हैं। घर में बेटी का जन्म हुआ और उधर पाकिस्तान पर हमला। मैं अपनी बेटी को फौज में भेजूंगी, ताकि वह देश की सेवा करे। सिंदूरी के परिजन ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना के साथ आम भारतीय भी खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर रहे हैं। यह लम्हा सिर्फ एक नामकरण नहीं, देशभक्ति और भावनात्मक जुड़ाव की एक मिसाल बन गया है।

### जन्मदिन के साथ ऑपरेशन सिंदूर का जश्न भी मनाएंगे

मुजफ्फरपुर के बोचहा प्रखंड के कन्हारा निवासी हिमांशु राज ने अपनी बहन की बेटी का नाम सिंदूर रखा है। वे हर साल अपनी बेटी के जन्मदिन के साथ ऑपरेशन सिंदूर का जश्न भी मनाएंगे। हिंमाशु राज कहते हैं कि पाकिस्तान पर हमले के दौरान उनकी भांजी का जन्म हुआ है। इसलिए उसका नाम इन्होंने सिंदूर रखा है। हम लोगों ने हमले का वीडियो देखा, तो बहुत अच्छा लगा है। वहीं, बच्ची के पिता कहते हैं, नाम से भी फर्क पड़ता है। इससे बच्चे पर अच्छा असर पड़ेगा।

### बड़ा होकर देश की सेवा करेगा पोता

सीतामढ़ी के बेलसंड थाना क्षेत्र की रहने वाली वंदना देवी ने अपने पोते का नाम सिंदूर रखा है। वंदना देवी का कहना है कि उनका पोता बड़ा होकर सेना में जाकर देश की सेवा करेगा। वहीं, मोतिहारी के फेनहारा के रहने वाले दवा कारोबारी अनिकेत कुमार ने भी अपने नवजात बेटे का नाम सिंदूर रखा है। उनका मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को उचित जवाब दिया है। बच्ची की दादी मधु देवी कहती हैं कि पोता हुआ है। उसका नाम सिंदूर रखा है। क्योंकि ये नाम बहुत अच्छा लगा। मुजफ्फरपुर अस्पताल के नवजात शिशु विशेषज्ञ डॉ.सिद्धार्थ ने बताया, 'कल हमारे अस्पताल में 12 बच्चों का जन्म हुआ है। लड़का हो, या लड़की हो बच्चे का नाम सिंदूर रखा गया है। ये गर्व की बात है।

*मुंबई से हवाई यात्रा करना हुआ महंगा, बढ़ाया गया यूडीएफ*

## अब घरेलू यात्रा के लिए चुकाने होंगे 175 रुपए

**नई दिल्ली।** एईआरए (एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी) ने 16 मई से नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया है। अब मुंबई से घरेलू यात्रियों को 175 रुपए देने होंगे। अभी यह 120 रुपये वसूल की जाती है। मुंबई से हवाई यात्रा करना अब महंगा होने जा रहा है। एईआरए (एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी) ने नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया है। अब मुंबई से घरेलू यात्रियों को 175 रुपए देने होंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के इकोनोमी और बिजनेस क्लास के यात्रियों से अलग-अलग शुल्क वसूला जाएगा। घरेलू यात्रियों के लिए 175 रुपए निर्धारित किया गया है। संशोधित शुल्क 16 मई लागू होगा। यह 31 मार्च 2029 तक वसूल किया जाएगा। नियामक ने गुरुवार को कहा कि घरेलू यात्रियों से हर उड़ान पर 175 रुपए लिए जाएंगे। यह फैसला इसलिए लिया गया है कि सभी हितधारकों के बीच वैमानिकी शुल्क बराबर बांटा जाए। इसके साथ ही नया शुल्क चार साल तक लागू रहेगा। इससे पहले यूजर डेवलपमेंट फीस अगस्त 2024 तक हर उड़ान पर घरेलू यात्रियों से 120 रुपए ली जाती थी।

**एईआरए ने 16 मई से नई यूजर डेवलपमेंट फीस (यूडीएफ) लागू करने का फैसला लिया**



### लैंडिंग और पार्किंग शुल्क कम किए गए

एईआरए ने कहा इस शुल्क से हम यात्रियों की सुविधाओं में सुधार की जाएगी। उन्होंने कहा कि एयरलाइनों के लिए लैंडिंग और पार्किंग शुल्क को भी कम कर दिया गया है। समान हवाई अड्डों के शुल्कों को ध्यान में रखते हुए नई शुल्क लागू की जाएगी।

**अंतरराष्ट्रीय उड़ान में क्लास के अनुसार होगी यूडीएफ**

अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए क्लास के अनुसार से अलग- अलग यूडीएफ तय किया गया है। इकोनोमी और बिजनेस क्लास यात्रियों के लिए यह अलग-अलग होगा। इकॉनमी क्लास में अंतरराष्ट्रीय उड़ान करने वाले यात्रियों को प्रति उड़ान 615 रुपए यूडीएफ होगा। वही बिजनेस क्लास में अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने के लिए 695 रुपए देना होगा।

**यूपी कांग्रेस अध्यक्ष की मुश्किलें बढ़ी**

## राफेल पर नींबू मिर्च लगाकर बयान देने वाले अजय राय पर प्रकरण दर्ज

खिलौने पर नींबू मिर्ची लटकाकर राफेल विमान को लेकर बयानबाजी करने के मामले में उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वाराणसी के चेतगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन पर राष्ट्रीय एकता को नुकसान पहुंचाने और बयान जारी कर अफवाह फैलाने की धारा में अभियोग दर्ज किया गया है। मुकदमा राष्ट्रवादी हिन्दू शक्ति वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व छावनी क्षेत्र निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता की तहरीर पर दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज कराने वाले प्रदीप गुप्ता ने बताया कि वह बीते पांच मई को अपने संगठन के कार्यालय जगतगंज, लहुराबीर पर पदाधिकारियों संग बैठे थे कि उनको जानकारी हुई कि अजय राय ने एक खिलौना विमान को नींबू मिर्ची बांधकर मीडिया के सामने जारी किया है।



### भारतीय सेना उपहास उड़ाया था

खिलौना विमान की तुलना भारत के राफेल विमान से करते हुए राफेल लड़ाकू विमान को बेकार बताते हुए भारतीय सेना का उपहास किया है। बताया कि अजय राय के इस कृत्य से दुश्मन देश पाकिस्तान में देश का उपहास किया गया है। अजय राय की इस प्रकार की गतिविधियां भारतीय सेना का मनोबल गिराने का न केवल कुप्रयास था बल्कि शत्रु राष्ट्र पाकिस्तान का भी मनोबल बढ़ाने वाला तथा राष्ट्रविरोधी माहौल को बढ़ावा देने का कुत्सित प्रयास भी था।

## यूजीसी नेट परीक्षा के लिए 12 मई तक कर सकते हैं आवेदन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने जून 2025 सत्र के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब उम्मीदवार 12 मई 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 12 मई 2025 (रात्रि 11:59 बजे तक) निर्धारित की गई है, जबकि परीक्षा शुल्क का भुगतान 13 मई 2025 रात 11:59 बजे तक किया जा सकता है। उम्मीदवारों को अपनी आवेदन में सुधार करने के लिए 14 से 15 मई 2025 तक का समय मिलेगा। इसके अलावा, यूजीसी नेट जून 2025 परीक्षा की संभावित तिथियां 21 से 30 जून 2025 के बीच रखी गई हैं, जिनमें परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**हाईकोर्ट के आदेश का दिया हवाला**

## पानी पर रार: सीएम मान बोले-बीबीएमबी चेयरमैन ने गैरकानूनी ढंग से गेट खोले

**कहीं भी नहीं लिखा है कि हरियाणा को अतिरिक्त पानी दें**

*23 अप्रैल 2025 को बीबीएमबी की तकनीकी समिति ने हरियाणा को 8500 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्णय लिया गया था। इस पानी में राजस्थान और दिल्ली के हिस्से का जल भी शामिल था। इसका पंजाब ने विरोध किया था।*

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब सरकार और भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) के बीच टकराव ने नया मोड़ ले लिया है। पंजाब सरकार ने बीबीएमबी के डायरेक्टर (सुरक्षा) को पत्र भेजकर कहा है कि जब तक 2 मई को केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक के मिनट्स पंजाब जल संसाधन विभाग को नहीं सौंपे जाते, तब तक कोई भी कार्रवाई न की जाए।



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी सुबह बिना किसी सूचना के नंगल डैम के गेट्स खोलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पंजाब का एक गेट बंद कर हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने के लिए 200 क्यूसेक पानी का गेट खोल दिया। सीएम मान ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश में यह कहीं भी नहीं लिखा है कि हरियाणा को अतिरिक्त पानी दिया जाए। आदेश में केवल यह लिखा गया है कि बीते दिनों में केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक में जो कहा गया है, उसका पालन किया जाए। सीएम ने कहा कि बीबीएमबी चेयरमैन के पास केंद्र गृह सचिव की बैठक के ना मिनिट्स थे और न कोई आदेश, ऐसे में उन्होंने डैम पर पहुंचकर गैर कानूनी ढंग से गेट्स खोले। सीएम ने कहा कि बीबीएमबी चेयरमैन मनोज त्रिपाठी ने उन्हें शाम को मुलाकात करने के लिए कहा।

**पंजाब पुलिस ने डैम परिसर में नहीं करने दिया था प्रवेश**



बीबीएमबी के चेयरमैन मनोज त्रिपाठी आज गुपचुप तरीके से नंगल डैम पहुंचे, लेकिन पंजाब पुलिस ने उन्हें डैम परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया। जानकारी के अनुसार, डैम के बाहर पहले से तैनात पुलिस ने न केवल चेयरमैन बल्कि अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अंदर जाने से मना कर दिया। मनोज त्रिपाठी को बंधक बना लिया गया। मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने रोपड़ के डीआईजी को फोन कर पुलिस भेज कर बीबीएमबी चेयरमैन को हिरासत में लेने के लिए कहा।

**आदेश का अनुपालन न होने पर मांगा जवाब**

## दिल्ली-यूपी-हरियाणा के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान की सरकारों को फटकार लगाई है। यह फटकार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियों को लेकर लगाई गई। सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में 55 प्रतिशत पद खाली पड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि रिक्तियों की वजह से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड काम नहीं कर पा रहे हैं और लगभग खत्म होने के कगार पर हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस उज्जल भुइयां की पीठ ने



राजधानी दिल्ली और इससे लगते राज्यों यूपी, हरियाणा और राजस्थान के मुख्य सचिवों को अवमानना नोटिस जारी किया है। नोटिस में सुप्रीम कोर्ट ने उसके अगस्त 2024 के निर्देशों का पालन न करने की बात कही है। जिसमें अदालत ने इस साल 30 अप्रैल तक प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स में रिक्तियां भरने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए पूछा है कि अधिकारियों को उसके निर्देशों का पालन न करने के लिए दंडित क्यों न किया जाए।

# ऑपरेशन सिंदूर: ढोल की थाप पर किया डांस, आतिशबाजी कर मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पाकिस्तान में स्थित आतंकी शिविरों पर भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक से देश में गर्व और खुशी की लहर है। राजधानी भोपाल में राजनीतिक दल, संगठनों और लोगों ने जमकर जश्न मनाया। ढोल की थाप पर डांस किया। जगह-जगह कई लोगों ने मिठाई भी बांटी। शहर में धार्मिक अनुष्ठान किए गए।

*देशभक्ति गीतों पर झूमे, लगाए भारत माता के जयकारे*

## हनुमान चालीसा का पाठ कर अधिवक्ताओं ने मिष्ठान वितरित की, जमकर किया डांस

**विधिक संवाददाता. भोपाल।** पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर सफल होने पर बुधवार को भोपाल न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर ढोल की थाप पर जमकर डांस किया। अधिवक्ताओं ने मिष्ठान वितरित कर बधाइयां देते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए। इस अवसर पर बीके सांघी, शिरीष श्रीवास्तव, प्रमोद सक्सेना, जिला लोक अभियोजक पीएनएस राजपूत, पूर्व बार अध्यक्ष देवेंद्र रावत, प्रमोद सक्सेना, आनंद तिवारी, इंद्रजीत सिंह राजपूत, अशोक विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, मनोज राठौर सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

## भारतीय सेना ने बेटियों के सिंदूर का बदला आतंकियों को मिट्टी में मिलाकर लिया: रामेश्वर



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि देश की जनता ने जो चाहा था, देश की सेना ने वो जवाब दिया है। भारतीय सेना ने बेटियों के सिंदूर का बदला आतंकियों को मिट्टी में मिलाकर लिया है। आज भारत की सेना ने दुनिया को बता दिया कि हम अपने नागरिकों की, अपने देश के प्रति हमेशा तैयार और सजग हैं। भारत के नागरिकों से कोई बदतमीजी करेगा, तो उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे।

## मुस्लिम त्योहार कमेटी ने लड्डू बांटकर मनाया जश्न

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय वायुसेना की एयर स्ट्राइक के बाद भोपाल में भी जश्न का माहौल है। भारतीय सेना द्वारा आतंक के खिलाफ की गई कार्रवाई के बाद पूरे देश में जोश और गर्व का माहौल है। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी की अगुवाई में भोपाल के इतवारा चौक पर पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और देशभक्ति के गीतों के बीच लड्डू बांटे। ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अहमद खुर्रम ने बताया कि हमारी वायुसेना ने जिस वीरता के साथ देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए पाकिस्तानी आतंकी गुटों पर हमला किया है, वह गर्व की बात है। इधर मध्यप्रदेश सर्वधर्म सद्भावना मंच के सचिव हाजी मोहम्मद इमरान हारून ने एक बयान जारी कर कहा कि भारत का हर नागरिक, हर मजहब, हर तबका आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में भारतीय सेना और सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

### 20 से 31 मई तक मनाया जाएगा लोक माता देवी अहिल्या बाई का त्रिशताब्दी समारोह: सीएम डॉ. यादव

# मूर्ति कला का केंद्र बनेगा उज्जैन, वीर भारत संग्रहालय की गैलरी में दिखेगा इसके युगों-युगों की ऐतिहासिक महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश का उज्जैन सृष्टि के आरंभ से ही महत्वपूर्ण रहा है। उज्जैन को मूर्ति कला के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां से प्रदेश में आवश्यकता के अनुसार मूर्तियां उपलब्ध कराई जाएंगी। जिन बड़ी मूर्तियों को पत्थर से बनाना कठिन होगा, उन्हें धातुशिल्प से बनाया जाएगा। अब ऐतिहासिक रूप से अलग-अलग युगों में उज्जैन के महत्व पर केंद्रित गैलरी वीर भारत संग्रहालय में विकसित की जाएगी। इसके साथ ही मध्यप्रदेश के विभिन्न अंचलों पर भी गैलरी होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर भारत न्यास, वीर भारत संग्रहालय और महादेव मूर्ति कला कार्यशाला की गतिविधियों की मंत्रालय में समीक्षा के दौरान यह दिशा-निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि विकसित हो रहे संग्रहालय के विकास से संस्कृति, कला और स्थापत्य के विशेषज्ञों को जोड़ने के साथ-साथ भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से भी सहयोग लिया जाएगा। बैठक में लोकमाता देवी अहिल्या बाई के त्रिशताब्दी समारोह के संबंध में भी चर्चा हुई। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य

**खास बात**

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीर भारत न्यास, वीर भारत संग्रहालय और महादेव मूर्ति कला कार्यशाला की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान दिए दिशा-निर्देश



### महिला स्व-सहायता समूहों के विशाल सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई का त्रिशताब्दी समारोह 20 से 31 मई तक मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में 20 मई को मंत्रि-परिषद की बैठक राजवाड़ा इंदौर में होगी। इसके साथ ही महेश्वर, इंदौर, भोपाल और उज्जैन में अन्य आयोजन भी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देवी अहिल्या बाई महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन और सुशासन की प्रतीक थीं। त्रिशताब्दी समारोह के अंतर्गत मालवा-निमाड़ क्षेत्र के महिला स्व-सहायता समूहों का विशाल सम्मेलन आयोजित किया जाए।

### कार्यों पर विचार-विमर्श

बैठक में कोठी महल और परिसर के उन्नयन के लिए जारी गतिविधियां, वीर भारत न्यास के कार्यों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में वीर भारत संग्रहालय के अंतर्गत विकसित होने वाली गैलरियों की विषय-वस्तु का प्रस्तुतिकरण किया गया। उज्जैन में पत्थर, संगमरमर, ग्रेनाइट और धातु आदि के मूर्तिशिल्प को प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित महादेव मूर्ति कला कार्यशाला कर गतिविधियों की भी समीक्षा हुई।

### *वीर भारत संग्रहालय में भारत के कालखंडों के तेजस्वी व्यक्तित्व घटनाओं की मिलेगी जानकारी*

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतवर्ष के गौरवशाली अतीत से परिचय तथा प्रेरणा वर्तमान की अनिवार्य आवश्यकता है। इसीलिए उद्देश्य से ही राज्य सरकार उज्जैन में वीर भारत संग्रहालय विकसित कर रही है। वीर भारत संग्रहालय में भारत के सभी कालखंडों के तेजस्वी व्यक्तित्व और घटनाओं को रेखांकित किया जाएगा। देश के शूरवीरों, विचारकों, दार्शनिकों, ऋषियों, लेखकों, कलाकारों, वैज्ञानिकों के योगदान का भी यहां उल्लेख होगा। भारत उत्कर्ष पर केंद्रित शोध, अनुसंधान, फैलोशिप और अध्ययन की गतिविधियां वीर भारत न्यास के अंतर्गत संचालित होंगी। प्रथम चरण में उज्जैन के कोठी महल में वीर भारत संग्रहालय की स्थापना की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वीर भारत संग्रहालय से विश्वविद्यालय, अकादमिक संस्थाओं और विज्ञान के शिक्षण, प्रशिक्षण व शोध से जुड़ी संस्थाओं को भी जोड़ा जाए।*

## प्रदेश के सभी शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी हॉस्टल सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कामकाजी महिलाओं के लिए प्रदेश के सभी शहरों में हॉस्टल उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मंत्रालय में महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के मिशन शक्ति अंतर्गत सखी-निवास सुविधा का विस्तार अधिक महिला कर्मचारी वाले औद्योगिक क्षेत्रों में भी किया जाए। बालिकाओं और महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण देने तथा उनके कौशल उन्नयन के लिए विभागीय समन्वय से गतिविधियां चलाई जाएं।

### *चना और अन्य प्रोटीन स्रोत अनिवार्य रूप से होंगे उपलब्ध*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंगनबाड़ियों में पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक माह में कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए। प्रोटीन युक्त भोजन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए चना और अन्य प्रोटीन स्रोत अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं, औद्योगिक इकाइयों के साथ मंदिरों में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग भी आंगनबाड़ियों की बेहतरी के लिए किया जाए। बैठक में कुपोषण मुक्त झाबुआ के लिए चलाए गए मोटी आई अभियान पर लघु फिल्म भी दिखाई गई।*

### आंगनबाड़ी केंद्र शासकीय भवनों में संचालित हों

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय-सीमा निर्धारित कर यह सुनिश्चित किया जाए की सभी जिलों में आंगनबाड़ियां शासकीय भवनों में संचालित हों। इसके लिए स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास और जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों के उपलब्ध भवनों का भी उपयोग किया जाए। जिला स्तर पर पंचायत राज संस्थाओं, नगरीय निकायों के सहयोग तथा सांसद-विधायक निधि, डीएमएफ एवं अन्य संसाधनों से प्राथमिकता के आधार पर भवन बनाए जाएं।

पशुपालन मंत्री पटेल का माना आभार

## कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मियों का बढ़ा वेतन, जताई खुशी



**किस कर्मचारी को कितना होगा लाभ**

| पद | पहले | वर्तमान |
|---|---|---|
| सहायक ग्रेड-3 | 15000 | 20300 रुपए |
| अटेंडर | 12000 | 16000 रुपए |
| इलेक्ट्रिशियन | 12000 | 16200 रुपए |
| वाहन चालक | 15000 | 20300 रुपए |
| सेंपलर | 12000 | 16200 रुपए |
| लैब टेक्नीशियन | 15000 | 22000 रुपए |
| वायर ऑपरेटर | 15000 | 20300 रुपए |
| उपयंत्री | 25000 | 32000 रुपए |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुक्कुट विकास निगम में संविदा पर पदस्थ सहायक ग्रेड-3, अटेंडर, इलेक्ट्रिशियन, वाहन चालक, सेंपलर, लैब टेक्नीशियन, वायर ऑपरेटर और उपयंत्री के वेतन में वृद्धि के आदेश जारी हो गए हैं। वेतन वृद्धि आदेश जारी होने और पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक होने पर कुक्कुट विकास निगम के संविदा कर्मचारियों ने बुधवार को पशुपालन मंत्री लखन पटेल के निवास पर जाकर खिलाई मिठाई और मांग पूरी करने पर आभार जताया। संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौर के नेतृत्व में सभी हड़ताली संविदा कर्मचारियों ने पशु पालन विभाग के मंत्री लखन पटेल से चार मई को अपनी मांगों के संबंध में चर्चा की थी।

## जल दर्पण पोर्टल शिकायत निवारण कॉल सेंटर शुरू

**भोपाल।** बुधवार को 'जल दर्पण पोर्टल' तथा फीडबैक एवं शिकायत निवारण प्रणाली कॉल-सेंटर का शुभारंभ लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने किया। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल और कॉल-सेंटर हितग्राहियों को अपनी समस्याएं सीधे विभाग तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेंगे। राज्य स्तर पर स्थापित कॉल-सेंटर नल से जल आपूर्ति की नियमितता, मात्रा और गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण सेवा मापदंडों का मूल्यांकन करेगा। यह सिस्टम अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए ग्रामीण जल संरचना को मजबूत करेगा।

**अंतर्राज्यीय ट्रांसमिशन लाइन में टॉवरों का मॉडिफिकेशन, शिफ्टिंग कार्य पूर्ण**

## 79 लाख रुपए की लागत से सीप नदी क्षेत्र में लगाए गए छह विशेष तकनीक के टॉवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि वर्ष 2021 में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित श्योपुर जिले के सीप नदी क्षेत्र में अंतर्राज्यीय 132 केवी श्योपुर–सबलगढ़ टेप–खंदार (राजस्थान) डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन में टॉवरों के संशोधन एवं स्थानांतरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह कार्य विद्युत पारेषण व्यवस्था को बाढ़ जैसी आपदाओं में भी सुदृढ़ और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया। इसके तहत पुराने टॉवरों के फाउंडेशन को विशेष आधुनिक तकनीक से पुनर्निर्मित किया गया तथा कुछ टॉवरों को नदी के समीप सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर नये टॉवर लगाये हैं। इस कार्य में 79 लाख रुपये की लागत आई है।



### ऊंचाई में वृद्धि और विशेष तकनीक का उपयोग

एमपी ट्रांसको, ग्वालियर के अधीक्षण अभियंता अरविंद शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021 में बाढ़ और डैम ओवरफ्लो के कारण 132 केवी शिवपुरी–सबलगढ़ टेप–खंदार ट्रांसमिशन लाइन के छह टॉवर क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। साथ ही अंतर्राज्यीय विद्युत का आदान-प्रदान भी प्रभावित हुआ था। एमपी ट्रांसको द्वारा भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचाव के लिये स्पेशल ओपन कास्ट फाउंडेशन तकनीक का उपयोग करते हुए टावरों का पुनर्निर्माण, संशोधन और स्थानांतरण किया गया है।

**टावर की ऊंचाई बढ़ाई**

शर्मा ने यह भी बताया कि सीप नदी के जलभराव की आशंका को देखते हुए तहसील मानपुर के ग्राम कोटरा क्षेत्र में टॉवरों की ऊंचाई बढ़ाई गई है। साथ ही नदी के कटाव से सुरक्षा के लिए कुछ टॉवरों को नए स्थानों पर स्थापित किया गया है। इससे ट्रांसमिशन लाइन की स्थिरता और विद्युत आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित हो सकेगी।

## महुआ शराब मामले में पंद्रह आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**शराब निर्माण के उपकरण व सामग्री जब्त**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कबीरधाम

जिले के ग्राम धमकी (पारधीपारा) में पुलिस ने अवैध महुआ शराब मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में उपकरण व सामग्री जब्त किया गया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने बताया कि प्राप्त गोपनीय सूचना के आधार पर सुबह लगभग 6 बजे ग्राम धमकी स्थित पाराधीपारा क्षेत्र में संदिग्ध मकान की घेराबंदी कर एक साथ दबिश दी गई। मौके पर 15 आरोपी पुरुषों व महिलाओं को अवैध रूप से महुआ शराब निर्माण, संग्रहण व विक्रय में संलिप्त पाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से कच्चा महुआ, तैयार महुआ शराब, प्लास्टिक ड्रम, एल्यूमीनियम बर्तन, पाइप, उबालने की भट्टियां व अन्य निर्माण संबंधी उपकरण बड़ी मात्रा में बरामद किए गए। जब्त की गई सामग्री व शराब का मूल्य आंकलन उपरांत विधिसम्मत कार्रवाई के लिए संलग्न किया जा रहा है। समस्त आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धारा अंतर्गत मामला दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।

### प्रॉपर्टी विवाद में चचेरे भाई की हत्या

**बस्तर।** जिले के लोहंडीगुड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम गरदा बोदापारा में दो चचेरे भाई के बीच चल रहे जमीन विवाद के चलते एक ने दूसरे का गला घोंटकर हत्या कर दी। आरोपी ने घटना को अंजाम देने के बाद इस मामले की जानकारी गांव के कोटवार को दी। मामले की जानकारी देते हुए लोहंडीगुड़ा थाना प्रभारी रवि बैगा ने बताया कि ग्राम गडदा बोदापारा निवासी सायबो कवासी के द्वारा अपने चचेरे भाई मासो कवासी का गमछा से गला दबाकर हत्या कर दी। ग्राम गडदा बोदापारा पहुंचकर देखने पर सायबो कवासी के घर आंगन मे मासो कवासी का मृत शरीर पड़ा हुआ था।

## मुख्यमंत्री ने किया माथमौर गांव का औचक दौरा

***ग्रामीणों से पूछी समस्याएं, शासकीय योजनाओं का किया आंकलन***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अचानक भरतपुर सोनहत विधानसभा के कुंवरपुर के माथमौर गांव पहुंचे। एकाएक प्रदेश के मुखिया को अपने बीच पाकर ग्रामीणों आश्चर्यचकित हो गए। ग्रामीणों ने आत्मीयता के साथ उनका स्वागत किया। कुछ महिलाओं ने पेड़ों से ताजे फूल तोड़कर तात्कालिक रूप से गुलदस्ता तैयार किया और मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों के साथ अपनी बात की शुरुआत की, जिससे माहौल देशभक्ति और मातृभूमि के सम्मान से ओतप्रोत हो गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं की जमीनी स्थिति का आंकलन करना और आम जनता से सीधे संवाद स्थापित करना था। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और सुझावों को गंभीरता से लिया। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। एक भावनात्मक क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री साय ने गांव के सरपंच को अपने पास बिठाया, यह दर्शाता है कि राज्य सरकार गांव के नेतृत्व और पंचायत व्यवस्था को कितना सम्मान देती है। यह दौरा प्रदेश सरकार की जन केंद्रित नीति और गांव-गरीब-किसान के हित में प्रतिबद्धता का स्पष्ट संकेत है।



बस्तर अंचल के विकास को मिलेगी गति, सीएम ने जताया आभार

## रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना को हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ को केंद्र की तरफ से एक और रेल परियोजनाओं की सौगात मिली है। भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन (140 किमी) परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना पर 3513.11 करोड़ रुपए की लागत आएगी, जिसका वहन केन्द्रीय बजट से किया जाएगा। यह निर्णय बस्तर अंचल के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। सीएम साय ने छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। जिन्होंने बस्तर के दूरस्थ और जनजातीय जिलों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के इस बहुप्रतीक्षित सपने को साकार करने की दिशा में कदम उठाया है। रावघाट-जगदलपुर रेललाइन से न केवल कोंडागांव और नारायणपुर जैसे पिछड़े जिलों को पहली बार रेल मानचित्र पर स्थान मिलेगा।

**देश भर के व्यापारियों को लगाया करोड़ों का चूना, दिल्ली से गिरफ्तार**

# करोड़ों की ठगी के आरोपी 'बंटी-बबली' पुलिस के शिकंजे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुर

एक हाई-प्रोफाइल ठगी कांड का चौंकाने वाला खुलासा करते हुए जशपुर पुलिस ने 150 करोड़ रुपये की अंतरराज्यीय धोखाधड़ी का पर्दाफाश किया है। बंटी-बबली स्टाइल में देशभर के व्यापारियों को करोड़ों का चूना लगाने वाले गिरोह के दो मुख्य आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है।

पत्थलगांव निवासी व्यापारी अमित अग्रवाल से राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन के नाम पर 5.70 करोड़ रुपये की ठगी की गई थी। ठगों ने सीएसआर फंड से जुड़ा बताकर स्कूली बच्चों के लिए स्वेटर सप्लाई का लालच दिया। मामले की तह तक जाते-जाते पुलिस को पता चला कि यह एक संगठित और अत्यंत शातिर ठगी नेटवर्क है, जो देश के कई राज्यों में सक्रिय था।

एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एसडीओपी धुर्वेश जायसवाल की अगुवाई में टीम दिल्ली भेजी गई। जाल इतना बारीकी से बुना गया कि पुलिस ने खुद को मंत्रालय का अधिकारी बताकर 1000 करोड़ के ऑर्डर का लालच दिया और आरोपियों को दिल्ली के होटल ताज में बुलवाया।



### फिल्मी स्टाइल में रही पुलिस की प्लानिंग

*आरोपी अनीता उपाध्याय को शक न हो, इसके लिए पुलिस अफसर ने सादी वर्दी में स्थानीय मॉडल को असिस्टेंट बनाकर भेजा। होटल में मीटिंग के बहाने अनीता को फंसाया गया और फिर उसके जरिये मुख्य आरोपी रत्नाकर उपाध्याय तक पुलिस पहुंच गई। दिल्ली की सड़कों पर मोबाइल लोकेशन बदलते हुए रत्नाकर लगातार पुलिस को चकमा देता रहा। लेकिन जशपुर पुलिस ने हार नहीं मानी और सागरपुर में एक मेडिकल स्टोर के पास उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसने चिल्लाकर खुद को अगवा बताया और एसडीओपी पर हमला कर भागने की कोशिश भी की, लेकिन अफसर ने उसे नहीं छोड़ा। दिल्ली पुलिस के आने तक उसे मजबूती से पकड़े रखा गया। गिरफ्तार आरोपी रत्नाकर उपाध्याय ने 2023 में डायरेक्टर पद छोड़ अनीता उपाध्याय को नाममात्र की डायरेक्टर बना दिया। जब भी ठगी का मामला सामने आता, दोनों एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल देते।*

### करोड़ों की संपत्ति, लग्जरी कार बरामद

पुलिस जांच में सामने आया है कि इस गिरोह के पास लखनऊ में 24 फ्लैट, दिल्ली में 2 फ्लैट और एक लग्जरी रेंज रोवर गाड़ी है। इन संपत्तियों पर भी कानूनी शिकंजा कसा जाएगा। गिरोह ने 15 राज्यों में एजेंटों के माध्यम से सीएसआर फंड की योजनाओं में फायदा दिलाने का झांसा दिया। सिक्योरिटी मनी, प्रोसेसिंग फीस और नकद घूस के नाम पर करोड़ों की वसूली की जाती थी। सप्लाई के बाद चेक तो दिया जाता, लेकिन कैश कभी नहीं होता।

# पतंजलि विवि, पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर



**हरिद्वार।** भारत के प्राचीन गौरवमयी ज्ञान परम्परा के संरक्षण के लिए संकल्पित सर्वश्रेष्ठ शोध संस्थान पतंजलि विश्वविद्यालय व पतंजलि रिसर्च फाउण्डेशन एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के मध्य परस्पर सहयोग एवं शैक्षणिक समन्वय हेतु एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर हुए। समझौता ज्ञापन पर पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण तथा भारतीय ज्ञान प्रणाली की कार्यान्वयन समिति व नैक कार्यकारी समिति के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धि ने हस्ताक्षर किए।

इस कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि उक्त एमओयू के माध्यम से आईकेएस प्रभाग के अंतर्गत विविध विषयों पर अनुसंधान, प्रशिक्षण, कार्यशाला व सम्मेलन आदि के आयोजन हेतु पतंजलि विश्वविद्यालय को आईकेएस केंद्र के रूप में मान्यता दी जा सकेगी। साथ ही पतंजलि विश्वविद्यालय और इसके संबद्ध शोध संस्थान पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन द्वारा भारतीय ज्ञान प्रणाली पर किए जा रहे विद्वत्तापूर्ण कार्यों के प्रकाशन और प्रसार के लिए एक संयुक्त परियोजना भी प्रारंभ की जा सकेगी।आचार्य जी ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय और पीआरएफटी इस कार्य के निष्पादन में अपनी वैज्ञानिक जनशक्ति का प्रयोग करेंगे। आईकेएस प्रभाग भारतीय इतिहास को समर्पित एक संग्रहालय की स्थापना पर पतंजलि विश्वविद्यालय, आईकेएस केंद्र के साथ मिलकर काम करेगा, जिसमें न केवल पुरातात्विक कलाकृतियाँ शामिल होंगी, बल्कि ऐतिहासिक ज्ञान, वैज्ञानिक साक्ष्य और भारतीय ज्ञान प्रणाली का व्यापक प्रतिनिधित्व भी होगा। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय भारत के प्राचीन ज्ञान और ज्ञान के दस्तावेजीकरण और संरक्षण पर आईकेएस प्रभाग की परियोजनाओं में सहयोग करेगा, जिसमें अनुष्ठान, संगीत, पांडुलिपियां, प्राचीन सभ्यता, सामाजिक-आर्थिक पहलू, भाषाएं, चिकित्सा और उपचार पद्धतियां, शासन पद्धतियां, रक्षा प्रणाली, प्राकृतिक आपदाओं- बाढ़, सूखा आदि से निपटने के लिए स्वदेशी तरीके शामिल हैं। साथ ही आईकेएस प्रभाग के सहयोग से पतंजलि विश्वविद्यालय और पीआरएफटी द्वारा किए जा रहे शोध से संबंधित दस्तावेजीकरण, पांडुलिपियां, कला से संबंधित पुरातात्विक साक्ष्य, वस्तुएं और अन्य ऐतिहासिक साक्ष्यों को संरक्षित किया जाएगा। पतंजलि विश्वविद्यालय आईकेएस प्रभाग से पूर्व सहमति और अनुमोदन के साथ भारतीय ज्ञान प्रणाली के आधार पर ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रम या व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी विकसित करेगा। इस अवसर पर प्रो. सहस्त्रबुद्धि ने कहा कि आईकेएस प्रभाग इतिहास, भारतीय दर्शन आदि के अनुशासन के भीतर भारतीय ज्ञान प्रणाली को आगे बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक साक्ष्य पर आधारित अनुसंधान में पतंजलि विश्वविद्यालय के साथ सहयोग करेगा। उन्होंने बताया कि आईकेएस प्रभाग पतंजलि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इतिहास-केंद्रित वैज्ञानिक प्रयोगशाला विकसित करेगा, जिसमें भारतीय दर्शन, इतिहास और ज्ञान प्रणालियों के मूलभूत सिद्धांतों का पता लगाने और उनकी व्याख्या करने के लिए उन्नत तकनीक का उपयोग करेगा। साथ ही आईकेएस प्रभाग शोध कार्यों के लिए आवश्यक अनुमति प्राप्त करने हेतु अन्य मंत्रालयों के साथ संपर्क में मदद करेगा। कार्यक्रम में आईकेएस. प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. जी. सूर्यनारायण मूर्ति, पतंजलि विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति डॉ. मयंक अग्रवाल, पतंजलि हर्बल रिसर्च डिविजन की प्रमुख डॉ. वेदप्रिया आर्या व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता तेलंगाना को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर उजागर करेगी



**हैदराबाद।** तेलंगाना को एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के दृष्टिकोण के अनुरूप, राज्य सरकार ने आगामी मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का लाभ उठाकर तेलंगाना की विविध पर्यटन पेशकशों को अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों तक पहुँचाने के लिए एक व्यापक रणनीति तैयार की है।120 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों की भागीदारी और 150 से अधिक देशों में प्रसारण कवरेज के साथ, मिस वर्ल्ड कार्यक्रम तेलंगाना की सांस्कृतिक समृद्धि, विरासत स्थलों और आधुनिक बुनियादी ढाँचे को प्रदर्शित करने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रस्तुत करता है। यह पहल पर्यटन निवेश में रु. 15,000 करोड़ से अधिक आकर्षित करने और घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों पर्यटकों की संख्या को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने की सरकार की व्यापक योजना में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस रणनीतिक पहल के भाग के रूप में, मिस वर्ल्ड प्रतियोगी राज्य भर के प्रमुख पर्यटन स्थलों का दौरा करेंगी, जिनमें हजार स्तंभ मंदिर, वारंगल किला, भद्रकाली मंदिर, रामप्पा मंदिर (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल), नागार्जुन सागर, पोचमपल्ली (हथकरघा बुनाई के लिए प्रसिद्ध) और महबूबनगर में प्राचीन पिल्लामरी वृक्ष जैसे प्रतिष्ठित स्थल शामिल हैं। यात्रा कार्यक्रम में 12 मई को हैदराबाद के चारमीनार और लाड बाजार के माध्यम से 'हेरिटेज वॉक' शामिल है, जिसका उद्देश्य शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है। 13 मई को, प्रतिभागी हैदराबाद की शाही विरासत का अनुभव करने के लिए राजसी चौमहल्ला पैलेस का दौरा करेंगे। 14 मई को, वे वारंगल के ऐतिहासिक स्मारकों का दौरा करेंगे, जिसमें हज़ार स्तंभ मंदिर और वारंगल किला शामिल हैं, इसके बाद रामप्पा मंदिर का दौरा करेंगे, जहाँ वे पेरीनी नृत्य का लाइव प्रदर्शन देखेंगे, जो कभी काकतीय योद्धाओं के युद्ध में जाने से पहले किया जाता था। 15 मई को, प्रतिनिधि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यादगिरिगुट्टा मंदिर का दौरा करेंगे । 16 मई को चिकित्सा पर्यटन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्य सेवा संस्थानों और हैदराबाद में एक्सपीरियंस पार्क और पिल्लालामरी सहित प्रमुख अनुभवात्मक स्थलों का दौरा किया जाएगा। 17 मई को, प्रतियोगी विश्व प्रसिद्ध रामोजी फिल्म सिटी का दौरा करेंगे, जो दुनिया भर में सबसे बड़े फिल्म स्टूडियो में से एक है। अगले दिन, 18 मई को, वे तेलंगाना पुलिस एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र का दौरा करेंगे। यात्रा कार्यक्रम में 20 या 21 मई को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने जाना भी शामिल है। 21 मई को, प्रतिभागी शिल्परमम में कला और शिल्प कार्यशाला में भाग लेंगे, स्थानीय कारीगरों के साथ बातचीत करेंगे और पारंपरिक कला रूपों के बारे में जानेंगे।



## डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ मिलकर काम किया

**जबलपुर।** भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में अपनी तरह के पहले कदम के तहत, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने पुणे में 1,100 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता वाली एक ऐतिहासिक, रेसकोर्स थीम वाली मेगा टाउनशिप शुरू करने के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ एक मालिकाना **CDDMOTM** मॉडल में प्रवेश किया है। थीम आधारित आतिथ्य संचालित मॉडल रियल एस्टेट में एक नए निवेश वर्ग को खोलता है जिसमें 9% तक **ROI** प्राप्त करने की क्षमता है। यह मॉडल सुनिश्चित करता है कि मूल्य प्रस्ताव रियल एस्टेट से कहीं आगे तक फैला हुआ है, एक क्यूरेटेड लाइफस्टाइल इकोसिस्टम बनाता है जो बेजोड़ विलासिता, समुदाय और अनुभवात्मक आतिथ्य को मिलाता है। इस विकास के पीछे दूरदर्शी, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर के संस्थापक और अध्यक्ष, जिमी मिस्त्री ने कहा, यह सिर्फ एक और टाउनशिप नहीं है - यह भारत में पहले कभी नहीं देखे गए रियल एस्टेट मॉडल का जन्म है।

## ऐसा नियम बने कि हर दुकानदार फायर सेफ्टी उपकरणों को रखे ताकि वह आपात हालात से निपटने में सक्षम हो

# व्यापारियों ने कहा- बाजारों में 'फायर सेफ्टी' के पुख्ता इंतजाम हों

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में बीते दिन सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट का अभ्यास हुआ। इस दरमियान आपदा प्रबंधन से निपटने शहर के अलग-अलग पांच जगहों पर व्यापक पूर्वाभ्यास भी हुए। इस दरमियान प्रशासन द्वारा नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूक करते हुए मॉक ड्रिल में यह प्रदर्शित किया गया कि नगर प्रशासन के पास आगजनी की स्थिति से निपटने के पुख्ता इंतजाम है। मगर शहर के बाजारों में अब तक घटित हुई आगजनी की घटनाएं और मौजूदा परिदृश्य में मौजूद उपकरण एवं प्रबंध को शहर के विभिन्न बाजारों के व्यापारी और व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि नाकाफी करार दे रहे हैं।

व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि भोपाल में आगजनी से निपटने के लिए जो व्यवस्थाएं मौजूद हैं, उनकी क्षमता और प्रभावशीलता को और ज्यादा बेहतर बनाने की आवश्यकता है। भोपाल के बाजारों में आगजनी से निपटने के लिए शहर में फायर ब्रिगेड, अग्निशमन स्टेशन और पानी की उपलब्धता जैसी व्यवस्थाएं मौजूद हैं, उनकी क्षमताओं को और अधिक प्रभावशीलता बनाने पर जोर दिया गया है। वजह कुछ बाजारों में दमकल के पहुंचने के लिए रास्ते नहीं हैं या अग्निशमन विभाग के पास उच्च ऊंचाई वाली इमारतों में आग बुझाने के लिए पर्याप्त उपकरण नहीं हैं। इतना ही नहीं पुराने शहर के चौक बाजार में अग्निसुरक्षा के लिए पानी के हाइड्रेंट और पाइपलाइन बिछाई गई थीं, लेकिन वे खराब हैं या अब काम नहीं कर रही हैं। ऐसे में सघन व्यापारिक क्षेत्र में आग लगने की स्थिति में आग बुझाने के लिए नगर निगम के पास पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं।



### इन बाजारों में इंतजाम नहीं

**न्यू मार्केट-** सामान्य दिनों में यहां एक समय में 20 से 25 हजार की भीड़ रहती है। यहां निगम के सब स्टेशन हैं। फायर ब्रिगेड का मुख्य दफ्तर भी है, लेकिन भीड़ मुश्किलें खड़ी कर सकती है।**चौक बाजार-** हाइड्रेंट सिस्टम सिर्फ सराफा चौक में है और वो भी चालू नहीं हो सका। इसके अलावा पुराने शहर की व्यस्त गलियों में दोपहिया फायर ब्रिगेड गाडियां खड़ी रहती हैं। बड़ी आग बुझाने में ये कारगर नहीं हैं।**लखेरापुरा-**कपड़ों और प्लास्टिक के इस प्रमुख बाजार में फायर ब्रिगेड का कोई वाहन नहीं है। संकरी गलियों में इनका जाना मुश्किल है।
**जुमेराती बाजार-** किराना, तेल और खानपान के साथ इलेक्ट्रॉनिक इस बड़े बाजार में पहले जनकपुरी के पास नगर निगम की गाड़ी खड़ी रहती थी। आजकल नहीं दिखती है।

### शहर के प्रत्येक दुकान में फायर उपकरणों को अनिवार्य किया जाए



राजधानी भोपाल में ऐसी गलियां है और बड़े-बड़े जो मार्केट हैं जो सघन इलाके वाले है। जिसमें जुमेराती, लोहा बाजार, हनुमानगंज, लखेरापुरा, चौक बाजार, आजाद मार्केट आदि शामिल है। कपड़ों की दुकान में बीच ऐसी गलियों में जहां की फायर ब्रिगेड नहीं जा सकती। दुकानदारों से पूछों तो हर दुकानदार यही कहता है कि हमारे पुख्ता इंतजाम है, जबकि स्थित इसके विपरीत है। बहुमंजिला बिल्डिंग और सकरी गलियों बीच फायर बिग्रेड की गाड़ियां घटना स्थल तक नहीं पहुंच पाती। जिससे आगजनी की घटना में भारी नुकसान होता है। शहर के विभिन्न बाजारों में अभी तक घटित हुई घटनाओं में ऐसा ही परिदृश्य सामने आया है। अत: प्रशासन को चाहिए कि सघन व्यापारिक क्षेत्रों में व्यापारिक संगठनों के साथ मिलकर बाजार में अग्निशमन यंत्र के पुख्ता इंतजाम करें। ताकि गलियों में जो दुकानें और रिहायसी इलाके है उन पर भविष्य होने वाली ऐसी घटनाओं को कंट्रोल किया जा सकें। प्रशासन से अनुरोध है कि सघन बाजारों और सकरी गलियों में बड़ी पानी की टंकी की व्यवस्था की जाए। ताकि आपातकालीन स्थिति में इसका उपयोग हो सकें। इसके साथ ही शहर के प्रत्येक दुकानों में फायर उपकरणों को अनिवार्य किया जाए।

**ठाकुरलाल राजपूत**

## ट्रॉपिकल एग्रो ने किया टैग स्टेमली का अनावरण

एजेंसी.चेन्नई

ट्रॉपिकल एग्रो ने एक क्रांतिकारी खोज का अनावरण किया है। टैग स्टेमली, जो पेटेंटेड और अपनी तरह का पहला ग्रैन्युलर कीटनाशक है, जिसमें तीन सक्रिय घटक शामिल हैं। यह अत्याधुनिक समाधान धान की खेती में दो सबसे विनाशकारी कीटों– तना छेदक( स्टेम बोरर) और पत्ता लपेटक कीट से मुकाबला करने के लिए तैयार किया गया है, जो पूरे भारत में चावल की उत्पादकता को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। भारत में चावल की फसल में स्टेम बोरर का प्रकोप भारी आर्थिक नुकसान का कारण बनता है, जिससे पैदावार में 10 फीसदी से 40 फीसदी तक की गिरावट हो सकती है।

## ऑपरेशन सिंदूर' को अपना ट्रेड मार्क बनाने का उसका कोई इरादा नहीं है: रिलायंस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज का ऑपरेशन सिंदूर को ट्रेडमार्क करने का कोई इरादा नहीं है, यह एक ऐसा शब्द है जो अब भारतीय वीरता के प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय चेतना का हिस्सा बन गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की एक इकाई जियो स्टूडियोज ने अपना ट्रेडमार्क आवेदन वापस ले लिया है, जिसे अनजाने में एक जूनियर व्यक्ति ने बिना अनुमति के दायर कर दिया था।
रिलायंस इंडस्ट्रीज और इसके सभी हितधारकों को ऑपरेशन सिंदूर पर बहुत गर्व है, जो पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादी हमले के जवाब में किया गया था। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद की बुराई के खिलाफ भारत की अडिग लड़ाई में हमारे बहादुर सशस्त्र बलों की गौरवपूर्ण उपलब्धि है। आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में रिलायंस हमारी सरकार और सशस्त्र बलों के साथ पूरी तरह से खड़ा है। इंडिया फर्स्ट के आदर्श वाक्य के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटूट है।

## कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी, मुड़वारा (म.प्र.)

क्र./ 109 / ज. प्र.वि./ 2025-26 — कटनी, दिनांक:- 16/04/2025

### निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम कटनी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों / निमार्ताओं से प्रतिशत ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं निविदा का विस्तृत विवरण साइट https:www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD_419287_1 | वार्ड क्र. 1 से 45 तक आवश्यकत्तानुसार 400/200 mm Dla Gravel Packed Tubewell खनन का कार्य । मात्रा - 10 Nos. | 365 दिन Rs 17.20 लाख | Rs. 2000/- Rs. 12900/- | 20/05/2025 |
| 2. | 2025_UAD_419287_2 | वार्ड क्र. 1 से 45 तक आवश्यकत्तानुसार 350/150 mm Dla Gravel Packed Tubewell खनन का कार्य । मात्रा - 05 Nos. | 365 दिन Rs 6.27 लाख | Rs. 2000/- Rs. 6720/- | 28/05/2025 |
| 3. | 2025_UAD_419287_3 | वार्ड क्र. 1 से 45 तक आवश्यकत्तानुसार 150 mm Dla Ordinary Tubewell खनन का कार्य । मात्रा - 10 Nos. | 365 दिन Rs 14.20 लाख | Rs. 2000/- Rs. 10650/- | 28/05/2025 |
| 4. | 2025_UAD_419287_4 | वार्ड क्र. 1 से 45 तक आवश्यकत्तानुसार 125 mm Dla Ordinary Tubewell खनन का कार्य । मात्रा - 05 Nos. | 365 दिन Rs 4.37 लाख | Rs. 2000/- Rs. 4370/- | 28/05/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन-यंत्री
वास्ते-आयुक्त
नगरपालिक निगम, कटनी

**आवश्यकता**


आवश्यकता है- भर्ती-भर्ती -भर्ती आवश्यकता है इंदौर एवं देवास स्थित दवाई कंपनी में पैकिंग कार्य हेतु हेल्परों की आवश्यकता है सुविधा रहना खाना फ्री वेतन - 12000 से 15000 तक संपर्क सूत्र 9753109129, 6264798051 (गाडरवारा /11/मई 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5861



**बाएँ से दाए-**
1.फिसलना-4
5.गुनाह,जुर्म-4
8.नाव चलानेवाला-3
9.लड़ी,श्रंखला -2
11.ईर्ष्या,डाह-3
12.उद्देश्य,वजह-4
14.भोजन-2
15.थकावट-3
17.जी,चित-2
19.मंत्र पढ़ना-2,3
22.राजपुत्र,राज कुंवर-2,3
25.यात्रा करनेवाला-2
26.समझौता,संधि-3
27.ईसाई साध्वी-2
28.मनमुटाव-4
30.नौकर-3
31.बदला-2
33.गर्भ,कोख-3
35.रुआफ-4
36.सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2.लम्हा,क्षण-2
3.नामित,मनोनीत-4
4.रनिवास,हरम-5
5.बुद्धि-3
6.गोंद,लाख-2
7.हृदयगति,स्पंदन- 4
10.विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13.शिक्षा,पाठ-3
16.कालिख,कालापन-3
17.इंकार,मनाही-2
18.झंडा,पताका-2
20.चौकसी, रखवाली-3
21.मोटा आटा, सूजी -2
22.निशा,रात-2
23.अच्छे कुल का-3
24.प्रस्थान,विदा-4
25.यान चलाने वाला-2,3
26.सुंदरी,षोडशी, कुमारी-4
28.प्रार्थना,मनोकामना-4
29.गरल,विष-3
32.ताला (अंग्रेजी-2)
34.पात्र,थापा,संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -5860 का हल



## सूडोकु नवताल - 5871

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5870 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# सबसे प्यारी-सबसे न्यारी मेरी मां





हर बच्चे को अपनी मां बहुत प्यारी होती है। बच्चे उनकी कुछ खास खूबियों की वजह से उन्हें दुनिया की बेस्ट मम्मी मानते हैं। बता रहे हैं कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट, अपनी मम्मी की ये खूबियां। साथ में यह भी बता रहे हैं कि इस बार मदर्स-डे पर उनकी क्या प्लानिंग है? वे अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेंगे?

## वह हमेशा दूसरों के लिए सोचती हैं: जारा वारसी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में जारा वारसी हप्पू सिंह की छोटी बेटी चमची का रोल निभा रही है। उसने दर्शकों का दिल जीत रखा है। मदर्स-डे के अवसर पर यह पूछने पर कि वह अपनी मम्मी में क्या-क्या खूबियां देखती है? जारा बताती है, 'मेरी मम्मी की खास बात यह है कि वह अपने लिए नहीं, हमेशा दूसरों के लिए सोचती हैं। फैमिली में हर किसी का ख्याल रखती हैं। मेरी मम्मी मेरी बेस्ट फ्रेंड, टीचर और सुपर वूमेन हैं। यही वजह है कि मैं उन्हें वर्ल्ड की बेस्ट मॉम मानती हूं।' जारा मदर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में बताती है, 'मैंने अपने बचपन की फोटोज सेलेक्ट कर छोटा-सा वीडियो बनाया है। साथ ही मैं उनके लिए खुद से ग्रीटिंग कार्ड बना रही हूं।' मदर्स-डे के मौके पर जारा अपनी मम्मी के लिए क्या कोई खास मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं उनसे यही कहना चाहती हूं, मम्मी, आप मेरी सबसे बड़ी आइडियल हैं। मैं चाहती हूं कि जब मैं बड़ी हो जाऊं तो आप मुझ पर गर्व करें। लव यू मम्मा।' *

## मां मेरी सबसे अच्छी गुरु हैं: आन तिवारी



**सोनी सब** चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'वीर हनुमान' में आन तिवारी बाल हनुमान की भूमिका निभा रहा है। अपनी भूमिका से उसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर लिया है। आन से यह पूछने पर कि उसकी मां की क्या विशेषता है, वह बताता है, 'मेरी मां में बहुत सारी विशेषताएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी विशेषता की बात करूं तो वह है, उनका जबरदस्त आत्मविश्वास, कभी हार न मानना।' इस बार मदर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में आन बताता है, 'मेरी मां को गाने सुनना पसंद है और मुझे सिंगिंग। इसलिए मैं मम्मी के लिए एक गाने का रियाज कर रहा हूं, जो मदर्स-डे वाले दिन उन्हें गाकर सुनाऊंगा। जिसे सुनकर मम्मी बहुत खुश होंगी।' इस स्पेशल डे पर आन अपनी मां को क्या खास मैसेज देना चाहेगा, वह बताता है, 'मैं अपने परिवार से दूर रहकर अपनी मां के साथ 'वीर हनुमान' की शूटिंग कर रहा हूं। मां के साथ बिताए हर पल बहुत खास हैं। उनके साथ होने की वजह से ही मैं हर काम आसानी से कर पाता हूं। मैं अपनी मां से यही कहूंगा-आप मेरी सबसे अच्छी गुरु हैं।' *

## मेरी दिली ख्वाहिश है, मम्मी को प्राउड फील कराऊं : वृही कोडवारा



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में वृही कोडवारा, स्वरा का रोल प्ले कर रही है। दर्शक उसके अभिनय से बहुत प्रभावित हैं। अपनी मम्मी की कोई ऐसी खास बात, जो वृही को सबसे ज्यादा अच्छी लगती है, पूछने पर वह बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर छोटी-बड़ी बात ध्यान से सुनती हैं, कभी गुस्सा नहीं करतीं। उनकी प्यारी स्माइल मेरा हर दिन हैप्पी बना देती हैं। मेरी मम्मी वर्ल्ड की बेस्ट मॉम हैं।' मदर्स-डे पर वृही उन्हें कैसे सरप्राइज करेगी? वह बताती है, 'इस दिन मैं मम्मी के लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, उसमें खुद अपने हाथों से मैसेज लिखूंगी। मैं पूरे दिन मम्मी को रेस्ट दूंगी, कोई शरारत नहीं करूंगी।' मदर्स-डे पर वृही अपनी मम्मी को मैसेज देना चाहती है, 'मैं बड़ी होकर मम्मी का हर सपना पूरा करना चाहती हूं। मैं उन्हें प्राउड फील कराऊं, यह मेरी दिली ख्वाहिश है। लव यू मम्मा।' *

## उन्हें वह खुशी दूंगा, जिसकी वे हकदार हैं: अहनफ खत्री



**अहनफ खत्री** जी टीवी के पॉपुलर शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन का किरदार निभा रहा है। अपनी मम्मी की खूबियां पूछने पर वह बताता है, 'मेरी मम्मी बहुत अच्छा खाना बनाती हैं। मेरे साथ टाइम स्पेंड करती हैं, जिससे मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरी मम्मी बेस्ट मॉम हैं।' मदर्स-डे को अहनफ किस तरह खास बनाएगा, वह बताता है, 'मैं मम्मी के लिए एक स्पेशल लेटर अपने हाथों से लिखूंगा और उन्हें दूंगा, साथ ही एक ड्रॉइंग भी बनाकर दूंगा। मैं खुद उनका फेवरेट केक बनाऊंगा, क्योंकि उस दिन उनका बर्थ-डे भी है। मम्मी गिफ्ट पाकर बहुत खुश हो जाती हैं, इसलिए मैं उन्हें एक सुंदर-सा गिफ्ट भी दूंगा।' मदर्स-डे पर अहनफ अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगा, वह बताता है, 'इस दिन मम्मी को यह कहना चाहूंगा कि मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। मम्मी मेरी बहुत केयर करती हैं, स्टडीज में बहुत हेल्प करती हैं। जब मैं बड़ा हो जाऊंगा तो मम्मी को वो सारी खुशी दूंगा, जिसकी वह हकदार हैं। आई लव माय मॉम।' *

प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स

फीलिंग्स / डॉ. मोनिका शर्मा

# अपनी लविंग मॉम को ऐसे कराओ हैप्पी फील



बच्चो, मम्मा हर पल तुम्हारे लिए कितना कुछ करती हैं, है ना! तुम पर अपना खूब सारा प्यार-दुलार बरसाती हैं। तुम्हारी पसंद का टेस्टी खाना बनाती हैं। जब कभी तुम रूठ जाते हो तो तुम्हें प्यार से मनाती हैं। तुम जब बीमार हो जाते हो या तुमको चोट लग जाती है तो रात-रात भर जागती हैं। पढ़ाई में हेल्प करती हैं, तुम्हारे संग खेलती हैं। तुम्हारी बातें पूरे ध्यान से सुनती हैं और मजेदार बातों पर तुम्हारे संग खूब हंसती-खिलखिलाती हैं। जिस तरह तुम्हें अपनी मम्मा से ढेर सारा प्यार, सपोर्ट पाकर अच्छा लगता है, वैसे ही मम्मा भी चाहती हैं कि तुम उनसे खूब सारा प्यार करो, उनकी केयर करो और जरूरत पड़ने पर उनकी हेल्प भी करो। तुमको ऐसा जरूर करना चाहिए। तुम उनको किस-किस तरह से हैप्पी फील करवा सकते हो, यहां बता रहे हैं।

**कहो थैंक यू:** जरा सोचो, मां तुम्हारी पसंद-नापसंद का कितना ख्याल रखती हैं। तुमसे पूछकर ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर बनाती हैं। जब वो तुम्हारे लिए फेवरेट डिश बनाएं, तो उनसे जरूर कहो, 'सुनो मेरी प्यारी मां, आज लंच/डिनर बहुत टेस्टी है। थैंक यू!' इसी तरह स्टडी में जब भी मॉम तुम्हारी हेल्प करें तो उनको थैंक यू जरूर कहो, इससे उनको बहुत अच्छा लगेगा।



**मम्मी की पसंद का ख्याल:** मूवी देखने जाते समय या रेस्टोरेंट में खाना खाते समय क्या तुम मम्मी से उनकी पसंद के बारे में पूछते हो? घर-बाहर कहीं कुछ खाने-पीने से पहले मम्मा को भी प्यार से उनकी पसंद जरूर पूछो। इससे उनको अच्छा फील होगा।


**साथ में बातें करो, हंसो-मुस्कुराओ:** जब भी मां फ्री हों, उनसे खूब बातें करो। उनको अपनी हॉबीज, अपने स्कूल रूटीन के बारे में, अपने फ्रेंड्स के बारे में बताओ, हंसो-मुस्कुराओ। यही सब बातें मां को सुकून देती हैं, उन्हें खुश रखती हैं। मां को खुश रखना, उनकी केयर करने का सुंदर तरीका है। जब कभी किसी बात पर वे उदास हों तो उनसे लिपटकर कहो, 'मुस्कुरा दो ना मम्मा!' तुम्हारे ऐसे कहते ही उनका मूड हैप्पी हो जाएगा।

**करो मां की हेल्प:** मां किसी काम में मदद करने के लिए कम ही कहती हैं। लेकिन तुम खुद आगे बढ़कर छोटे-छोटे कामों को करने में मां की मदद करो। तुम अपनी बुक्स और दूसरी चीजों को अरेंज करके या अपने छोटे-मोटे काम खुद करके भी अपनी प्यारी मम्मा की हेल्प कर सकते हो।

**केयरिंग मॉम की केयर:** तुम्हारी केयर करने में मम्मा कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। जितना पॉसिबल हो तुम्हें भी उनकी केयर करनी चाहिए। मां घर के सारे काम समय से करने की भाग-दौड़ में लगी रहती हैं। इसीलिए जब कभी भी मां आराम कर रही हो तो उनको डिस्टर्ब ना करना भी एक तरह से उनकी केयर करना ही है। अगर तुम्हारी मॉम वर्किंग हैं, तो ऑफिस से लौटने पर मम्मा को पानी लाकर दो। उन्हें काम से ब्रेक लेकर टाइम पर खाना खाने और आराम करने के लिए कहो। अगर कभी उनका सिर दर्द हो तो उनके माथे पर बाम लगा दो। मां से कहो कि तुम्हें भी उनकी परवाह है। प्यार भरी तुम्हारी ऐसी बातों और बर्ताव से ही मां का मन खुश हो जाएगा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

## सीख देती कहानियां



एक नया कहानी-संग्रह 'मोती की नाराजगी' कुछ समय पहले छपकर आया है। यों इस किताब की लगभग सभी कहानियां, जानवरों की हैं या उनके इर्द-गिर्द की बातों को लेकर। पर इसकी एक कहानी में एक बच्चे का अपने पिता के साथ मेले जाने का किस्सा भी है। किताब के शीर्षक वाली कहानी में मोती कुत्ता अपनी मालकिन से एक गौरैया के कारण नाराज हो जाता है। लेकिन फिर भी गौरैया के बच्चों पर मुसीबत आने पर वह तुरंत उनकी मदद करने आ जाता है। जानवर हमारे किस तरह मददगार होते हैं, यह 'दोस्तों ने जान बचाई' कहानी में पढ़ा जा सकता है।

**किताब:** मोती की नाराजगी, **लेखक:** पवन कुमार वर्मा, **चित्र:** दिलीप कुमार, **मूल्य:** 200 रुपए, **प्रकाशक:** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**चिंकी :** तुम आंखें बंद करके चॉकलेट क्यों खा रही हो?
**मिंकी :** क्योंकि कल मम्मी ने मुझसे कहा था कि चॉकलेट की तरफ देखना भी मत!
-हर्षित, रायपुर

**पप्पू :** अगर काली बिल्ली तुम्हारा रास्ता काट दे, तो इसका क्या मतलब है?
**गप्पू :** इसका मतलब है कि काली बिल्ली मुझसे ज्यादा जल्दी में है।
-काव्या, बिलासपुर

**टीचर :** अच्छा बताओ, समांतर रेखाएं (पैरेलल लाइंस) एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?
**रोहन :** सर, क्योंकि उनके दांत नहीं होते हैं।
-आर्यन, रोहतक

## जीके क्विज-153



1. रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट का क्या नाम है?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को किस पद पर नियुक्त किया गया है?
4. इंटरनेशनल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
5. भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या कितनी है?
6. 1857 की क्रांति के दौरान झांसी में क्रांतिकारियों का नेतृत्व किसने किया था?
7. कौन-सा ग्रह सूर्य के सबसे नजदीक परिक्रमा करता है?
8. विश्वप्रसिद्ध पेंटिंग 'मोनालिसा' किसकी कृति है?
9. किस गैस को 'लाफिंग गैस' के नाम से भी जाना जाता है?
10. भारत का सबसे बड़ा रेगिस्तान थार, किस राज्य में स्थित है?

बच्चो, जीके क्विज-153 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-152 का उत्तर :** 1.भूषण रामकृष्ण गवई, 2.झारखंड, 3.धर्मेंद्र प्रधान, 4.भारत और चीन, 5.बिहार, 6.बिहार, 7.स्विट्जरलैंड, 8.डॉ. मदन कटारिया, 9.गुरु नानक देव, 10.भुवनेश्वर

**जीके क्विज-152 का सही उत्तर देने वाले:** सौरभ-बिलासपुर, लाभांश-दुर्ग, नीटू-कोरबा, रमेश-कोरबा, एकता-ईमेल से, कबीर-हिसार, तृप्ति-रायपुर, आदर्श-कोरबा, संगम-रायपुर, दिवाकर-भोपाल, जतिन-रोहतक, कविश-रायगढ़, रतन-दुर्ग, अर्पित-बिलासपुर, हर्ष-बेमेतरा, तान्या-महासमुंद, प्रेम-दुर्ग

ऐसा कोई दिन नहीं होता था, सुबह मम्मी के बिना उठाए मोनू उठ जाए। लेकिन उस दिन वह सुबह खुद ही जल्दी उठ गया। इतना ही नहीं, उसने अपने सभी काम स्वयं किए। मम्मी को कुछ नहीं करना पड़ा। मम्मी को यह देखकर बड़ा अचरज हुआ कि एकाएक मोनू में यह बदलाव आया कैसे? यह बदलाव सिर्फ एक दिन के लिए था या हमेशा के लिए?



कहानी
नागेश पांडेय 'संजय'

# प्रॉमिस

'उठो बेटा, मोनू। नहीं तो स्कूल के लिए देर हो जाएगी।' रोज ही जब तक यह रटा-रटाया वाक्य आठ-दस बार मोनू के कानों में नहीं पड़ता, उसकी नींद कहां खुलती है। लेकिन आज न जाने क्या हुआ, मोनू खुद ही उठ गया। उठ ही नहीं गया, बिना कहे सुबह के अपने सारे काम भी निपटाए। मोनू ने अपने कमरे की सफाई की, अपनी स्टडी टेबल साफ की, कॉपी-किताबें बुक शेल्फ में करीने से रखीं। अपने कपड़े भी वॉर्डरोब में तहाकर रखे। अपने शूज में पॉलिश की। एक दिन पहले स्कूल के टाइमटेबल के हिसाब से बुक्स और कॉपियां भी बस्ते में रखीं ताकि सुबह हड़बड़ी न रहे। मतलब सारे के सारे काम आज उसने खुद किए।

'क्या हो गया है इसे? यह एकदम इतना बदल कैसे गया?' मन ही मन यह सोचते हुए मम्मी ने टेबल पर नाश्ता लगाया। नाश्ते में मोनू की फेवरेट लौकी की पकौड़ी थी। उसने पहली बार इसे मामा के गांव में खाया था और फिर उसका ऐसा स्वाद चढ़ा कि पनीर की पकौड़ियां भूल गया। लेकिन आज हमेशा की तरह मोनू नाश्ते पर टूट नहीं पड़ा। उसने पहले मम्मी के गले में हाथ डाला। उनके माथे को चूमा फिर बोला, 'मम्मी मुंह खोलो, आ करो..!'

'अरे! मैं अभी थोड़े ही खाऊंगी.. तू खा ना!' लेकिन मोनू कहां माना। उसने नाश्ते का पहला कौर मम्मी के मुंह में रख ही दिया और उन्हें प्यार से देखने लगा।

मम्मी भौंचक, 'क्या हुआ है तुझे? मैं सपना देख रही हूं क्या!'

'सपना नहीं, सब सच है मम्मी!' पहले मोनू थोड़ा शर्माया फिर बोला, 'मम्मी, आपको पता है न आज कौन-सा डे है?'

मम्मी तुरंत बोलीं, 'संडे है, और क्या, अच्छा अब समझी। आज स्कूल नहीं जाना है, रेस्ट का दिन है। तभी आज खुद सारा काम कर डाला है।'

'नहीं मम्मी, संडे-वंडे की कोई बात नहीं। आज मदर्स-डे है।' मोनू ने चहकते हुए बताया। 'अच्छा.. अच्छा.. अब समझी! कितना अच्छा हो अगर मदर्स-डे रोज हो तो...!' मोनू ने मम्मी की बात पूरी न होने दी। उनके मुंह पर हाथ रखते हुए अनमना-सा बोला, 'ओह मम्मी! अब मुझे चिढ़ाओ नहीं। आगे से मैं अपना सारा काम खुद ही करूंगा। मैंने संकल्प ले लिया है।'

'गुड.. वेरी गुड!' मम्मी की खुशी का ठिकाना न था। तब तक अंदर से पापा आ गए। एकदम बोल उठे, '...और इसके पास आपके लिए एक गिफ्ट भी है। इसने मुझसे...!' वह यह बोलते-बोलते रुक गए, जैसे कोई चूक हो गई हो। चूक तो हुई ही थी। उन्होंने मोनू से प्रॉमिस किया था कि मम्मी को इस बारे में कुछ नहीं बताएंगे।

'ओह पापा! आपने सारा सरप्राइज बेकार कर दिया।' मोनू रूठ सा गया।

'सॉरी.. सॉरी.. बेटा...!' पापा को अहसास हो गया था कि गलती हुई है। मोनू संयत हुआ, बोला, 'नहीं पापा.. प्लीज अब सॉरी नहीं बोलिए। मैं भी तो आपकी और मम्मी की बताई कितनी बातें भूल जाता हूं। मुझसे भी तो गलती होती है। मुझे तो अपनी गलती का अहसास भी नहीं होता, क्योंकि मोबाइल गेम में ऐसा खो जाता हूं कि मुझसे क्या करने को कहा गया था, इसका भी होश नहीं रहता।'

पापा हंसने लगे। मम्मी ने भी भावुक होकर मोनू को गले से लगा लिया। दोनों के मुख से एक ही बात निकली, 'अरे वाह! यह तो बड़ा समझदार हो गया है।'

'और मम्मी यह समझदारी मुझे मिली इस कहानी से।' कहते हुए मोनू ने अपने बस्ते से एक पत्रिका निकाली और झट से पन्ने पलट कर उसमें छपी कहानी 'सरप्राइज गिफ्ट' उन्हें दिखा दी।

मम्मी की खुशी का ठिकाना न था, वह बोलीं, 'अरे वाह! जो बातें हम तुझे न समझा सके। वह एक कहानी ने समझा दीं। लाओ, यह पत्रिका मुझे दे दो। मैं भी यह कहानी पढ़ूंगी।' 'मम्मी यही नहीं, आप बाकी कहानियां भी पढ़ना और रोज मुझे एक-एक कर सुनाना। आप खूब कहानियां पढ़ा करें। मुझे सुनाया और समझाया करें। मैं खुद पढ़ता हूं तो बहुत से कठिन शब्दों के अर्थ समझ में नहीं आते और मैं कहानी बीच में ही छोड़ देता हूं।' मोनू एक सांस में यह सब कह गया। पापा जल्दी से कमरे के अंदर जाकर बाहर आते हुए बोले, 'अरे, जब इतना सब हो ही गया है तो फिर मोनू का गिफ्ट भी आपको दिखा ही देते हैं। देखो, यह तस्वीर मोनू ने बनाई है, इसे अपनी ही पॉकेट मनी से फ्रेम कराने के लिए मुझसे कहा था।'

मम्मी ने लपक कर वह तस्वीर पापा के हाथों से ले ली। मोनू ने मम्मी का प्यारा-सा चित्र बनाया था। नीचे लिखा था, 'मेरी प्यारी मम्मी, हैप्पी-मदर्स-डे। अब मैं आगे से आपकी हर बात मानूंगा, प्रॉमिस।'

मम्मी ने तस्वीर को सीने से लगा लिया और आंखों की गीली हो चुकी कोरों को पोंछने लगीं। *

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



## मम्मी का गिफ्ट

है मदर्स-डे आने वाला,
मम्मी को क्या दें उपहार!
बहन और भाई मिल बैठे,
दोनों करने लगे विचार।
गुल्लक, पॉकेटमनी मिलाकर,
रुपए जुड़े तीन सौ चार।
इतने में क्या चीज मिलेगी,
महंगा है सारा बाजार।
छोड़ो, सरप्राइज क्या देना,
हुए एकमत और तैयार।
चलो चलें, मम्मी से पूछें,
गिफ्ट उन्हें क्या दें इस बार!
मम्मी सुनकर हंसीं जोर से,
गिफ्ट तुम्हारा रहा उधार।
ओ मेरी आंखों के तारों,
तुम ही तो मेरा उपहार।
यह ही सुंदर गिफ्ट तुम्हारा
अपनी मां से सच्चा प्यार।
पढ़ो, बढ़ो, खुश रहो लाडलो
जग-मग कर दो यह संसार।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए एक समान दिखने वाले दो चित्रों में मम्मी अपनी प्यारी बिटिया के पास इस इंतजार में बैठी है कि वह गहरी नींद में सो जाए। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, पांच मिनट में फटाफट अंतर खोजो।



उत्तर : 1.बाईं तरफ फ्लावर-पॉट में लगे प्लांट में एक ब्रांच ज्यादा दिख रही है। 2.विंडो से बाहर आकाश में स्टार्स के साथ-साथ मून भी दिख रहा है। 3.पलंग के नीचे, मम्मी के पैर के पास एक कैट बैठी हुई है। 4.बुक-शेल्फ के ऊपर एक पॉट में प्लांट लगा हुआ है। 5.बुक-शेल्फ में रखे फोटो फ्रेम में फोटो भी लगी हुई है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां मदर्स-डे से रिलेटेड एक अधूरा चित्र और उसके बगल में कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर : A-4, B-1, C-2, D-3




# अपने पहले ही सीजन में चमके ये आठ खिलाड़ी, इनमें से दो की उम्र 18 से भी कम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईपीएल 2025 में अब तक 54 मैच खेले जा चुके हैं। धीरे-धीरे यह लीग अपने अंजाम तक पहुंचने जा रही है। इस सीजन कई ऐसे खिलाड़ी मिले, जिन्होंने अपने पहली ही सीजन में मिले मौके को पूरी तरह भुनाया। इनमें से कुछ ने शतक लगाकर तहलका मचा दिया। वहीं, कुछ ने गेंदबाजी में अपनी धाक जमाई। इस लिस्ट में आठ खिलाड़ी हैं, जिनमें से चार बल्लेबाज और तीन गेंदबाज हैं, एक गेंदबाजी ऑलराउंडर है। लिस्ट में दो की उम्र 18 साल से भी कम है, जबकि दो की उम्र 25 साल है और बाकी की उम्र 18 से 25 साल के बीच में है। हालांकि, कुछ ऐसे खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने एक या दो मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और फिर बेंच पर बैठा दिए गए। आइए इन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं...



### प्रियांश आर्या

दिल्ली प्रीमियर लीग में अपनी धाक जमाने के बाद इस खिलाड़ी को आईपीएल नीलामी में पंजाब किंग्स ने काफी उम्मीदों के साथ खरीदा। प्रियांश पंजाब की उम्मीदों पर खरे उतरे। उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस बल्लेबाजी ने अब तक इस लीग में 11 पारियों में 347 रन बनाए हैं। इसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल है। दिल्ली प्रीमियर लीग में प्रियांश ने एक ओवर में लगातार छह गेंद पर छह छक्के जड़े थे।

### आयुष म्हात्रे

इस 17 साल के युवा बल्लेबाज ने अपनी बल्लेबाजी से तहलका मचा दिया है। आयुष को नीलामी में किसी ने नहीं खरीदा था। बीच सीजन में वह रिप्लेसमेंट के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से जुड़े और अपनी हिटिंग पावर से उन्होंने लोगों को दीवाना बना दिया है। आयुष ने अब तक लीग में चार पारियों में 163 रन बनाए हैं। इनमें एक अर्धशतक शामिल है। उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 94 रन की पारी में जो शॉट्स लगाए वह देखने लायक थे।

### अनिकेत वर्मा

सिर्फ 23 साल के इस युवा बल्लेबाज अनिकेत शर्मा को सनराइजर्स हैदराबाद ने मध्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने अब तक नौ पारियों में 24.12 की औसत और 144.11 के स्ट्राइक रेट से 193 रन बनाए हैं। दिल्ली के खिलाफ 74 रन की पारी उनकी अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी रही है। हालांकि, उनकी टीम का प्रदर्शन इस साल बेहद खराब रहा।



### वैभव सूर्यवंशी

केवल 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने नीलामी में बिकते ही नाम कमा लिया था। उन्हें राजस्थान ने 1.1 करोड़ रुपये के भारी भरकम राशि में खरीदा था। हालांकि, गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद पर शतक जड़कर अपने दम पर राजस्थान को जीत दिलाई थी। इस बल्लेबाज ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत ही छक्का लगाकर की थी। वैभव ने अब तक इस सीजन पांच पारियों में 155 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक शामिल है।

### दिग्वेश राठी

इस 25 साल के स्पिनर दिग्वेश राठी ने कमाल की गेंदबाजी की है। अपनी मिस्ट्री गेंदों की वजह से यह गेंदबाज पावरप्ले, मध्य के ओवरों या फिर डेथ ओवरों में भी घातक साबित हुआ है। दिग्वेश ने अब तक इस सीजन 11 मैचों में 12 विकेट लिए हैं। 30 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी रही है।

### विपराज निगम

दिल्ली कैपिटल्स के लिए विपराज एक बेहद शानदार ऑलराउंडर बनकर उभरे हैं। 20 साल के विपराज ने अब तक इस सीजन 10 मैचों में नौ विकेट लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 9.48 का रहा है। 18 रन देकर दो विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। उन्होंने छह पारियों में बल्लेबाजी की है और 104 रन बनाए हैं। विपराज यूपी से हैं और उत्तर प्रदेश प्रीमियर लीग में भी उन्होंने कमाल किया था।

### अश्विनी कुमार

मुंबई इंडियंस के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अश्विनी कुमार ने अपने डेब्यू मैच में ही तहलका मचा दिया था। डेब्यू मैच पर 23 साल के अश्विनी ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 24 रन देकर चार विकेट लिए थे। हालांकि, उनके लिए अगले दो मैच उम्मीद के मुताबिक नहीं गए और एक-एक विकेट लिए। साथ ही बुमराह की वापसी की वजह से अश्विनी को बेंच पर बैठना पड़ा।

### विग्नेश पुथुर

अश्विनी की तरह पुथुर भी बस एक-दो मैच में चले। हालांकि, अपने डेब्यू पर इस बाएं हाथ के स्पिनर ने पांच मैच खेले और छह विकेट लिए। 32 रन देकर तीन विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा। हालांकि, पांच मैच के बाद उन्हें मौका नहीं मिला और वह चोटिल होकर इस सीजन से बाहर हो चुके हैं।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 11 | 8 | 3 | 16 |
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 12 | 7 | 5 | 14 |
| दिल्ली | 11 | 6 | 4 | 13 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 7 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| चेन्नई | 12 | 3 | 9 | 6 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



सूर्य कुमार — 510 रन — मुंबई



प्रसिद्ध कृष्णा — 20 विकेट — गुजरात

## खबर संक्षेप

### खेलो इंडिया युवा खेलों में ई-स्पोर्टस का पदार्पण

**पटना।** ई स्पोर्टस ने खेलो इंडिया युवा खेलों में नुमाइशी खेल के रूप में पदार्पण किया और मेजबान बिहार ने विभिन्न स्पर्धाओं में शीर्ष तीन में जगह बनाई। इस नुमाइशी खेल में आठ राज्यों ने भाग लिया जिसमें बीजीएमआई, शतरंज, स्ट्रीट फाइटर 6 और ई फुटबॉल की स्पर्धायें हुई। सभी वर्गों में बीजीएमआई भारत में सबसे लोकप्रिय ई खेल है। हर प्रदेश की 16 टीमों ने लिया हिस्साहर प्रदेश की 16 टीमों ने इसमें भाग लिया। बिहार की ए और बी टीम पहले और तीसरे स्थान पर रही जबकि तमिलनाडु ए टीम दूसरे स्थान पर रही।

### उजबेकिस्तान से दो दोस्ताना मैच खेलेगी भारतीय महिला टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला फुटबॉल टीम मई जून के विंडो में उजबेकिस्तान के खिलाफ दो फीफा अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उजबेकिस्तान के खिलाफ दो मैच 30 मई और तीन जून को बेंगलुरू के पादुकोण द्रविड़ खेल उत्कृष्टता केंद्र पर खेल जायेंगे। क्रिस्पिन छेत्री की कोचिंग वाली भारतीय टीम एएफसी महिला एशियाई कप 2026 क्वालीफायर्स की तैयारी कर रही है जिसके लिये शिविर बेंगलुरू में एक मई से शुरू हुआ। भारत को ग्रुप बी में रखा गया है जिसमें उसे मंगोलिनया (23 जून), तिमोर लेस्ते (29 जून), इराक (दो जुलाई) और थाईलैंड (पांच जुलाई) के साथ रखा गया है।



### वरुण पर लगा जुर्माना कटा एक अंक

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर बुधवार को ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए जुर्माना और एक डिमेरिट अंक का दंड दिया गया है। आईपीएल के एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि, चक्रवर्ती ने आईपीएल नियम के अनुच्छेद 2.5 के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया है। यह अनुच्छेद ऐसी भाषा, व्यवहार या हाव-भाव से संबंधित है, जो किसी खिलाड़ी को भड़काने या अपमानित करने का कारण बन सकता है।

## मैच आज 7.30 बजे से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा

# लखनऊ और आरसीबी के बीच भिड़ंत आज, दोनों टीमों के सामने बड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 59वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से आज शुक्रवार 9 मई को होगा। लखनऊ ने अपने 11 में से 5 मैच जीते हुए हैं। उसे प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए ये मुकाबला हर हाल में जीतना होगा।

अपने 11 में से 8 मैच जीत चुकी आरसीबी के लिए भी यह मुकाबला काफी अहम है। ऋषभ पंत की कप्तानी में एलएसजी ने 5 मैच जीते हैं। रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी को 8 मैच में जीत मिली है। प्लेऑफ की दौड़ को देखते हुए एक रोमांचक मैच होने की उम्मीद है। यह मुकाबला शाम 7.30 बजे से लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा।

### बराबरी का रहा है मुकाबला

रायल चेलैंजर्स बेंगलुरू और लखनऊ जायंट्स के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 5 मुकाबले खेले गए हैं। 3 मैच में आरसीबी को जीत मिली है और 2 मैच लखनऊ ने अपने नाम किए हैं। इस संस्करण दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल 2024 में दोनों टीम सिर्फ 1 मैच में भिड़ी थी। उस मैच को एलएसजी ने 28 रन से अपने नाम किया था। आईपीएल 2023 में दोनों टीमों ने 1-1 मैच अपने नाम किया था।



### इकाना में दोनों टीमों के आंकड़े

इकाना स्टेडियम में लखनऊ ने अब तक 19 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से 9 मैच में उन्हें जीत और 9 मैच में हार का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा 1 मैच बेनतीजा रहा है। इस मैदान पर लखनऊ का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 203 रन रहा है। आरसीबी ने इस मैदान पर सिर्फ 1 मुकाबला खेला है। उस मुकाबले में टीम को जीत मिली थी। ऐसे में एलएसजी अपने घरेलू मैदान पर पहली बार आरसीबी को हराना चाहेगी।




### कैसा है पिच का मिजाज?

इस स्टेडियम की पिच का निर्माण काली मिट्टी से किया गया है। इस पर स्पिन गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है। इस सीजन में अब तक यहां 4 मैच हुए हैं, जिसमें केवल 1 पारी में टीम ने 200 रन का आंकड़ा पार किया है। यहां शुरुआत में तेज गेंदबाजों को भी मदद मिलती है, लेकिन समय निकलने के साथ-साथ स्पिनर्स हावी होने लगते हैं। इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 168 रन है।

राजस्थान रॉयल्स को झटका

## राणा-संदीप हुए चोटिल, इनकी जगह खेलेंगे लुआन और बर्गर

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 राजस्थान रॉयल्स के लिए अच्छा नहीं जा रहा है। पहले बल्लेबाज नितीश राणा चोटिल होने के कारण आईपीएल 2025 से बाहर हो गए, अब तेज गेंदबाज संदीप शर्मा भी बचे हुए मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज नंद्रे बर्गर को 3.5 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया गया है। संदीप उंगली में लगी चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हुए हैं। राणा की जगह दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रेटोरियस को टीम में जगह दी गई है।



### बर्गर के आंकड़ों पर एक नजर

बर्गर ने 69 टी-20 मुकाबलों की 67 पारियों में 23.44 की औसत से 77 विकेट लिए हैं। उनकी इकॉनमी 7.73 की रही है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/11 का है। आईपीएल में इस खिलाड़ी ने 6 मुकाबले खेले हैं। इसकी 5 पारियों में 20.71 की औसत से 7 विकेट लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2/29 का रहा है। आईपीएल 2024 में यह खिलाड़ी आरआर की टीम का ही हिस्सा था। दक्षिण अफ्रीका के लिए बर्गर ने 2 टी-20 मुकाबले खेले हैं।

### नितीश राणा की जगह खेलेंगे लुआन

राजस्थान रॉयल्स टीम के प्रमुख बल्लेबाज नितीश राणा चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह दक्षिण अफ्रीका के लुआन-ड्रे प्रेटोरियस को टीम में मौका मिला है। उन्हें आरआर की टीम ने 30 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा है। इस संस्करण आरआर का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है।

## रोहित का फैसला निजी, बोर्ड की कोई भूमिका नहीं : राजीव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि रोहित शर्मा का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेना एक निजी फैसला है। बीसीसीआई ने उन पर ऐसा करने के लिए कोई दबाव नहीं डाला था। रोहित ने 20 जून से इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले बुधवार को संन्यास की घोषणा की। शुक्ला ने कहा जहां तक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का सवाल है तो रोहित ने अपना फैसला खुद किया है। उन्होंने कहा, ''हमारी नीति है कि जो खिलाड़ी संन्यास का फैसला लेते हैं, हम उन पर कोई दबाव नहीं डालते और हम उन्हें कुछ सुझाव भी नहीं देते हैं, हम कुछ नहीं कहते हैं।

### अहमदाबाद में होगा पंजाब-मुंबई का मुकाबला

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से बुधवार तड़के पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' का असर अब इंडियन प्रीमियर लीग पर भी पड़ गया है। इस ऑपरेशन के बाद सरकार ने चंडीगढ़ सहित कई हवाई अड्डों को बंद कर दिया है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 11 मई को धर्मशाला में पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेले जाने वाले मुकाबले में अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया है। समाचार एजेंसी के अनुसार, गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिल पटेल ने बताया कि 11 मई को मुंबई इंडियंस बनाम पंजाब किंग्स के बीच होने वाला आईपीएल मुकाबला धर्मशाला से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया है।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल**

अनुलग्नक–I

खान–पान ईकाई निविदा क्र.E-Auction No. COM/WVM/E-auction/BSP/2025

वाटर वेंडिंग मशीन की ठेके के लिये क्लस्टर"सी–।।" (अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, अंबिकापुर) ई–नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही IREPS वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:–

| कैटेलॉग क्र. | श्रेणी | नीलामी आरंभ दिनांक / समय | लॉट क्रमांक | लॉट विवरण | अनुबंध अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| MSS-WVM-APR-May | विविधि–स्थैतिक–सेवाएं–वाटर वेंडिंग मशीन | 21-05-2025 10:00:00 | MSS-BSP-APR-WVM-89-25-1 विविधि–स्थैतिक–सेवाएं–वाटर वेंडिंग मशीन | 06 WVM स्थापना और संचालन बिलासपुर मंडल के क्लस्टर "सी–।।" में शामिल स्टेशन (अनुपपुर, शहडोल, उमरिया और अंबिकापुर) | 1826 दिन |

सीपीआर/10/FL/47 — मंडल वाणिज्य प्रबंधक, द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

**एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.**

LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD

एरिया ऑफिस आशा दिलपसंद इंपीरियल "अपर ग्राउंड फ्लोर", नगर निगम नं. 6/3 साउथ तुकोगंज, गली नं. 1, हाई कोर्ट की मुख्य सड़क, एमजी रोड, साउथ तुकोगंज, इंदौर (म.प्र.)
फोन 0731- 4235259 Mob: 9039059605, Website: www.lichousing.com

**मांग सूचना**

(वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और सिक्योरिटी इन्ट्रेस्टे एक्ट 2002 की प्रवर्तन की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग नोटिस) (1) क्रमांक (2) गृह ऋण खाता क्रमांक (3) ऋणी का नाम व पता (4) सम्पत्ति का पता (5) स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक (6) बकाया राशि क्र.

| क्र | गृह ऋण खाता क्रमांक | ऋणी का नाम व पता | सम्पत्ति का पता | स्वीकृत ऋण राशि एवं दिनांक | बकाया राशि ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| 1. | 120400026044<br>120400027780 | श्री परमजीत सिंह डांग सुश्री गुरप्रीत कौर बग्गा श्री कमलजीत सिंह डांग सुश्री बलवंत कौर मैसर्स संत एसोसिएट प्लॉट नं. 25/552, बाणसागर कॉलोनी, संतकृपा रोड, रीवा, म.प्र. | प्लॉट नंबर 363–डी, वार्ड नं. 04, योजना क्रमांक. 07, यातयात नगर, रीवा, तहसील हुजूर, रीवा, म.प्र. | 11/02/2021<br>3,17,00,000/-<br>30/03/2022<br>90,00,000/- | 4,09,60,113.61 + ब्याज व अन्य खर्चे |

आपके अनुरोध पर हमने आपको गृह ऋण वित्त राशि के रूप में इकरार नामे की शर्तों के अनुसार स्वीकृत की थी। जिनको आपने स्वीकार किया था। (1) स्वीकृत ऋण राशि स्वीकृति दिनांक एवं आपके खाता संख्या का ब्यौरा ऊपर दिया गया है। (2) आपको विदित है कि आपको प्रदत्त ऋण राशि उपरोक्त (कालम नं. 5) आस्ति। प्रतिभूति अनुबंध (रक्षित आस्ति) से रक्षित है। इसके लिए आपने आवश्यक दस्तावेज निष्पादन करके प्रतिभुति के रूप में सम्यबंधक किया है। (3) हम आपको यह भी सूचित करते है कि संपूर्ण ऋण अंदा करने हेतु बार – बार मांग नोटिस भेजे गए और मौखिक रूप से अनुरोध किए जाने के पश्चात भी अभी तक आपने ऋण अदा नहीं किया है। इस तरह आपने ऋण की अदायगी में गंभीर अनियमितता बरती है। (4) आज दिनांक तक आपको उपरोक्त राशि देय है (कालम नं. 6) 1 (5) ऊपर लिखे कारणों से हम एतद द्वारा आपको सूचित करते हैं कि इस नोटिस की प्राप्ति के 60 दिन के अंदर आप समस्त देय राशियों की भुगतान करें, न करने की स्थिति में हम सिक्योरिटाईजेशन एक्ट की धारा 13 (4) की शक्तियों का उपयोग करेंगे। (6) उपरोक्त शक्तियों के अधीन कार्यवाही करने पर प्राप्त धनराशि प्रथमतः समस्त व्यय प्रभार व खर्चे हेतु उपयोग की जावेगी। जो हमारी राय में उचित प्रकार से किए गए है या संबंधित हो एवं इसके पश्चात हमारे शेष जैसा कि उपरोक्त अदित है में दिनांक **31.05.2025** से वसूली की तारीख की संविदा गत हित के निस्तारण में प्रयोग की जावेगी एवं शेष धनराशि (यदि कोई हो तो) आपको भुगतान दिया जायेगा। (7) एक्ट की धारा 13 (13) के अन्तर्गत आगाह करे कि इस नोटिस की प्राप्त के पश्चात आप इस नोटिस के दर्शायी गई किसी भी रक्षित आस्ति का अन्तरण, बिक्री पट्टे के द्वारा रक्षित ऋण दाता की लिखित पूर्ण सहमति के बिना नहीं कर सकेंगे। (8) एक्ट की धारा 13 (10) के अन्तर्गत हम आपको यह भी सूचित करते है कि यदि रक्षित आस्तियों बिक्री से प्राप्त हमारे ऋण की भरपाई नहीं होती है तो हम आपके विरूद्ध ऋण वसूली अधिकरण (DRT) में जाकर शेष धन राशि की वसूली के लिए कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। यह मांग नोटिस दो समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा रहा है।

आज्ञा से
प्राधिकृत अधिकारी
एलआईसी हाऊसिंग फायनेंस लि.

दिनांक : 09.05.2025
स्थान : इंदौर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**

N.IT. NO..../PWD/2025-26/12/243/E-tendring/PRO 109 — Dated- 06.05.2025

**प्रथम निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर कमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_421533_1 | पं. लोकमान्य बालगंगाधर तिलक वार्ड अंतर्गत श्री युनुश के निवास से मुन्ना भाई (दूध वाले) तक सीमेन्टीकरण कार्य। | 03 माह<br>4.07 लाख | 2000/-<br>4079/- | 26.05.2025 |
| 2. | 2025_UAD_421533_2 | पं. लोकमान्य बालगंगाधर तिलक वार्ड अंतर्गत गुरंदी स्थित प्रदीप सोनकर के निवास के पास जर्जर पड़ी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 03 माह<br>2.61 लाख | 2000/-<br>2615/- | 26.05.2025 |
| 3. | 2025_UAD_421533_3 | पं. मदन मोहन मालवीय वार्ड अंतर्गत आठ नल के सामने प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य। | 03 माह<br>3.84 लाख | 2000/-<br>3841/- | 26.05.2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशनकी वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् धनपुरी जिला-शहडोल म.प्र.**

क्रमांक / न.पा./भण्डार/2025-2026/287 — धनपुरी दिनांक :- 07/05/2025

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक एवं टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 261-DATE-05.05.2025<br>2025 _UAD_421455_1 | Construction of CC Road at ward no 01 adarsh colony rohini pandey house to sahu house. | 45 दिवस<br>12.90 लाख | 2000/-<br>एवं 9700 /- | 06-06-2024<br>05:30 PM |
| 2. | 260-DATE-05.05.2024<br>2025 _UAD_421454_1 | Construction of RCC Covered Drain at ward no 01 tahseel colony ricky dua house to shiv mandir. | 45 दिवस<br>06.77 लाख | 2000/-<br>एवं 6770 /- | 20-05-2025<br>05:30 PM |
| 3. | 259-DATE-05.05.2024<br>2025 _UAD_421453_1 | Construction of CC Road at ward no 01 father vargis house to Gopalpur road. | 45 दिवस<br>4.13 लाख | 2000/-<br>एवं 4130 /- | 20-05-2025<br>05:30 PM |
| 4. | 258-DATE-05.05.2024<br>20252 _UAD_421452_1 | Construction of CC Road and RCC Drain at ward no 01 near Suneel singh house. | 45 दिवस<br>4.81 लाख | 2000/-<br>एवं 4810 /- | 20-05-2025<br>05:30 PM |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् धनपुरी
जिला- शहडोल म.प्र.

**कार्यालय वनमण्डल अधिकारी, वनमण्डल सा. दमोह (म.प्र.)**

कमला नेहरू कॉलेज के पास, सिविल वार्ड नं. 4 दमोह जिला दमोह पिन - 470661
E-mail - dfotdmoh@mp.gov.in, Phone- 07812-222541, 9424793705

क्रमांक/भण्डार/2563 — दमोह, दिनांक 02/05/2025

**ई-निविदा सूचना**

वनमंडल दमोह अन्तर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2025-26 वनमंडल दमोह अन्तर्गत विभिन्न परिक्षेत्रों में वन एवं वन्यप्राणियों की सुरक्षा एवं वानिकी कार्य हेतु भवन निर्माण सामग्री प्रदाय करने हेतु मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित निमार्ताओं/ अधिकृत संस्थाओं / फर्मो से ऑनलाईन ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज / प्रपत्र व नियम शर्ते बेवसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखे जा जा सकते है। निविदा प्रपत्र मूल्य रू. 5000/- (पांच हजार रुपए) ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड / इंटरनेट बैंकिग / यूपीआई के माध्यम से भुगतान कर बेवसाइट https://mptenders.gov.in/ से क्रय किये जा सकेगें।

| स.क्र. | ई-निविदा प्रक्रिया | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन फार्म क्रय करना प्रारंभ दिनांक व समय | निविदा प्रकाशन दिनांक से | 10:30 AM |
| 2 | ई-निविदा जमा करना प्रारंभ दिनांक व समय | 07.05.2025 | 11:30 AM |
| 3 | ई-निविदा जमा करना अंतिम दिनांक व समय | 29.05.2025 | 02:00 PM |
| 4 | ई-निविदा खुलने का दिनांक व समय | 30.05.2025 | 03:00 PM |

प्रथम निविदा स्वीकृत नहीं होने पर द्वितीय निविदा दिनांक 05.06.2025 / तृतीय निविदा 14.06.2025 तक आमंत्रित की जा सकेगी, जिसकी विस्तृत जानकारी बेवसाइट https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है

(ईश्वर जरांड भा.व.से.)
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल (सा.) दमोह

G12506/25 — "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

# प्राचार्य और सरपंच रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए

## बरगी और मझौली की ग्राम पंचायत डूंडी में लोकायुक्त की कार्रवाई

हरिभूमि, जबलपुर।

लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने शासकीय हाई स्कूल मोहास बरगी के संकुल प्राचार्य को एक शिक्षक से रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा, इसी प्रकार मझौली ग्राम पंचायत डूंडी के सरपंच को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। प्राचार्य ने प्राथमिक शिक्षक से क्रमोन्नति की फाइल को आगे बढ़ाने के नाम पर 5 हजार रुपए की घूस मांगी थी। सरपंच द्वारा विधवा पेशन व राशन पर्ची बनाने के लिए रिश्वत ली थी। लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक शाला चूल्हाघाटी बरगी जबलपुर में पदस्थ शिक्षक मदन सिंह पंद्रो ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त जबलपुर को एक लिखित शिकायत दी थी। जिसमें आवेदक द्वारा बताया गया था कि उसकी शैक्षणिक सेवा के 12 वर्ष पूर्ण करने के उपरांत मिलने वाली क्रमोन्नति की फाइल को अग्रेषित करने के बदले में संकुल प्राचार्य जिनेश कुमार जैन द्वारा 5 हजार रुपए रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत सत्यापन उपरांत गुरूवार 8 मई को सगड़ा चौराहा शास्त्री नगर में रंगे हाथों प्राचार्य जिनेश कुमार जैन को 4 हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा गया।ट्रेप दल में निरीक्षक श्रीमती रेखा प्रजापति, निरीक्षक नरेश बेहरा, निरीक्षक कमल सिंह उईके, एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।





### सरपंच रिश्वत लेते पकड़ाया

इसी प्रकार मझौली के ग्राम पंचायत डूंडी के सरपंच गोपीचंद कोल को लोकायुक्त टीम ने दस हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा है। इस संबंध में लोकायुक्त एसपी संजय साहू ने बताया कि ग्राम डूडी मझौली निवासी धनिया बाई पटेल के पति कैलाश पटेल उम्र 36 वर्ष का दो साल पहले निधन हो गया था। संबल योजना के तहत धनिया बाई के एकाउंट में दो लाख रुपए आए थे। ग्राम डूडी का सरपंच गोपीचंद पिता सोनेलाल कोल उम्र 44 वर्ष द्वारा विधवा पेंशन व राशन पर्ची बनाने के एवज में 35 हजार रुपए की मांग की जा रही थी। महिला धनियाबाई पटेल ने इस बात की शिकायत लोकायुक्त आफिस पहुंचकर एसपी से की। इसके बाद गुरुवार को दस हजार रुपए रिश्वत की पहली किश्त लेकर धनिया बाई पटेल पहुंची और केनरा बैंक के सामने ग्राम धनगवां में सरपंच गोपीचंद कोल को दी। तभी लोकायुक्त टीम में डीएसपी नीतू त्रिपाठी, इंस्पेक्टर शशिकला मस्कुले, जितेन्द्र यादव सहित अन्य सदस्यों ने दबिश देकर सरपंच गोपीचंद कोल को रेगे हाथ पकड़ लिया। लोकायुक्त टीम के हत्थे चढ़ते ही सरपंच ने रिश्वत के रुपए फेंके और विवाद करने लगा। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम1988 (संशोधन)2018 की धारा-7, 13(1)बी, 13(2) के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

### अपार्टमेंट की गैलरी में बैठकर ऑनलाईन सट्टा खिलाते 5 सटोरिए अंदर

**जबलपुर।** गौरीघाट पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने वीएमडब्ल्यू आफिस के सामने स्थित अपार्टमेंट के फ्लेट नम्बर 604 की गैलरी में आनलाईन क्रिकेट का सट्टा खिलाते हुए पांच सटोरिए को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एलसीडी टीव्ही, 12 मोबाइल, 2 लैपटॉप, 9 डेविड कार्ड आदि जब्त किए है।गौरीघाट पुलिस थाना प्रभारी सुभाषचंद्र बघेल ने बताया कि गत रात क्राईम ब्रांच और गौरीघाट पुलिस ने वीएमडब्ल्यू आफिस के सामने स्थित अपार्टमेंट के फ्लेट नंबर 604 की गैलरी में मोबाइल, लैपटॉप में आनलाईन क्रिकेट मैच का सट्टा खिलाते लक्की सिंह, मनोज कुमार रेड्डी, प्रिंस जायसवाल, शहीद भगवत सिंह, जगप्रीत उर्फ जस्सी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के कब्जे से 1 टीव्ही , 2 लैपटॉप (लेनेवो एवं वन प्लस कम्पनी), विभिन्न कम्पनियों के 12 मोबाइल, 9 डेबिड कार्ड, 2 मोडेम, 1 हेड फोन, 1 राउटर, 3 सिम कार्ड, 1 पावर बैंक जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट तथा 112(2) बीएनएस एवं 66 सी सूचना प्रौद्योगिकी



## परिजनों के साथ नहाने पहुंचा बालक सरस्वती घाट में डूबा

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत सरस्वतीघाट में परिजनों के साथ नहाने गए 15 साल का बालक नहाते समय पानी के तेज बहाव में बह गया। घटना के वक्त मौजूद घाट में नहा रहे लोगों व स्थानीय गोताखोरों ने बच्चें को बचाने का प्रयास किया, लेकिन देखते देखते ही बालक पानी में समा गया। घटना की सूचना मिलने पर भेड़ाघाट पुलिस मौके पर पहुंची, यह समाचार लिखे जाने तक गोताखोर नदी में डूबे बालक की तलाश करते रहे। बालक गोराबाजार कजरवारा का निवासी बताया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कजरवारा निवासी पप्पू चौधरी का 15 वर्षीय विशाल चौधरी अपने परिजनों के साथ गत सुबह सरस्वती घाट नहाने पहुंचा था। परिजनों के साथ विशाल भी नदी में नहाने के लिए चला गया। इस दौरान वह तेज बहाव में बह गया। मौके पर मौजूद लोगों व गोताखोरों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मिला। गुरुवार की सुबह से होमगार्ड के गोताखोरों को लगाकर तलाश कराई जा रही है।

# राजमार्ग निर्माण से प्रभावित भूमि का मुआवजा भुगतान करें

## हाईकोर्ट ने एनएचएआई को अभ्यावेदन का निराकरण करने के दिये निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को निर्देश दिया कि दो माह के भीतर अभ्यावेदन का निराकरण कर मुआवजा भुगतान सुनिश्चित किया जाए। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने कहा कि ऐसा न किए जाने पर अवमानना की कार्रवाई से इनकार नहीं किया जा सकता। मामला कटनी में राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में भूमि प्रभावित होने का है।



कटनी निवासी आशीष गुप्ता, रीना जायसवाल व कैलाश कुमार जायसवाल की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह व पद्मावती जायसवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राष्ट्रीय राजमार्ग-78 की निर्माण प्रक्रिया में याचिकाकर्ताओं की भूमि प्रभावित हो रही है। इसके बावजूद विभाग ने किसी तरह की जानकारी नहीं दी। पूर्व नोटिस आदि देने की जहमत तक नहीं उठाई गई। जब याचिकाकर्ताओं ने अपनी भूमि का सीमांकन कराया, तब जानकारी मिली। इसी के साथ वे अभ्यावेदन देकर मुआवजे की मांग करने लगे। जब कोई नतीजा नहीं निकला तो हाई कोर्ट चले आए। हाईकोर्ट ने तर्क से सहमत होकर राहतकारी आदेश पारित कर दिया।

## बिना टिकट यात्रियों से रेलवे ने वसूला 4.52 करोड़ राजस्व

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाड़ियों में चलाये जा रहे सघन टिकिट जाँच अभियान में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है जिसके तहत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम माह (1अप्रैल से 30 अप्रैल 2025) तक मंडल के टिकिट जांच अभियान ने रिकार्ड 4.52 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्रित किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के मार्गदर्शन एवं शशांक गुप्ता के नेतृत्व पर जबलपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह , धर्मेंद्र कुमार सिंह की टीम के द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में चलाए गए विभिन्न जांच अभियानों के अंतर्गत तथा नियमित टिकट जांच के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा बिना टिकट/अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन जांच की गई। जाँच के दौरान चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम माह में बिना टिकट यात्रा के 32 हजार 608 मामले पकड़े गए, जिनसे रेलवे को रुपये 2.86 करोड़ का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इसी तरह निम्न दर्जे की टिकिट पर उच्च दर्जे में यात्रा करते हुए 28 हजार 196 यात्री पकड़े गए, जिनसे रेलवे को रुपये 1.65 करोड़ का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार यात्रा में निर्धारित मानक से अधिक भार के लगेज को लेकर यात्रा करने के 1201 मामले पकड़े गए, जिनसे रुपये 1.92 लाख का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

# महिला सहित 4 तस्करों से मिला 13 किलो गांजा

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच एवं गोराबाजार पुलिस ने खलका टोला के पास गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे एक महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13 किलो 210 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत लगभग 2 लाख 65 हजार रुपए बताई गई है। गोराबाजार पुलिस थाना प्रभारी रमन सिंह मरकाम ने बताया कि गत दिवस क्राईम ब्रांच और गोराबाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खलका टोला शनि मंदिर के पास गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इतंजार कर रहे वार्ड नंबर 7 बरेला निवासी 35 वर्षीय राधा सोनकर, थाना के पीछे बरेला निवासी 39 वर्षीय गोलू सोनकर, परसोरा भानगढ़ जिला सागर निवासी 24 वर्षीय सौरभ लोधी तथा रामगोपालजी वार्ड हटा जिला दमोह निवासी 27 वर्षीय महेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 13 किलो 210 ग्राम गांजा एवं 3 एण्ड्रायड मोबाइल जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।






हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240